निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



भोपाल के भारत भवन में छऊ नृत्य पेश करते सरायकेला के कलाकार

• बोकारो, मंगलवार 20 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 244 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन निर्विरोध चुने गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। चुनाव के लिए नितिन नबीन ने नामांकन कर दिया है। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताते हुए पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट, इस चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए पार्टी नेता के लक्ष्मण को सौंपे। जानकारी के मुताबिक नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए। पार्टी सूत्रों के अनुसार नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने की संभावना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं। बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नबीन को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना तय है। वे कल सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे। बता दें कि नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था। हाल ही में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

## सड़क हादसे में दो की मौत, छह घायल

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** रनिया थाना क्षेत्र के सौदे-निराशिंग गांव के पास सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान राइसम गांव निवासी मंगल बडिंग (45 वर्ष) और गुस्सलु बडिंग (60 वर्ष) के रूप में की गयी है। वहीं, हादसे में छह लोग घायल हो गये। घायलों में बिरसु चिक बड़ाईक, चोयता बडिंग, तिलिंगा बडिंग, लोड़गो बडिंग, बुधवा बडिंग और लेचा बडिंग शामिल हैं। सभी राइसम गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार राइसम गांव निवासी लोड़गो बडिंग के अबुआ आवास निर्माण के लिए बघीया बीचाटोली से ट्रैक्टर में लकड़ी लाद कर गांव ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में सौदे-निराशिंग गांव के समीप ढलान पर पहुंचते ही ट्रैक्टर का ब्रेक फ़ेल हो गया। ट्रैक्टर का ब्रेक फ़ेल होने के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर पलट गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और राहत-बचाव में सहयोग किया। राहत कार्य जल्दी शुरू करने के बाद भी मंगल और गुस्सलु बडिंग की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं घायलों को ग्रामीणों की मदद से तत्काल रनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

## ड्यूटी के दौरान सोते मिले दो एएसआइ समेत पांच जवान निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में घट रहे आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम व पुलिस की रात्रि गश्ती का बीती रात जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। देर रात शहरी क्षेत्र में निकले एसएसपी ने कई पुलिस वालों पर गाज गिरा दी। जिससे पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एसएसपी सबसे पहले मरीन ड्राइव, स्टेशन चौक, जुगसलाई में सोते हुए मिले पीसीआर वैन के पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया, जबकि एक होमगार्ड चालक को विभाग से ही क्लोज कर दिया। एसएसपी के इस निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर पुलिसकर्मियों की गंभीर लापरवाही सामने आई, जिससे एसएसपी काफी गुस्से में नजर आए। उन्होंने पाया कि मरीन ड्राइव पर तैनात पीसीआर 11 में पदस्थापित एएसआई रौशन गुड़िया, हवलदार नंद लाल मुंडा एवं चालक हरेंद्र कुमार को वाहन खड़ा कर सोते हुए पाए। वहीं, स्टेशन चौक पर पीसीआर 9 में तैनात एएसआई संजय इंदुवार भी ड्यूटी के दौरान सोते पाए गए। इसके अलावा जुगसलाई थाना की गश्ती वाहन में तैनात दारोगा तिर्की और हवलदार कृष्णा रजक को भी सोते हुए पाए। ड्यूटी के दौरान इस तरह की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी पीयूष पांडेय ने सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करते हुए लाइन क्लोज कर दिया। वहीं होमगार्ड चालक हरेंद्र कुमार को भी विभाग से क्लोज कर दिया गया है। एसएसपी की इस सख्त कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। बता दें कि हाल के दिनों में शहर में रात को आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### दामाद ने चाकू से किया हमला, तीन जख्मी

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिराजपुर हरिजन टोला में पत्नी की विदाई से इनकार करने पर एक दामाद ने चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में ससुर, पत्नी और सरहज गंभीर रूप से घायल हो गए। डुमरी के नवाटांड़ थाना क्षेत्र के कुलगो गांव निवासी गोविंद रविदास अपनी पत्नी धनेश्वरी देवी की विदाई कराने ससुराल पहुंचा था। आरोप है कि गोविंद पूर्व में अपनी पत्नी के साथ मारपीट और प्रताड़ित करता था, जिसके कारण ससुराल पक्ष ने विदाई कराने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर आक्रोशित गोविंद रविदास ने चाकू से हमला कर दिया जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कार से खींचकर सब्जी विक्रेता को कुचला

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोमिया थाना क्षेत्र में रविवार की रात हाथी के हमले से एक सब्जी विक्रेता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गोमिया के केंडर अंतर्गत सिमराबेड़ा महतो टोला के पास मुख्य सड़क पर हुई। मृतक की पहचान चंद्र दांगी के रूप में हुई है। वह सिमराबेड़ा गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि चंद्र दांगी रोज की तरह सब्जी बेचकर रविवार रात अपनी कार से केंडर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे मौजूद हाथी के झुंड ने अचानक कार पर हमला कर दिया। पहले हाथी ने कार को क्षतिग्रस्त किया, फिर चंद्र दांगी को खींचकर बाहर निकाला और बेरहमी से कुचल दिया।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में युवक की गयी जान

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चितरपुर स्थित काली चौक पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे मनीष कुमार अग्रवाल (38) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके भाई आशीष अग्रवाल मामूली रूप से घायल हुए हैं। वे दोनों कपड़े का व्यापार करते थे। मनीष अग्रवाल रामगढ़ के निवासी थे।

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय बाइक सवार भागीरथ यादव की मौत हो गई। यह घटना कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा-जयनगर रोड पर पांडेडीह गांव के पास हुई। भागीरथ यादव मरकच्चो थानांतर्गत कोशडीहरा गांव का निवासी था। पांडेडीह के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई।

## कर्ज के दबाव में मां-बेटी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना इलाके के गादी श्रीरामपुर में मां और बेटी की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि दोनों ने घर के कमरे में ही आत्महत्या कर ली है। परिजन बता रहे हैं कि दोनों ने कर्ज के दबाव में जान दी है। मरने वाले में 36 वर्षीय पुतुल देवी और 16 वर्षीय बेटी स्नेहा कुमारी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के साथ थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना को लेकर पुतुल देवी के पति सोनू राम ने बताया कि उसकी पत्नी ने महिला समूह से पांच लाख का लोन लिया था। इस लोन की जानकारी घरवालों को भी नहीं दी गई। इस बीच फाइनेंस कंपनी के द्वारा ईएमआई का दबाव दिया जाने लगा तो उसकी पत्नी परेशान रहने लगी। परेशानी की वजह पूछने पर भी तकलीफ नहीं बताती थी। पति सोनू राम ने बताया कि अभी पूरी स्थिति को समझते उससे पहले ही सोमवार की सुबह दोनों ने आत्महत्या कर ली। बताया कि आत्महत्या की जानकारी तब लगी जब सुबह में देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खोला गया। सोनू राम ने कहा कि उसकी पत्नी और पुत्री ने लोन के ईएमआई के दबाव में ही जान दी है। वहीं घटना की सूचना पर जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू भी पहुंचे और विस्तृत जानकारी ली। दूसरी तरफ घटना की जानकारी पर पहुंचे एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने मृतकों के घरवालों से पूछताछ की। इस दौरान एसडीपीओ ने कहा कि घर में मां और बेटी के आत्महत्या का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि घर में और उनके तीन भाई और पति भी हैं। घटना किस वजह से हुई है। एसडीपीओ ने कहा कि मामला क्या है, इसकी गहनता से जांच कर रहे हैं।

## लातेहार बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई दस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसा घाटी में रविवार को हुई बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने इसकी पुष्टि की है। इनमें पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी जबकि पांच की मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतकों में चार महिलाएं और छह पुरुष शामिल हैं। लगभग 40 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है जबकि 35 से अधिक लोगों का इलाज महुआडांड़ में किया जा रहा है। सभी मृतक छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रहने वाले हैं। सभी लोग एक रिजर्व बस पर सवार होकर बलरामपुर से महुआडांड़ के लोध गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में आ रहे थे। इसी दौरान घाटी में ब्रेक फ़ेल हो जाने के कारण बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। सभी मृतकों की पहचान हो गई है। मृतकों में सीतापति देवी, प्रेमा देवी, सोनामती देवी, रेशन्ति चेरवा, सुखना भुइयां, विजय नगेसिया, लीलावती सोनवानी, रमेश मनिका, फगुआ राम और परशुराम सोनवानी शामिल हैं। इधर घटना के बाद छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के जनप्रतिनिधि भी महुआडांड़ पहुंचे। सरपंच संघ के अध्यक्ष संतोष इंजीनियर ने कहा कि जिस सड़क पर दुर्घटना हुई है उसके निर्माण में ही भारी टेक्निकल फॉल्ट है। उन्होंने कहा कि सड़क में किसी भी सूरत में 15 डिग्री से अधिक का ढलान नहीं होना चाहिए लेकिन यहां लगभग 30 डिग्री की ढलान है। इसी ढलान के कारण बस का ब्रेक फ़ेल हो गया और बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि एक साधारण व्यक्ति भी सड़क के इस टेक्निकल फॉल्ट को आसानी से पहचान ले रहा है। विभागीय अभियंताओं के द्वारा किस प्रकार यह अनुमान तैयार किया गया, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर भी इसी प्रकार का फॉल्ट सड़क निर्माण के दौरान किया गया है जिसके कारण भविष्य में भी दुर्घटना हो सकती है।

## बैंक मैनेजर के घर से 40 लाख के गहने व कैश ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में चोरी और सेंधमारी की घटनाएं लगातार हो रही है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे सुरक्षित माने जाने वाले अपार्टमेंट को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला रामगढ़ कॉलेज के समीप पंचवटी अपार्टमेंट के सी ब्लॉक का है। यहां पंजाब नेशनल बैंक गिद्दी शाखा के मैनेजर मनीष कुमार के आवास में लगभग 40 लाख रुपये की ज्वलेरी समेत कैश चोरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक गिद्दी के बैंक मैनेजर मनीष कुमार 16 जनवरी की शाम फ़्लैट बंद कर पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव छोटकाकाना गए हुए थे। जब रविवार 18 जनवरी की शाम करीब 5 बजे जब वे वापस लौटे तो देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है। जब फ्लैट के अंदर पहुंचे तो पता चला कि चोरों ने दो कमरों को निशाना बनाया था और लगभग 40 हजार रुपये कैश और करीब 35 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए।

## 61 दिनों बाद सुरक्षित लौटा कन्हैया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सक्रिय बच्चा चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ओरमांझी थाना क्षेत्र से 61 दिनों से लापता 12 वर्षीय कन्हैया कुमार को रांची पुलिस ने कोडरमा से सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चे की सुरक्षित वापसी से परिजनों ने राहत महसूस की है लेकिन यह घटना शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ाती है। जानकारी के अनुसार कन्हैया कुमार 22 नवंबर 2025 की शाम अपनी मां की फुचका दुकान से यह कहकर निकला था कि वह थोड़ी देर में लौट आएगा। उसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास के इलाकों में खोजबीन करने के साथ रिश्तेदारों व परिचितों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कन्हैया को कोडरमा में छिपाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोडरमा पुलिस के सहयोग से त्वरित छापामारी की और बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। इस कार्रवाई को पुलिस की सजगता और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। इससे पहले भी अंश और अंगिका जैसे मामलों में पुलिस बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचा चुकी है। गौरतलब है कि हाल ही में रांची पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ये आरोपी बच्चों को बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में बेचने का संगठित धंधा चला रहे थे। कन्हैया की बरामदगी को इसी कार्रवाई की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसी बीच एक और गंभीर मामला सामने आया है। हटिया थाना क्षेत्र का 16 वर्षीय अंकित मंडल 18 जनवरी से लापता है। वह डॉन बॉस्को स्कूल, हेसाग का मैट्रिक छात्र है। अंकित 18 जनवरी 2026 को अपराह्न 4:30 बजे अपने पिता की स्कूटी लेकर घर से निकला था। अंतिम बार वह अपने मित्र उत्कर्ष खलखो से मिला था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने एयरपोर्ट थाना में इसकी सूचना दी है और सोमवार को रांची एसएसपी कार्यालय में भी आवेदन सौंपा गया।

## अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन कल से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** देश में पहली बार आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शुद्ध मतदाता सूची विषय पर व्याख्यान देने वाले हैं। दरअसल नई दिल्ली में आगामी 21 से 23 जनवरी तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए झारखंड से भी शिष्टमंडल रवाना हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 'भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन' 2026, 21 जनवरी से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। यह सम्मेलन लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें दुनिया भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों, भारत में विदेशी मिशनों और चुनावी क्षेत्र के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेने जा रहे हैं। सम्मेलन को भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और 21 जनवरी, 2026 को उद्घाटन सत्र की कार्यवाही का शुभारंभ करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जा रहे झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार यह खुशी की बात है कि इस तरह का आयोजन देश में पहली बार हो रहा है, जिसमें चुनाव प्रबंधन पर चर्चा होगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में चुनाव प्रबंधन पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन में उद्घाटन सत्र, ईएमबी लीडर्स प्लेनरी, ईएमबी वर्किंग ग्रुप की बैठक शामिल हैं। इसके अलावा, वैश्विक चुनावी मुद्दों, मॉडल अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के नेतृत्व में और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से कुल 36 विषयों पर चर्चा होगी। इन चर्चाओं में 4 आइआइटी, 6 आइआइएम, 12 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और आईआईएमसी सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थान मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, दुनिया भर के ईएमबी के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए, उनके साथ 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठक करेगा। इस मौके पर चुनाव आयोग औपचारिक रूप से 'इसीनेट' भी लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सूचनाओं और सेवाओं के लिए इसीआइ का वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इस अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भारत में चुनाव कराने की विशालता और जटिलता के साथ-साथ मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव संचालन जैसे स्तंभों को मजबूत करने के लिए इसीआइ द्वारा उठाए गए कदमों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा दुनिया के सबसे बड़े चुनाव 'लोकसभा चुनाव 2024' के निर्माण पर प्रकाश डालने वाली डॉक्यू सीरीज 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आइआइसीडीइएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा।



# उरीमारी में बड़ी वारदात नाकाम: राहुल दुबे गैंग का फायरिंग प्लान फेल, महिला सहित दो गिरफ्तार, एके -47 व एसएलआर मैगजीन बरामद

**नवीन सिन्हा**




**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उरीमारी थाना क्षेत्र में राहुल दुबे गैंग द्वारा की जाने वाली फायरिंग की बड़ी साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। 18 जनवरी 2026 को एंटी क्राइम चेकिंग एवं छापामारी अभियान के दौरान गिरोह के एक सक्रिय सदस्य राजदीप कुमार साव तथा एक महिला सदस्य मुनिका कुमारी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार कोलियरी कंपनी द्वारा रंगदारी की रकम नहीं देने के कारण क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से राहुल दुबे एवं आशीष साय के निर्देश पर फायरिंग की योजना बनाई गई थी। इसी क्रम में गिरोह के सदस्य मोटरसाइकिल से उरीमारी पहुंचकर कोलियरी क्षेत्र में रेकी कर रहे थे और शाम होने का इंतजार करते हुए जंगल की ओर चले गए थे। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन के लिए गठित SIT टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एंटी क्राइम चेकिंग एवं छापामारी अभियान चलाया। अभियान के क्रम में रिलैक्स होटल के पास से उरीमारी ओपी क्षेत्र में राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य राजदीप कुमार साव को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक लोडेड पुलिस कार्बाइन, एक देशी पिस्टल तथा जिंदा गोलियां बरामद की गईं। कड़ी पूछताछ में राजदीप साव ने खुलासा किया कि गिरोह से जुड़े हथियार और मैगजीन केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदेगीर गांव में रहने वाली महिला सदस्य के घर में छुपाकर रखे गए हैं। इसके बाद SIT टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेंदेगीर गांव में छापामारी की। पुलिस को देखकर एक युवती घर से भागने का प्रयास करने लगी, जिसे महिला चौकीदार की मदद से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुनिका कुमारी बताया। घर की विधिवत तलाशी के दौरान बेडरूम में रखे आलमीरा से एक देशी लोडेड पिस्टल, मैगजीन में दो जिंदा राउंड, साथ ही AK-47 राइफल के चार खाली मैगजीन एवं SLR राइफल के छह खाली मैगजीन बरामद किए गए। इस मामले में बड़कागांव (उरीमारी ओपी) कांड संख्या 09/26, दिनांक 19.01.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**छापामारी दल में शामिल सभी थाना प्रभारी व अधिकारी**

पु.अ.नि. राणा भानु प्रताप सिंह झ थाना प्रभारी, गिद्दी थाना, हजारीबाग। पु.अ.नि. रघु उरीव - प्रभारी, उरीमारी ओपी, हजारीबाग। पु.अ.नि. विवेक कुमार-थाना प्रभारी, केरेडारी थाना, हजारीबाग। पु.नि. ललित कुमार- पुलिस निरीक्षक, बड़कागांव अंचल, हजारीबाग। श्री पवन कुमार-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग। तकनीकी शाखा/ नक्सल शाखा, हजारीबाग के पदाधिकारी एवं उरीमारी ओपी सशस्त्र बल।

# हत्या के विरोध में हजारीबाग डिस्ट्रिक बोर्ड चौक जाम, शव रखकर परिजनों का प्रदर्शन

**पुलिस पर लापरवाही का आरोप, अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** हत्या के आरोप को लेकर हजारीबाग के डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर सोमवार को आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृत युवक की पहचान बिट्टू कुमार, निवासी बेहरी, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रूप में की गई है। युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इसी के विरोध में और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर डिस्ट्रिक बोर्ड चौक को पूरी तरह जाम कर दिया गया। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर मुफ्फसिल थाना सहित अन्य थानों की पुलिस पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुटी रही। परिजनों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती और न्याय का भरोसा नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल डिस्ट्रिक बोर्ड चौक और आसपास के इलाकों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस हालात को सामान्य करने के प्रयास में जुटी हुई है।

# समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक संपन्न

**■ बैठक में डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं की प्रगति, भविष्य की प्राथमिकताएं एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** आज समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं की प्रगति, भविष्य की प्राथमिकताएं एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में माननीय लोकसभा सांसद गिरिडीह चंद्रप्रकाश चौधरी राज्यसभा सांसद, डॉ. सरफराज अहमद विधायक डुमरी जयराम महतों, जिला बीसूत्री अध्यक्ष संजय सिंह सांसद प्रतिनिधि कोडरमा लोकसभा दिनेश यादव विधायक प्रतिनिधि धनवार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, उप नगर आयुक्त प्रशांत लायक, सिविल सर्जन समेत अन्य संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना पीएमकेकेकेवाई से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा ग्राम सभा से पारित एवं जिला स्तरीय प्रबंधकीय समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं खनन प्रभावित सहित जिले के अन्य प्रखंडों में पीविटीजी परिवारों के आजीविका संवर्द्धन से संबंधित योजनाओं को रखा गया। पर्यावरण संरक्षण, पेयजल आपूर्ति और अन्य प्राथमिकता प्रक्षेत्रों में पुल-पुलिया, पथ निर्माण, गार्डवाल निर्माण, स्टेडियम निर्माण, सौंदर्यीकरण, बस पड़ाव निर्माण एवं चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को भी शामिल किया गया। बैठक के अंत में शासी परिषद ने सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिलें अब तक स्वीकृत योजनाओं की प्रगति तथा विभिन्न मदों से लंबित पड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सभी लंबित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए। सभी कार्यकारी एजेंसीयों को सख़्त निर्देश दिया गया की योजनाओं का क्रियान्वयन प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण एवं वित्तीय नियमावली का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए पारित सभी योजनाओं को जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे जिले के आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके। डीएमएफटी मद के रूप में जिला में सीमित संसाधन हैं, इसमें जितना बेहतर हो सके इस दिशा में समेकित प्रयास करना है। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी निधि का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास है। ऐसे में प्रत्येक योजना का लाभ लक्षित समुदाय तक पारदर्शी एवं त्वरित रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह की प्रेस वार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** 19 जनवरी 2026 को 71वें जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह शाखा इकाई ने शाखा परिसर में एक प्रेस वार्ता आयोजित किया। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष संजय शर्मा सचिव धर्म प्रकाश संयुक्त सचिव अनुराग मुर्मू , राजेश कुमार उपाध्याय और विजय कुमार ,उपाध्यक्ष कुमकुम बाला वर्मा और उमानाथ झा उपस्थित थे प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंडलीय संयुक्त सचिव सह शाखा सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को तत्कालीन केंद्र सरकार के द्वारा एक अध्यादेश के माध्यम से जीवन बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

# सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन

**■ जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह के द्वारा नो हेलमेट नो पेट्रोल नो सीटबेल्ट नो फ्यूल एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता का आयोजन किया गया**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह संतोष कुमार के नेतृत्व में यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में नो हेलमेट नो पेट्रोल, नो सीटबेल्ट नो फ्यूल एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता का अयोजन किया गया। इस दौरान लोगो के बीच वाहन चलाने वक़्त यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का जिला वासियों को संदेश दिया।

जिले के सभी पेट्रोलपम्प स्वामी से आग्रह किया कि नो हेलमेट नो पेट्रोल, नो सीटबेल्ट नो फ्यूल का अनुपालन करे। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह संतोष कुमार ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि अधिकांश वाहन दुर्घटनायें यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण होती है। उन्होंने बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की. उन्होंने अपने अपने वाहन का सभी दस्तावेज दुरूस्त रखने की बात कही और साथ ही वाहन के सभी कागजात दुरूस्त नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं के बाद क्षतिपूर्ति दावा प्राप्त करने में परेशानी होती है. रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करे, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाए, और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह संतोष कुमार, मोटरयान निरीक्षक शुभम लाल सिंह, मो इरफान अहमद एवं गौरी शंकर कुमार रवि और सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो वाजीद हसन मौजूद रहे।

# गिरिडीह जिला में सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडेड ट्रकों की जांच

**■ सड़क सुरक्षा माह' में ओवरलोडेड ट्रकों, हाइवा सहित सभी वाहनों पर नियमों का पालन करवाने और सुरक्षा उपाय लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सकें : जिला परिवहन पदाधिकारी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला में सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हेवी-ड्यूटी वाहनों ओवरलोडेड ट्रकों की जांच की जा रही है, जिसमें सुरक्षा नियमों ओवरलोडेड, जैसे हेलमेट, सीटबेल्ट, गति सीमा, मोबाइल से परहेज का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान 05 ओवरलोडेड ट्रक जब्त किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार सीख से सुरक्षा के तहत परिवहन विभाग द्वारा दिनांक 1 जनवरी से 31 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सकें। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि जब भी बाइक चलाए तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं कार चलाए तो सीटबेल्ट का प्रयोग करें और साथ ही साथ किसी भी दुर्घटना व्यक्ति को देखें तो उसे नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु मदद करें जिसमें उसकी जान को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

# एण्टी क्राइम चेकिंग के दौरान लगभग एक करोड़ रुपये की चांदी बारामद, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि धनवार थाना क्षेत्र में एक गिरोह चोरी किया हुआ चांदी का जेवर बाजार में बेचने का प्रयास कर रहा हैं। प्राप्त सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा एण्टी काईम चेकिंग के दौरान एक स्वीफ्ट डिजायर पंजीयन सं०डब्लू बी 04 जी -5772 को पकड़ा गया।

उक्त वाहन के चालक से पुछ-ताछ करने पर अपना नाम हजरत अंसारी उम्र करीब 25 वर्ष पिता दिल मोहम्मद मियां ग्राम मनगसो, थाना धनवार, परसन ओ०पी० जिला- गिरिडीह बताया गया। कार की जांच के दौरान सीट के पास से एक सफेद प्लास्टिक का थैला एवं एक बैग बरामद किया गया। थैले में चांदी का पिघला हुआ सिल्ली 6 (छः) पीस कुल वजन 32 कि0 457 ग्राम, एवं बैग से चांदी का पायल 42 जोड़ा चांदी का चैन 13 पीस चांदी का ब्रेस्लेट-6 पीस चांदी का पान पत्ता- 12 पीस, चांदी का कड़ा 3 जोड़ा एवं चांदी का बिछिया-44 जोड़ा को विधिवत जप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं धनवार थाना काण्ड सं0-11/2026 18.01.2026 धारा 317 (2)/3 (5) बी०एन०एस० दर्ज किया गया है बरामदगी चांदी का सिल्ली, 06 (छः) पीस 1.7310 ग्राम, 2.6760 ग्राम, 3. 2727 ग्राम, 4.4280 ग्राम, 5. 6317 ग्राम, 6.5063 ग्राम कुल वजन 32,457 ग्राम। चांदी का पायल - 42 जोड़ा चांदी का चैन 13 पीस चांदी का ब्रेस्लेट 6 पीसल्लचांदी का पान पता 12 पीस चांदी का कड़ा 3 जोडा चांदी का बिछिया 44 जोड़ स्वीफ्ट डिजायर नम्बर डब्लूबी 04जी 5772 सभी चांदी का कुल वजन 35.351 कि०ग्रा० जिसकी कुल कीमत लगभत एक करोड़ रुपये है कांड में गिरफ्तार अभियुक्त हजरत अंसारी उम्र करीब 25 वर्ष पिता दिल मोहम्मद मियां ग्राम मनगसो, थाना धनवार, परसन ओ०पी० जिला- गिरिडीह पु०अ०नि० सत्येन्द्र कुमार पाल, थाना प्रभारी धनवार थाना, गिरिडीह ।पु०अ०नि० सुनिल कुमार, प्रभारी परसन ओ०पी०पु०अ०नि० धमेन्द्र अग्रवाल, प्रभारी घोडथम्भा ओ०पी० पु०अ०नि० नवल किशोर शर्मा, धनवार थाना स०अ०नि० बिजेन्द्र सिंह, धनवार थाना स०अ०नि० अनिल उरांव, धनवार थाना सशस्त्र बल धनवार थाना।

# योगेन्द्र के समर्थन में रैयतों का शक्ति प्रदर्शन, बाइक रैली निकाल जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**■ केरेडारी में CB माइंस ठप, पावर हाउस में तालाबंदी से बढ़ा दबाव**

**केरेडारी हजारीबाग।** CB माइंस क्षेत्र में रैयतों, विस्थापितों और प्रभावितों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। रैयतों की आवाज बनकर उभरे योगेन्द्र साव के समर्थन में पूरे इलाके में व्यापक एकजुटता देखने को मिली। इसी क्रम में रैयतों ने बाइक रैली निकालकर क्षेत्र का भ्रमण किया और अपने विरोध का संदेश साफ तौर पर प्रशासन व कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाया।

आंदोलन के दौरान केरेडारी के सोतिया नाला के पास स्थित बिजली पावर हाउस के मुख्य गेट पर रैयतों ने तालाबंदी कर दी। समाचार लिखे जाने तक पावर हाउस पूरी तरह बंद रहा, जिससे CB माइंस का संचालन ठप हो गया। पावर हाउस में तालाबंदी से कंपनी प्रबंधन पर दबाव बढ़ा है, वहीं प्रशासन की चिंता भी साफ तौर पर नजर आ रही है। रैयतों का आरोप है कि उइ माइंस क्षेत्र पूरी तरह प्रदूषण की गिरफ्त में है। न शुद्ध पेयजल उपलब्ध है और न ही स्वच्छ हवा। कोयला खनन के कारण जल स्रोत दूषित हो चुके हैं, खेती-बाड़ी प्रभावित हो रही है और लोग गंभीर बीमारियों से जूझने को मजबूर हैं। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन रैयतों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुनने को तैयार नहीं है।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा गिरिडीह जिले के खाद्य प्रतिष्ठान राशन दुकान, मसाला कारखाना व मिठाई दुकानों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गुप्त सूचना के आधार पर आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार के द्वारा गिरिडीह जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठान राशन दुकान,मसाला कारखाना एवं मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया जिसकी जानकारी निम्न प्रकार से है।न्यू झारखंड शिव शक्ति मसाला के कारखाना पता-आईएमएस रोड, गिरिडीह में पाया गया कि फूड सेफ्टी लाइसेंस के बिना एवं बिना एफएसएसएआई नंबर के मसालों का पैकिंग किया जा रहा है एवं इनके परिसर में बहुत ज्यादा गंदगी पाई गई।

अधिकारी के द्वारा किया गया कार्रवाई- 50,000 पचास हजार का जुमार्ना एवं 7 दिनों के अंदर फूड सेफ्टी लाइसेंस बनवाने का नोटिस ओर साथ ही अभी तक उनके कारखाने में बने हुए सभी खाद्य पदार्थ यथा सत्तू, बेसन, मिर्च पाउडर, हल्दी पॉवडर, सूजी, इत्यादि को तत्काल रुप से वही जब्त कर लिया गया है। गद्दी मोहल्ला एवं शिव मोहल्ला में सुमन कुमार सुमन स्टोर से बच्चों के खाने वाले चिप्स बच्चा पार्टी को जप्त किया है इसमें बैच नंबर, निर्माण डेट, एक्सपायरी डेट नहीं था एवं साथ ही इनके प्रतिष्ठान में फूड सेफ्टी लाइसेंस वि नहीं था, इन्हे खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरिडीह के द्वारा 7 दिनों के अंदर फूड सेफ्टी लाइसेंस बनवाने का नोटिस जारी किया एवं 5000 रुपए का जुमार्ना किया गया। इसके साथ ही सुरेंद्र कुमार,विकाश कुमार साव, नरेश चौधरी न्यू बाल गोपाल मिष्ठान विकाश कुमार ये सभी दुकानदारों को नोटिस किया गया है जिसमें उन्हें 7 दिनों के अंदर फूड सेफ्टी लाइसेंस बनवाने का आदेश दिया गया है।

# मुखिया ने पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**सांढ़ पंचायत भवन में विदाई सह सम्मान समारोह, विधायक ने की लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बड़कागांव हजारीबाग।** सांढ़ पंचायत भवन में मुखिया सुलेखा कुमारी के नेतृत्व में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो ने की, जबकि संचालन शिक्षक मनोज कुमार मानव ने किया। इस अवसर पर सांढ़ पंचायत से सरकारी पदों पर कार्यरत पदाधिकारी, अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य कर्मियों को गुलदस्ता, माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम उन्होंने पहली बार देखा है, जिसमें एक पंचायत के सरकारी सेवा में कार्यरत लोगों को एक मंच पर सम्मानित किया गया हो। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी परिचय बढ़ता है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। पंचायतवासियों की मांग पर विधायक ने सांढ़ पंचायत में लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा भी की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकुलेदेव नारायण ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार सांढ़ पंचायत के करीब 70 लोग विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं, जो पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवनशैली बदलने और विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख वचन देव कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व पंसस बासमती कुमारी, कुशवाहा समाज सचिव गिन्नी वर्मा, समाजसेवी मनोहर प्रसाद दांगी, हरिशंकर प्रसाद, सेवानिवृत्त प्रोफेसर भोलानाथ कुशवाहा, गुरुदयाल प्रसाद जिज्ञासु, सुखदेव प्रसाद, कृतियानंद प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**इन लोगों को किया गया सम्मानित**

सांढ़ पंचायत से सरकारी सेवा में कार्यरत प्रोफेसर भीम राम, आलोक रंजन, राम रंजन, प्रोफेसर कनक रागनी, दशरथ प्रसाद कुशवाहा, लीलावती कुमारी, संजय कुमार, मनोज कुमार, जलधर प्रसाद, सुनीता कुमारी, महेंद्र प्रसाद दांगी, मुखलाल महतो, काजल कुमारी, शिवम कुमार, राहुल कुमार, नागेश्वर कुमार, शिल्पी कुमारी, साधना नंदन, रवि किशोर कुमार, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, नर्सिंग प्रसाद दांगी, विष्णु दयाल कुशवाहा, शंभू प्रसाद, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, मुरली महतो, नागेंद्र कुमार, कैलाश प्रसाद, खुशबू कुमारी, चंदन कुमार, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, महादेव कुमार राणा, गितेश कुमार, संजीव कुमार, देवनारायण प्रसाद, आलोक कुमार दांगी, धर्मपाल कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, मनोज प्रभाकर, विकास कुमार पांडे, अनुज कुमार पांडे, प्रभात कुमार पांडे, लक्ष्मी कुमारी, कैलाश कुमार, देवनारायण महतो सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

# ग्रुप लोन देने वाले अफसर व कर्मी, लोन धारी को टॉर्चर करना बंद करें : राजेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले भर में ग्रुप लोन देने वाले कर्मी या अफसर के दबाव में कई लोनधारी को मानसिक तनाव में देखा जा सकता है, गिरिडीह में कई आत्महत्या की शिकायत पहले भी आ चुकी है।

सोमवार को श्रीरामपुर पंचायत की मां और बेटी ने अपनी जीवन को समाप्त कर लिया,पुलिस प्रशासन जांच कर रही है मामला को, प्रशासन का मामला है, किंतु जो प्रेसर देते है उनको आरबीआई के रूल के अनुसार ही बात और प्रेसर देनी चाहिए, लोनधारी को यदि ज्यादा तंग किया जाता है तो उसके लिए प्रशासन है बताना चाहिए, इसके बाद भी सामाजिक स्तर पर काम करने वाले या जातीय संगठन को बताने की जरूरत है, बताने से बोझ हल्का भी होगा और कुछ सॉल्यूशन भी होगा, भाकपा माले के पास कई मामले आते है, माले सबसे पहले बैंक के मैनेजर से बात करते है, पूरी बात को समझ कर सॉल्यूशन के तरफ बात होती है, ज्यादती करने वाले कर्मी से भी बात करते है और उसको भी समझाते है, वैसे गिरिडीह में लोन बांटने वाली कंपनी के पास लोन बाटने का भी भारी दबाव होता है, लोन वापस लेने का भी दबाव होता है, माले का कहना है कि छोटा मोटा लोन अपने घर परिवार और समाज से सहयोग लेकर कार्य करे या जब लोन के लिए प्रेरित करते है तो वापस लौटाने की बातों पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है सिन्हा ने कहा कि माताओं और बहनों को जो लगातार लोन लेते है अपने घर के गार्जियन को भी बता कर साथ सहमति लेकर इसपर ध्यान दे, वरना यही मानसिक दबाव का कारण होता है भाकपा माले ऐसे तमाम लोनधारी से अपील करता है कि अपनी जान को सुरक्षित करें, मानसिक तनाव में अपनी जिंदगी बर्बाद मत करें, सरकार और आरबीआई के नियमानुसार से ज्यादा दबाव दिया जाता है तो लिखित आवेदन आप जिला प्रशासन को भी दे सकते है आशा है कि आपका काम आसान होगा, बहुत जल्द माले सभी ऐसे ग्रुप लेने वाले को एक ज्ञापन या नोटिस देकर आगाह करने का प्रयास करेंगे कि कर्मी को समझा कर भेजे,धमकाना और मानसिक प्रताड़ना देना कानून के खिलाफ है, आप नोटिस कर सकते है। कानूनन कार्रवाई कर सकते है किंतु मानसिक दबाव नहीं दे सकते है यह नियम है, माले के लोग इसके लिए काउंसलिंग भी करेंगे,आज माले के साथी और असंगठित मजदूर संघ के कन्हाई पांडे,प्रखंड सचिव मसूदन कोल, किशोर राय,भीम कोल, सनातन साहू आदि दर्जनों लोग घटना स्थल पर पहुंचे थे।

# बाल विवाह व डायन कुप्रथा जैसी कुरीतियों के निवारण का एकमात्र उपाय शिक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)**। 19 जनवरी 2026 को सामाजिक कुरीति निवारण योजना, राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, बाल विवाह मुक्त झारखण्ड एवं मिशन शक्ति योजना से संबंधित अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन प्रखंड परिसर हुसैनाबाद में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजय सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू, बीडीओ हुसैनाबाद, बीडीओ मोहम्मदगंज, बीडीओ हैदरनगर, अंचल पदाधिकारी, सहायक निदेशक, रांची कृष्ण टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं जेंडर सीआरपी द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू नीता चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह उन्मूलन हेतु केंद्र सरकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह के लिए बालिकाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं बालकों की 21 वर्ष निर्धारित है, इससे कम उम्र में विवाह कराना कानूनन अपराध है। इनके द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में 12 एवं 2025 में कुल 17 बाल विवाह को रोका गया है। किसी भी संदिग्ध स्थिति में टोल फ्री चाईल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112 पर देने की अपील की गई। मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, शक्ति सदन, पालना आदि योजनाओं का संचालित किया जा रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन सभी जिलों में किया जा रहा है, इसके अंतर्गत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सेवाओं—चिकित्सीय सुविधा, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श एवं अल्पावधि आश्रय—की जानकारी दी। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन 181 के द्वारा 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना, सामूहिक विवाह कार्यक्रम, सामूहिक अंतिम संस्कार योजना एवं दिव्यांग कल्याणार्थ योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि विधायक संजय सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह एवं डायन कुप्रथा जैसी कुरीति को दूर करने का एकमात्र उपाय शिक्षा है। डायन जैसी ज्यादातर केस असहाय, दलित, पिछड़ा, विधवा परिवार में ही पाया जाता है। इस तरह के अंधविश्वास से दूर रहने एवं सामाजिक चेतना को जगाने का आग्रह किया गया।

ईसाई धर्म गुरु के द्वारा बताया गया कि अंधविश्वास को प्रोत्साहित नहीं करें, शिक्षा पर जोर दें। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाए एवं लोगों को जागरूक करें।

हिंदू धर्मगुरु मिथलेश पाठक द्वारा लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया, एवं बाल विवाह को अभिशाप बताया।

मौलवी वकील अहमद ने शिक्षा को सबसे बड़ी दौलत बताया। जिनके पास शिक्षा नहीं है वो जानवर जैसा जीवन गुजारता है। बीडीओ मोहम्मदगंज ने बताया कि डायन का आरोप विधवा, असहाय महिलाओं पर किसी विवाद की वजह से लगाया जाता है। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करने पर तीन माह तक का कारावास, एक हजार रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा नशा को रोकने के लिए अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या पर भी चर्चा किया गया।


# शिक्षण कार्य के साथ सेवा क्षेत्र में भी गति लाना जरूरी : अविनाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। रविवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का नौवां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ 19 जनवरी के पूर्व संध्या पर केचकी के तट पर मनाया गया। समारोह का उद्घाटन जिले भर से आए विद्यालय संचालकों व उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष सह संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिन सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं कार्यक्रम के संयोजक अमित आनंद के साथ कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आए इकाई के अध्यक्षों, सदस्यों व बच्चों को उपहार देकर स्वागत किया गया।विशेष रूप से उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा एसोसिएशन के संदर्भ में अपनी भावना व्यक्त करने का अवसर देकर कार्यक्रम को नए रूप में प्रस्तुत करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने 9 वर्षों के सफर को यादगार बनाने के लिए अविनाश वर्मा को सामूहिक रूप से सम्मानित करते हुए सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर उनका धन्यवाद दिया। अपने स्वागत से भाव विहार अविनाश वर्मा ने सभी सदस्यों के सहयोग व विश्वास के लिए धन्यवाद के साथ सुझाव देते हुए कहा कि शिक्षण कार्यों के साथ यथासंभव सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का प्रयास करें। इससे समाज में उनसब की छवि आकर्षक हो सके। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी एक साथ रहने का वायदा किया। सतीश अग्रवाल ने संगठन के 9 वर्षों के कार्यकाल को मील का पत्थर बताया। चियांकी के तट पर आयोजित शानदार व भव्य आयोजन में बेहतर सहयोग के लिए क्षेत्र के फॉरेस्टर दीपक मिश्रा को अविनाश वर्मा ने शाल व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार व धन्यवाद ज्ञापन स्टेट कोऑर्डिनेटर चंद्रभूषण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक उपेंद्र कुमार, अनुशासन संयोजक वीरेंद्र दुबे, सलाहकार संयोजक शामशाद आलम, प्रवक्ता सुनील कुमार, उपाध्यक्ष पंडित प्रदीप नारायण, प्रमोद पांडे, रमाकांत उपाध्याय, धीरज कुमार, आलोक श्रीवास्तव, छतरपुर अध्यक्ष मंटू कुमार, पांकी अध्यक्ष विनोद सिंह, पाटन अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, चैनपुर अध्यक्ष अजमल खान भुट्टो समेत सभी सदस्यों के पारिवारिक सदस्य व बच्चे भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मेदिनीनगर नगर निगम से झामुमो समर्थित उम्मीदवार होंगी पूनम सिंह : राजेंद्र प्रसाद

**अरबों खर्च दिखाने के बाद भी नगर निगम की स्थिति भयावह : पूनम सिंह**




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। स्थानीय परिसदन भवन में झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पार्टी समर्थित उम्मीदवार पूनम सिंह की घोषणा की। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूनम सिंह को झामुमो समर्थित उम्मीदवार घोषित किया जा रहा है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता तन, मन व धन से पूनम सिंह का समर्थन करेंगे। झामुमो की सरकार विगत वर्षों से विकास का कार्य कर रही है। इसका लाभ नगर निकाय के चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजना बिजली मांफी, सड़क, लाइट , मईंया सम्मान योजना लेकर हर घर तक सरकार का पहुंची है। इसका भी लाभ हमें जरूर मिलेगा। मौके पर मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर पद की भावी प्रत्याशी पूनम सिंह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में नगर निगम में कुछ भी काम दिख नहीं रहा है। एक छोटे से सड़क में डिवाइड लगाकर दो रूट में बांट दिया गया है। छोटे-छोटे पेड़ व टिमटिमियां लाइट लगाकर लगभग एक अरब रुपए खर्च किए गए हैं। कहा कि जनता जागरुक हो चुकी है। जनता जानती है कि एक अरब रुपए खर्च करने के बाद शहर का रूप ही बदल जाता। कहा कि निवर्तमान मेयर वोट मांगने से पहले जनता के बीच अरबों खर्च का हिसाब देना होगा। मौके पर सानू सिद्दीकी, सूर्यांश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करेंगे झारखंड के सीइओ

**भारत निर्वाचन आयोग कर रहा है मेजबानी**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। देश में पहली बार आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, शुद्ध मतदाता सूची विषय पर व्याख्यान देने वाले हैं। दरअसल, नई दिल्ली में आगामी 21 से 23 जनवरी तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए झारखंड से भी शिष्टमंडल रवाना हो रहा है।

**नई दिल्ली में सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 'भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन' 2026, 21 जनवरी से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। यह सम्मेलन लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें दुनिया भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों, भारत में विदेशी मिशनों और चुनावी क्षेत्र के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेने जा रहे हैं।

**झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जताई खुशी**

सम्मेलन को भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ। सुखबीर सिंह संधू और डॉ। विवेक जोशी के साथ प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और 21 जनवरी, 2026 को उद्घाटन सत्र की कार्यवाही का शुभारंभ करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जा रहे झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार, यह बड़े ही खुशी की बात है कि इस तरह का आयोजन देश में पहली बार हो रहा है, जिसमें चुनाव प्रबंधन पर चर्चा होगी।

**चुनाव प्रबंधन पर तीन दिवसीय सम्मेलन में होगी चर्चा**

तीन दिवसीय कार्यक्रम में चुनाव प्रबंधन पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन में उद्घाटन सत्र, इएमबी लीडर्स प्लेनरी, इएमबी वर्किंग ग्रुप की बैठक शामिल हैं। इसके अलावा, वैश्विक चुनावी मुद्दों, मॉडल अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के नेतृत्व में और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से कुल 36 विषयों पर चर्चा होगी। इन चर्चाओं में 4 आईआईटी, 6 आईआईएम, 12 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और आईआईएमसी सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थान मौजूद रहेंगे।

**आयोजन में विभिन्न चुनौती और सहयोग पर चर्चा**

इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, दुनिया भर के ईएमबी के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए, उनके साथ 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठक करेगा। इस मौके पर चुनाव आयोग औपचारिक रूप से 'इसीआईएनइटी' भी लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सूचनाओं और सेवाओं के लिए इसीआई का वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

**डॉक्यू सीरीज 'इंडिया डिसाइड्स' होगी प्रदर्शित**

इस अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भारत में चुनाव कराने की विशालता और जटिलता के साथ-साथ मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव संचालन जैसे स्तंभों को मजबूत करने के लिए इसीआई द्वारा उठाए गए कदमों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा दुनिया के सबसे बड़े चुनाव 'लोकसभा चुनाव 2024' के निर्माण पर प्रकाश डालने वाली डॉक्यू सीरीज 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आईआईसीडीईएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा।

# 'उमंग' में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का रहा शानदार प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। मगध प्रमंडल स्तर पर आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता उमंग–2026 का भव्य समापन हुआ। 15 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक इस खेल का आयोजन राजकीय पॉलिटेक्निक, कॉलेज गयाजी के प्रांगण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं और संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य श्री राकेश रंजन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि जहानाबाद के प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और समर्पण का जो परिचय दिया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर प्राचार्य ने संस्थान के खेल प्रभारी कुंदन कुमार के निरंतर मार्गदर्शन व समन्वय के लिए विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी (छात्र) एवं वॉलीबाल (छात्र) में उपविजेता के रूप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वॉलीबाल (फैकल्टी) और टेबल टेनिस (फैकल्टी) में विजेता एवं उपविजेता बनकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। बैडमिंटन (छात्र), चेस (छात्रा), पेंटिंग, एक्सटेम्पोर, पोस्टर मेकिंग, डिस्कस थ्रो तथा 4×400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा में वाद-विवाद, बैडमिंटन (छात्रा), कैरम (छात्रा), कैरम (फैकल्टी), ऊंची कूद (छात्रा) और गायन (छात्र) में उपविजेता स्थान प्राप्त कर प्रतिभागियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। लगभग सभी प्रमुख विधाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जहानाबाद ने उमंग–2026 में अपनी विशेष पहचान बनाई।

# महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल बनीं ममता कुमारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 18 जनवरी, माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या, रविवार को वैश्य समाज की प्रखर नेतृत्वकर्ता एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या ममता कुमारी के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर तिलकुट, दही-चिउड़ा, लिट्टी-चोखा सहित पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंत्रीगण तथा परम पूज्य महाराज जी की पावन उपस्थिति ने आयोजन को महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

इस अवसर को ऐतिहासिक बनाते हुए ममता कुमारी ने अपनी हस्तलिखित बहुद्देशीय पुस्तक 'चरैवेति' का विमोचन किया। यह पुस्तक नारी जीवन की संघर्षगाथा, शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समानता और आधी आबादी—महिलाओं के अधिकार व सम्मान के लिए उनके सतत समर्पण को अत्यंत सरल, सहज एवं प्रेरणादायी शब्दों में प्रस्तुत करती है। यह कृति महिलाओं को आत्मबल, आत्मसम्मान और नेतृत्व के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। इसी क्रम में अखिल भारतीय वैश्य पोद्दार महासभा (पंजी) परिवार एवं इंटरनेशनल वैश्य चेतना फाउंडेशन (पंजी) परिवार के राष्ट्रीय महासचिव एवं निदेशक सत्या नारायण पोद्दार की ओर से ममता कुमारी को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कवि रामावतार पोद्दार अरुण जी जन्म शताब्दी वर्ष पर वैश्य शिरोमणि साहित्य सम्मान एवं चरैवेति नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके उस समर्पित जीवन को नमन है, जो उन्होंने ग्रामीण भारत की बेटियों, महिलाओं के अधिकार, समान अवसर, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता के लिए निरंतर समर्पित किया है। सम्मान समारोह में सत्या नारायण पोद्दार ने कहा कि ममता कुमारी का जीवन यह सिद्ध करता है कि जब एक महिला को अवसर, शिक्षा और समर्थन मिलता है, तो वह केवल अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को दिशा देने की क्षमता रखती है। उनका कार्य आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने और महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का सशक्त उदाहरण है।

# सप्ताह में दो दिन होगा जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से अब प्रत्येक सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। विभागीय निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बताया गया कि सोमवार को आयोजित जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद, भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, इंदिरा आवास सहित अन्य जनसमस्याओं से जुड़े मामले शामिल थे। वहीं, जिले के विद्युत आपूर्ति कार्यालयों में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 41 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया।

जनता दरबार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को संवेदनशीलता के साथ सुना गया और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही आवेदन सौंपते हुए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब नियमित रूप से सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित होगा, जिससे आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार का आयोजन केवल जिला मुख्यालय पर ही नहीं, बल्कि अनुमंडल कार्यालयों, प्रखंड सह अंचल कार्यालयों तथा पंचायत स्तर पर भी किया जाएगा। अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी जनता दरबार में उपस्थित रहेंगे। पंचायत स्तर पर भी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

# जनता के प्रेम व जिद्द के चलते उतरी हूं चुनावी मैदान में : हरप्रीत सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। नगर निगम चुनाव की तारीख घोषणा का समय करीब आते ही संभावित प्रत्याशियों का नाम खुलकर सामने आ रहा है। सभी संभावित भावी प्रत्याशी मैदान में उतर रहे हैं। उन्हीं प्रत्याशी में एक नाम नामधारी परिवार से आ रहा है। हरप्रीत सिंह नामधारी, सूचा सिंह नामधारी की धर्पपत्नी हैं। एक खास बातचीत में हरप्रीत सिंह नामधारी ने बताया कि उनका चुनाव लड़ने का कोई मूड नहीं था। मगर मेदिनीनगर की जनता का प्रेम, विश्वास व जिद्द के आगे झुकना पड़ा। कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि यहां की जनता उन्हें चुनाव लड़वा रही है। कहा कि उनके लिए जनता सर्वोपरि है। यहां की जनता ने जो विश्वास हमारे परिवार पर दिखाया है, वह जग जाहिर है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने जो विश्वास व भरोसे से उन्हें चुनाव मैदान में लाया है, उस पर खरी उतरने का काम करेंगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजीटी-एजेड-एनडीईई-26, दिनांक 16.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल-निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-अनुसूची ए1-एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन लालबाग कोर्ट रोड-दाहापाड़ा धाम स्टेशनों के बीच किमी. 173/24-26 पर गेट सं. 27/बी पर एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग कॉस्ट; अनुसूची ए2-एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन लालबाग कोर्ट रोड-दाहापाड़ा धाम स्टेशनों के बीच किमी. 173/24-26 पर गेट सं. 27/बी पर एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकम्युनिकेशन कॉस्ट; अनुसूची बी1-एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे रीलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/टी के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण; अनुसूची बी2-एईएन/नबद्वीप धाम के अधिकार क्षेत्र के अधीन लक्ष्मीपुर-बेरेलहाट स्टेशनों के बीच किमी. 79.634 पर गेट सं. 17/ए/टी पर एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकम्युनिकेशन कॉस्ट; अनुसूची सी1-एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रीलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण; अनुसूची सी2-एईएन/नबद्वीप धाम के अधिकार क्षेत्र के अधीन मेड़तला फलेया हॉल्ट-लक्ष्मीपुर स्टेशनों के बीच किमी. 76.212 पर गेट सं. 17/ए/1 पर एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकम्युनिकेशन कॉस्ट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 3,26,41,949.28; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 3,13,200; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 27.01.2026; **समापन अवधिः** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 10.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 16.01.2026 को शाम 06.02 बजे।

(HWH-548/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उमगा पहाड़ पर माघ मेले में दूर दराज से पहुंचते है श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड का उमगा पहाड़ धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मां उमंगेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को 52 शक्तिपीठों का लाभ मिलता है। वहीं मां की पूजा सरस्वती के रूप में की जाती है जिसके कारण बसंत पंचमी पर यहां मेला लगता है। देवी महिसासुर मर्दिनी के स्वरूप में अष्टभुजी मां की प्रतिमा हजारों टन वजन वाले पत्थर से बने मंदिर में विराजमान है। यह प्राकृतिक रचना आश्चर्यजनक है और देवी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली एवं सिद्धिदात्री मानी जाती है। पुजारी दिलीप पाठक बताते हैं कि मां सती के शव को लेकर भगवान शिव जब क्रोधित होकर तांडव करने लगे थे तब मां का एक अंग उमगा पहाड़ पर गिरा था। तब से यह स्थल शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। यहां तक की मनौतियां सिद्ध होने पर श्रद्धालु बकरे की बलि भी देते हैं। वहीं बसंत पंचमी पर यहां भव्य मेला लगता है जिससे दूर से श्रद्धालु आते हैं। बता दें कि राजा भैरवेंद्र के समय से यहां मेला लगता है। वहीं मकर संक्रांति पर तीर्थो में स्नान और पूजा का विशेष महत्व है जिसके तहत पहले एक माह का मेला लगता था जो अब एक सप्ताह तक सीमित हो गया है। इस पहाड़ पर सूर्य मंदिर, गौरी शंकर, मां उमंगेश्वरी सहित 52 मंदिरों की श्रृंखला है। हालांकि कई मंदिर जमींदोज हो चुके हैं परंतु उनके अवशेष आज भी पहाड़ पर देखे जा सकते हैं। पहाड़ पर स्थित कई बहुमूल्य मूर्तियां रखरखाव के अभाव में बर्बाद हो रही है। उमगा पहाड़ पर भगवान सूर्य का विशाल मंदिर है जो गौरव का प्रतीक है। यह धरातल से लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी लंबाई लगभग 90 फीट है जो कला के दृष्टिकोण से अद्वितीय है। पहाड़ पर हरियाली और वन उपवन के रंग बिरंगे पुष्पों का आकर्षण, जंगली पशु पक्षियों की चहचहाहट और गुंज की मधुर राग से संपूर्ण प्रकृति एक मनोहर वातावरण का निर्माण भी होती है।

# शॉर्ट सर्किट से छात्रावास में लगी आग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित जहानाबाद राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रावास में सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही छात्रावास परिसर में अफरा-तफरी मच गई और छात्रों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग छात्रावास के एक हिस्से में लगी, जिसे बुझाने के लिए छात्रों एवं कॉलेज कर्मियों द्वारा तत्काल प्रयास शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन गैस सिलेंडर का उपयोग किया गया, लेकिन धुएं और गैस के प्रभाव से कई छात्रों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालांकि

काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि आगजनी की इस घटना में छात्रावास में रह रहे दो से तीन छात्रों के लैपटॉप सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस दौरान अग्निशमन गैस की चपेट में आकर 6 छात्र बेहोश भी हो गए। बताया जाता है कि आग बुझाने के दौरान अग्निशमन गैस के प्रभाव से छह छात्र बेहोश हो गए, जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हुलासगंज में भर्ती कराया गया। बेहोश हुए छात्रों की पहचान गुड्डू कुमार (21 वर्ष),सुमित कुमार (19 वर्ष),रौनित कुमार (22 वर्ष),

सिकंदर कुमार (23 वर्ष),अभिनय कुमार (19 वर्ष),शशि कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि चिकित्सकों द्वारा सभी छात्रों का उपचार किया जा रहा है। वहीं, छात्रों की स्थिति को देखते हुए गुड्डू कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद रेफर कर दिया गया है। इस दौरान घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने का हर संभव प्रयास किया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों की सुरक्षा, उपचार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को तत्परता से सुनिश्चित किया गया।

फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद छात्रावास में विद्युत उपकरणों की जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग छात्रों द्वारा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# गला रेतकर चाचा की हत्या

## बीच-बचाव करने पहुंची चाची गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बराटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुआरा गांव में रविवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक और भयावह रूप ले लिया। पूर्व से चले आ रहे आपसी विवाद में भतीजे ने धारदार हथियार से अपने ही चाचा की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची चाची को भी हमलावर ने बेरहमी से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

मृतक की पहचान बहुआरा गांव निवासी 60 वर्षीय महताब लाल के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला उनकी पत्नी शकली देवी बताई जा रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद महताब लाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शकली देवी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहुआरा निवासी मंजय कुमार का अपने चाचा महताब लाल से किसी पुराने विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा था। रविवार को यह विवाद अचानक उग्र हो गया।

आरोप है कि मंजय कुमार ने जान मारने की नीयत से धारदार हथियार से महताब लाल पर हमला कर दिया और उनका गला रेत दिया। शोर सुनकर जब पत्नी शकली देवी पति को बचाने पहुंचीं, तो हमलावर ने उन पर भी हमला कर शरीर के कई हिस्सों में गंभीर जख्म पहुंचा दिए।

# जमीन विवाद में घर में आग लगाई

## पति-पत्नी और बच्चा झुलसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बोधगया थाना क्षेत्र के अम्मा गांव में रविवार को एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जमीन को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

जहां दो इंच जमीन के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही सगे भाई के घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

इस दर्दनाक घटना में अम्मा गांव निवासी नीलू कुमारी, उनके पति राणा कुलेश्वर और उनका एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, लंबे समय से दो इंच जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा था, जो अचानक हिंसक रूप ले लिया।

इसी विवाद के दौरान आरोपित ने इस खौफनाक घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता नीलू कुमारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद से आरोपित अपने पूरे परिवार के साथ घर छोड़कर फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 187 सहित कई अन्य केंद्रों का निरीक्षण सीडीपीओ निभा कुमारी द्वारा किया गया। यह निरीक्षण अनप्राशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर बच्चों के पोषण स्तर, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण क्रम में सीडीपीओ ने केंद्रों पर उपस्थित बच्चों की संख्या, पोषण आहार वितरण एवं संबंधित अभिलेखों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने स्वयं बच्चों को आहार खिलाकर अनप्राशन कार्यक्रम की शुरूआत की, ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके इसके साथ ही सीडीपीओ ने प्रधानमंत्री योजना एवं मुख्यमंत्री योजना से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की तथा अपार आईडी निर्माण को लेकर सेविकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेविकाओं को योजनाओं के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश देते हुए कहा किलापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गांधी विचार मंच का गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान में डॉ प्यारेलाल की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से गांधी विचार मंच का गठन किया गया। प्रोफेसर मनोज कुमार मंच को अध्यक्ष, प्रोफेसर परमानंद सिंह को उपाध्यक्ष तथा प्रमोद शर्मा को महा सचिव तथा डॉक्टर प्यारेलाल, राजीव कुमार, चंद्रभूषण, ललित कुमार सिंह, श्याम नंदन तथा डॉक्टर मनोज मीता सदस्य होगे।

बिहार में गांधी पुस्तक के लोकार्पण के संबंध में निर्णय लिया गया कि राज्यपाल का समय लिया जाय। बैठक में बिहार में खादी की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि प्रमोद शर्मा कॉन्सेप्ट पेपर बनाएंगे ।

डॉक्टर प्यारेलाल मेथोडॉलजी बनाएंगे ।सैंपलिंग कर स्थिति का अध्ययन कर खादी और ग्रामोद्योग के पुनर्जागरण में बिहार सरकार के उद्योग विभाग तथा जीविका से जोड़े जाने के संबंध में विस्तृत योजना सरकार को दी जाएगी ।सदस्यों का मानना है कि खादी कमीशन के कारण स्थिति खराब हुई है। गैर सरकारी खादी के उत्पादन को प्रोत्साहन दे कर कमीशन के चंगुल से मुक्त करना चाहिए। प्रोफेसर मनोज ने जानकारी दी कि गांधी शहादत दिवस से 7 फरवरी तक झारखंड के विभिन्न स्थानों पर गांधी स्मृति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। झारखंड के साथी सहयोग कर रहे।

22 फरवरी से बनारस इलाहाबाद, बांदा, आगरा होते हुए यात्रा जोधपुर जाएगी 27 फरवरी को वापसी में जयपुर दिल्ली अलीगढ़ अकबरपुर होते हुए अयोध्या से होकर वापस आएगी। विभिन्न स्थानों पर बैठक की जाएगी। गांधी से जुड़े इतिहास को संकलित किया जाएगा। गांधी स्मृति स्थलों को पुनर्जीवित करने तथा स्थानीय इतिहास के संकलन के लिए समिति गठित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश प्रवेश द्वारा पर काशी विद्यापीठ से यात्रा आरंभ की जाएगी वहां पर सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में डॉक्टर प्यारेलाल, प्रोफेसर मनोज कुमार, चंद्रभूषण, राजीव कुमार, प्रमोद शर्मा, प्रोफेसर परमानंद सिंह, ललित कुमार सिंह एवं श्याम नंदन उपस्थित थे।

# पीड़ित परिवार से मिले सामाजिक कार्यकर्ता

## गायत्री की मौत से समाज स्तब्ध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** नीट की तैयारी कर रही छात्रा गायत्री की रहस्यमय मौत ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर एवं राघवेंद्र रंजन ने जहानाबाद जिले के पतियामा ग्राम पहुंचकर मृतका के माता-पिता एवं अन्य परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर गायत्री की मां ने भावुक होते हुए कहा कि मेरी बेटी तो चली गई, लेकिन यह लड़ाई सिर्फ मेरी बेटी की नहीं है। यह देश की हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। घटना के बाद से वह गहरे मानसिक सदमे में हैं। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा है। ग्रामीण अपने गांव की बेटी गायत्री को याद कर अपने आंसू रोक नहीं पा रहें है।

मृतका के पिता नवीन कुमार ने कहा कि इस जघन्य कांड के बाद उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, बावजूद इसके वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं अपनी आखिरी सांस तक अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए लड़ता रहूंगा। इस अपराध में शामिल दरिंदों के लिए फांसी के अलावा कोई सजा मुझे मंजूर नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिली तो यह समाज और व्यवस्था दोनों की विफलता होगी। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की भी मांग की।

# चोरी का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** थाना क्षेत्र के सरबडडी गांव से पुलिस ने मोटर चोरी के मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद कुमार, उमेश दास एवं शिवम कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरबडडी गांव में छापेमारी की, जहां से तीनों मोटर चोरों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोटर चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत का माहौल है और आमजन ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

# बिना लाइसेंस की दुकानें होंगी सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में संचालित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनिवार्य रूप से ट्रेड लाइसेंस के दायरे में लाने की कवायद तेज कर दी है। एक आंकड़े के अनुसार शहर के 51 वार्डों में 20 हजार से अधिक छोटे-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं, लेकिन उनमें से करीब 3600 व्यावसायिक प्रतिष्ठान ही अपनी जरूरतों के अनुरूप निगम से ट्रेड लाइसेंस बनवा रहे हैं। जबकि शेष दुकानदार इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं।

समय-समय पर वैसे दुकानदारों को इसके दायरे में लाने के निर्देश जारी होते रहे हैं, लेकिन उन निर्देशों पर कड़ाई से अमल नहीं किए जाने से अधिकांश दुकानदार इससे उदासीन बने हुए हैं। नवनियुक्त नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा ने इस मामले पर संज्ञान लेकर उसका पालन कराने का निर्णय लिया है।

उन्होंने निगम के तहसीलदारों को वार्ड स्तर पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सर्वे का निर्देश दिया है। सर्वे पूरा होने के पश्चात शेष दुकानदारों के लाइसेंस बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर निगम ट्रेड लाइसेंस का वार्षिक शुल्क 2500 रुपये लेता है।

बिना ट्रेड लाइसेंस या बिना नवीकरण के दुकान, होटल, ढाबा, क्लीनिक, वर्कशाप, गोदाम सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन पर अब निगम की पैनी नजर है। नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

वर्तमान में शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनमें से लगभग 15 प्रतिशत दुकानदार ही जरूरत के अनुसार ट्रेड लाइसेंस लेते हैं। शेष दुकानदार या तो बिना लाइसेंस के ही व्यवसाय कर रहे हैं या फिर वर्षों से लाइसेंस का नवीकरण नहीं करा रहे हैं। इससे निगम को राजस्व की क्षति हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिन दुकानदारों ने ट्रेड लाइसेंस का नवीकरण नहीं कराया है, उन्हें नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रेड लाइसेंस शाखा प्रभारी राकेश भारती बताते हैं कि नवीकरण के लिए 40 व्यवसायियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। वहीं, निगम के तहसीलदार को निर्देश दिया गया है कि वे वार्ड स्तर पर सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सूची तैयार करें।सूची में दुकान व उसके संचालक के नाम, व्यवसाय का प्रकार और लाइसेंस की स्थिति दर्ज की जाएगी। सूची तैयार होने के बाद बिना ट्रेड लाइसेंस के चल रहे प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस मिलने के बाद संबंधित दुकानदारों को सात दिनों का समय दिया जाएगा। यदि इस अवधि में ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया या नवीकरण नहीं कराया गया, तो निगम द्वारा प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। ट्रेड लाइसेंस का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह नहीं है, बल्कि इससे यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वच्छता, सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा एवं अन्य शासकीय मानकों के अनुरूप संचालित हों। इससे आम नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित सेवाएं मिलती हैं। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचने के लिए शीघ्र अपना ट्रेड लाइसेंस बनवाएं और जिनका लाइसेंस समाप्त हो चुका है वे उसका समय पर नवीकरण कराएं।

# छात्रा की मौत मामले की हो उच्चस्तीय जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** छात्रा गायत्री कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु से पूरी आम जनता आहत, चिंतित एवं व्यथित है।

इस गंभीर प्रकरण को लेकर विभिन्न स्तरों से अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं, जिससे स्थिति और अधिक भ्रमपूर्ण होती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी प्रकार का जल्दबाजी या पूर्वनिर्धारित निष्कर्ष निकालना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। उक्त बातें निजी विद्यालय संघ, जिला औरंगाबाद के पदाधिकारियों ने कही।

संघ का मांग है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय, पूर्णतः निष्पक्ष तथा बिना किसी राजनीतिक, प्रशासनिक या संस्थागत दबाव के जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो, पीड़िता के परिजनों को प्रत्येक स्तर पर विश्वास में लिया जाए और अंतिम जांच रिपोर्ट आने तक किसी भी प्रकार की अफवाहों, अटकलों या जल्दबाजी वाले निष्कर्षों से बचा जाए और यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही या चूक सामने आती है, तो संबंधित व्यक्तियों की जवाबदेही तय कर उचित कार्रवाई की जाए।

संघ यह भी स्पष्ट करना चाहता है कि यह मांग किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग के विरुद्ध नहीं, बल्कि केवल सत्य, पारदर्शिता और न्याय के पक्ष में है।

पीड़िता के परिजनों को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच प्रक्रिया का अधिकार है।

पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र ही निष्पक्ष जांच की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई, तो जिला औरंगाबाद निजी विद्यालय संघ अन्य शैक्षणिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन एवं चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# पुलिस ने शराब भट्ठियों को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर भट्ठियों के साथ अर्द्धनिर्मित महुआ शराब को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस बल ने हरदिया पंचायत के अंतर्गत आने वाले जमुनदाहा एवं झराही के घने जंगलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान लगभग आधा दर्जन शराब भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शराब माफिया दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों की ओट में शराब बना रहे थे, जिस पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सटीक कार्रवाई की। इस विशेष अभियान की सफलता में पुलिस की टीम भावना और तकनीकी सहायता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से लगभग 10 हजार लीटर अर्द्धनिर्मित महुआ घोल को बरामद कर उसे स्थल पर ही बहाकर नष्ट कर दिया। शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों और संसाधनों को भी नष्ट किया गया।

इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए थानाध्यक्ष के साथ एएसआई अमित कुमार, एएसआई सत्यदेव प्रसाद, एएसआई पवन कुमार, एएसआई के. के. झा एवं एएसआई संजय यादव के साथ पुलिस बलों की एक विशेष टीम गठित की गई थी।

तीन दिनों पूर्व फरका बुजुर्ग पंचायत के घने जंगली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 15 हजार लीटर शराब को नष्ट करते हुए आधा दर्जन शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया था। पुलिस द्वारा की जा रही छापेमारी से जंगल इलाके के शराब बनाने वालों में हड़कंप है।

# अंतरराष्ट्रीय चोर गिरोह का भांडाफोड़

**आरा।** ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों से चोरी किए गए मोबाइल फोन की अंतरराष्ट्रीय तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। रविवार को आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए चार मोबाइल चोरों ने पूछताछ के दौरान चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

चोरों ने स्वीकार किया कि आरा जंक्शन समेत अन्य स्टेशनों से चोरी किए गए मोबाइल फोन भारत में इस्तेमाल नहीं किए जाते, बल्कि इन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमाओं के पार बेच दिया जाता है। ऐसा (इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी) नंबर से पकड़ में आने से बचने के लिए किया जाता है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार एवं जीआरपी थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह एक संगठित गिरोह का काम है, जिसका नेटवर्क बक्सर जिले के पुराना भोजपुर और पटना से संचालित हो रहा है। गिरोह के सदस्य रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को निशाना बनाते हैं और भीड़भाड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी कर लेते हैं। इसके बाद इन मोबाइल फोन को सीमावर्ती इलाकों के माध्यम से नेपाल और बांग्लादेश भेज दिया जाता है।

# अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी ऑन सोन।** जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय डेहरी ऑन सोन में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन अंग्रेजी विभाग में किया गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जेएलएन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने से सफलता अवश्य मिलेगी साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पढ़ाई हो या खेल योजना वह रणनीति बनाकर करने से कामयाबी अवश्य मिलती है। आर्यन कुमार , अनुपम राज हर्ष, विवेकानंद कुमार आदि का चयन शतरंज प्रतियोगिता हेतु किया गया। कार्यक्रम अंग्रेजी के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार की देखरेख में हुई। मौके पर मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष कमलनयन सिंह हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ नीलम पाल परीक्षा नियंत्रक शशि शेखर विद्यार्थी आनंद कुमार सिंह इफ्तिखार अहमद मधु कुमारी राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जीत की अग्रिम बधाई दी। उक्त जानकारी खेल प्रभारी कन्हैया सिंह ने दिया।

# एम्बुलेंस चालकों का बढ़ा वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार में 102 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों के लिए नए साल में राहत भरी खबर है।बिहार राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ (इंटक) के पदाधिकारियों और जैन प्लस कंपनी के उच्च पदाधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद एक अहम और निर्णायक समझौता हुआ है।

इस समझौते के तहत अब पूरे बिहार में कार्यरत 102 एंबुलेंस के सभी ड्राइवर और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन का वेतन एक समान कर दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया है कि सभी 102 एंबुलेंस कर्मचारियों को सरकार और श्रम विभाग द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी का लाभ मिलेगा।

कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी चार दिन का अतिरिक्त कार्य करता है, तो उसे उसका अलग से भुगतान किया जाएगा। वहीं, जो कर्मचारी अतिरिक्त कार्य नहीं करना चाहते हैं, उन्हें चार दिन का साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की व्यवस्था भी लागू की गई है।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने बताया कि ड्राइवर को पहले 10 हजार मासिक वेतन मिलता था। अब दोनों का 14 हजार 200 के लगभग हो गया है।

भविष्य में जब-जब सरकार या श्रम विभाग की ओर से न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की जाएगी, उसका सीधा लाभ 102 एंबुलेंस कर्मियों को दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईसी) का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिल सके।




किसी भी कर्मचारी के कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में उसके इलाज का पूरा खर्च संस्था द्वारा वहन किए जाने पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा संस्था की ओर से एक वेलफेयर योजना लागू करने का प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया है, जिसके तहत आर्थिक जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को संस्था द्वारा आर्थिक सहायता दी जाएगी।

पूर्व में कार्यरत सभी कर्मचारियों का समायोजन किया जाएगा और सभी कर्मियों को नियुक्ति पत्र एवं वेतन पर्ची भी दी जाएगी। इस फैसले के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा, लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम आज पूरे बिहार के 102 एंबुलेंस कर्मचारियों को मिला है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विशेष रूप से नालंदा जिला सहित राज्य के सभी एंबुलेंस कर्मियों के लिए खुशी की बात है।

# रक्षा विभाग की जमीन पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी के खिलाफ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अवैध जमाबंदी रद करने के लिए अपर समाहर्ता को निर्देश जारी किया है। मामले में स्वतः संज्ञान लेकर 45 दिनों में अवैध जमाबंदियों को रद कर देना है।इसे देखते हुए जिले में खासमहाल, बिहार सरकार एवं अन्य सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी रद किए जाने की उम्मीद जगी है। यह इसलिए कि जिले में इस तरह के मामलों की फाइल वर्षों से दबी हुई है। खासमहाल की जमीन से जुड़ी जमाबंदी का मामला ही सात वर्षों से अपर समाहर्ता के न्यायालय में लंबित है।65 जमाबंदियों के मामले की सुनवाई एक साथ चल रही है। जमाबंदी रद होना तो दूर अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री और दाखिल-खारिज जारी रही। रक्षा मंत्रालय की जमीन की जमाबंदी की सेना की ओर से बार-बार अतिक्रमण की शिकायत के बाद भी स्थानीय प्रशासन मामले को अब तक दबाता ही रहा है।सेना ने अतिक्रमणकारियों के नाम तक जारी किए हैं। इसके अलावा बिहार धार्मिक न्याय पर्षद की हजारों एकड़ जमीन की अवैध जमाबंदी कायम कर उसकी खरीद-बिक्री तक कर दी गई है।सिकंदरपुर मन क्षेत्र में खासमहाल की अरबों की जमीन है। इस जमीन की अवैध रूप से खरीद-बिक्री और जमाबंदी को लेकर तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त अतुल प्रसाद ने कार्रवाई की पहली की थी। उन्होंने कैडस्ट्रल और रिवीजनल सर्वे का तुलनात्मक अध्ययन कर इस तरह की जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने को कहा था। इसके अलावा इस क्षेत्र में 65 जमाबंदियों के खिलाफ अपर समाहर्ता के न्यायालय में मामला भेजा गया। तत्कालीन डीसीएलआर पूर्वी एवं खासमहाल पदाधिकारी ने सभी व्यक्तियों को नोटिस जारी कर कई के दाखिल-खारिज को रद भी किया, मगर इसके बाद कार्रवाई थम गई।

# हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल शिवाजीनगर में डॉक्टर कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में एक भव्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सामाजिक कार्यों में युवाओं की भूमिका रखा गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था के संस्थापक तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ललित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता में शिवाजीनगर प्रखंड के कुल 13 विद्यालयों से 68 छात्र-छात्राओं ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में युवाओं की भूमिका, जिम्मेदारी और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रामजन्म सिंह पूर्व बीआरपी सह डॉक्टर कलाम फेडरेशन के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, संस्था के सचिव राज नारायण सर, सक्रिय सदस्य सुरेश कुमार सिंह, राजन कुमार, अभिषेक राज सहित अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना को भी मजबूत करती हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहियार दक्षिण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शंकरपुर,उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुरापुर, उत्क्रमित हाई स्कूल श्रीपुरा मजरहिया, उत्क्रमित हाई स्कूल परसा, उत्क्रमित हाई स्कूल करियर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भटौरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दसोत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय




रामभद्रपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहतौली, गांधी स्मारक विद्यालय बल्लीपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जंदाहा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय दहियार शामिल थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमार वैभव, अनूप कुमार, नीरज कुमार, राजन कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, आदित्य कुमार, शिवम कुमार, शशि यादव, उत्कर्ष आनंद, अमरेश कुमार, रविंद्र कुमार, शंकर कुमार झा, विजेंद्र कुमार झा, राम शंकर सिंह, आलोक रंजन सहित अन्य शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही अंत में आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ निबंधों को सम्मानित किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# अनियंत्रित हाइवा ने मंदिर में मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर-भागलपुर एनएच-80 स्थित नया छावनी गांव में मध्य विद्यालय नया छावनी के समीप अनियंत्रित हाईवा ने बजरंगबली मंदिर में ठोकर मारी दी।

हाईवा सड़क किनारे बने नाले पर चढ़ते हुए मंदिर को तोड़ते हुए पीपल के बड़े पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन के केबिन में फंसे गया जिसे लगभग सात घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया।

चालक को पैर में चोटें आई जिसे पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चालक तौहीद अंसारी नवादा का रहने वाला है।

सूचना पर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकालने की कोशिश की।असफल होने पर हाइड्रा की मदद से उसके बाद काफी मशक्कत के बाद हाईवा गाड़ी में फंसे चालक को बाहर निकाला।

## सात घंटे तक केबिन में फंसा रहा चालक

चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि चालक का बांया पैर फ्रैक्चर है तथा बेहतर इलाज के लिए मुंगेर रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि हाईवा गाड़ी का चालक नवादा निवासी तोहिद अंसारी कहलगांव से एनटीपीसी से छाय लेकर निमार्णाधीन फोरलेन में देने के लिए जा रहा था उसी क्रम में एनएच मार्ग में मध्य विद्यालय नया छावनी के पास उसे झपकी आ गई और वह अपने गाड़ी का संतुलन खो बैठा।

गाड़ी सड़क के किनारे बने नाला पर चढ़ते हुए एक दुकान, बजरंगबली की मंदिर तथा बिजली के पोल को तोड़ते हुए पीपल वृक्ष से टकराई।इस घटना में विद्यालय की चहारदीवारी भी टूट गई।घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

CMYK

# नितिन नवीन के रूप में भाजपा में एक नए युग की शुरुआत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी इसे भाजपा में नए युग की शुरुआत बता रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज का दिन पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मजबूत संगठनात्मक ढांचे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करने वाली पार्टी है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आज नामांकन हुआ और मंगलवार को इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी और भाजपा को नया अध्यक्ष मिलेगा। यह पूरे संगठन के लिए गर्व का पल होगा। उन्होंने कहा भाजपा न किसी एक जाति की बल्कि एक परिवार की पार्टी है। यह पल भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की नीति का बड़ा उदाहरण है। एक समर्पित कार्यकर्ता का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पूरे संगठन के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वंशवाद की राजनीति में सिर्फ परिवार के सदस्यों को ही चुना जाता है जबकि भाजपा का हर कार्यकर्ता भाजपा परिवार का हिस्सा माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया भाजपा की उस परंपरा को दिखाती है जिसमें मेहनत और समर्पण के दम पर कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नवीन, जो कार्यकर्ताओं के चहेते हैं, पार्टी के एक मजबूत और काबिल राष्ट्रीय अध्यक्ष साबित होंगे। वे पटना के रहने वाले हैं जिससे हमारी खुशी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा आज का दिन भारत की राजनीति में बड़ा दिन है, लेकिन बिहार के लिए सबसे बड़ा दिन है। यह पल देश की राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

## बेगूसराय की फिनटेक स्टार्टअप क्रेडिटबकेट को राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बेगूसराय स्थित फिनटेक स्टार्टअप क्रेडिटबकेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को स्टार्टअप इंडिया (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार समारोह में सामुदायिक विकास उत्प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार क्रेडिटबकेट की प्रमुख पहल 'समृद्धि केंद्र' को टियर-3 से टियर-6 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। क्रेडिटबकेट की स्थापना सुमन सौरव ने की जिसकी प्रेरणा उन्हें स्वयं शिक्षा ऋण प्राप्त करने में आई कठिनाइयों से मिली। दस्तावेजों की कमी और विश्वास के अभाव के कारण बड़ी संख्या में लोग औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रह जाते हैं, इसी समस्या के समाधान के लिए 'समृद्धि केंद्र' मॉडल विकसित किया गया। यह मंच भौतिक और डिजिटल के संयुक्त मॉडल पर कार्य करता है। इसके तहत स्थानीय छोटे व्यवसायी जैसे किराना दुकानदार और मोबाइल दुकानदार 'समृद्धि साथी' के रूप में कार्य करते हैं। ये समृद्धि साथी क्रेडिटबकेट की तकनीक के माध्यम से अपने आसपास के लोगों को ऋण, बीमा और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करते हैं जिससे बिचौलियों और ऊंची ब्याज दर वाले साहूकारों पर निर्भरता समाप्त होती है। बिहार के एक छोटे शहर से शुरू हुई यह कंपनी तेजी से आगे बढ़ी है। वर्तमान में नेटवर्क में 1600 से अधिक सक्रिय समृद्धि साथी जुड़े हैं जो 400 से अधिक पिन कोड क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। पिछले तीन महीनों में मंच के माध्यम से 27 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही 1.2 लाख से अधिक ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय साक्षरता से जोड़ा गया है। क्रेडिटबकेट के संस्थापक सुमन सौरव ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के कारण उन्होंने देखा कि विश्वास की कमी किस तरह समुदाय को पीछे रखती है। यह पहल केवल ऋण देने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए वित्तीय गरिमा का निर्माण कर रही है। क्रेडिटबकेट की इस सफलता में बिहार सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्टार्टअप को बिहार स्टार्टअप नीति के तहत शुरुआती चरण में क्रियाशील पूंजी सहायता प्राप्त हुई, जिससे प्रारंभिक प्रोटोटाइप विकसित किया जा सका। इसके अलावा स्टार्टअप को बिहार स्टार्टअप हब और आईआईटी पटना में इनक्यूबेशन सहायता मिली।

## नीट छात्रा की मौत मामले की जांच सीबीआई करें : प्रेरणा विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में नीट छात्रा की नृशंस हत्या के विरोध में आक्रोश मार्च का आयोजन डाकबंगला चौराहा से जे पी गोलंबर तक किया गया। इस आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लिया और घटना के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। आक्रोश मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने कहा कि यह घटना केवल एक छात्रा की हत्या नहीं, बल्कि नारी सुरक्षा और छात्र सुरक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। यदि दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड नहीं मिला तो ऐसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा को और बढ़ाएंगी। आक्रोश मार्च के उपरांत प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा निम्नलिखित मांगें प्रशासन के समक्ष रखी गईं जिसके अंतर्गत उक्त छात्रा हत्या कांड की सीबीआई से निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। हत्या में संलिप्त सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा, सुरक्षा एवं न्यायिक सहायता प्रदान की जाए। शिक्षण संस्थानों एवं छात्रावासों में छात्रा सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए।

## हिन्दू वाहिनी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने हरेंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक हरेन्द्र प्रताप को बिहार प्रदेश इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी उर्फ राजू भैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के महामंत्री मयंक ढेंगुला ने आज दी। उन्होंने बताया कि श्री प्रताप के व्यापक बौद्धिक अनुभव और बिहार में उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें बिहार प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है और राज्य में उन्हें संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बीच राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन को देश भर में मजबूत करने के लिए राजू भैया के नेतृत्व में सघन अभियान चलाया जा रहा है और विभिन्न प्रदेशों में योग्य लोगों को पदाधिकारी एवं सदस्य बनाया जा रहा है। श्री प्रताप को बिहार का अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन की महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ. विभा द्विवेदी तथा अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## बिहार विधान सभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए नेशनल ई विधान एप्लिकेशन पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के निर्देश पर नवनिर्वाचित सदस्यों और उनके निजी सहायकों के लिए नेशनल ई विधान एप्लिकेशन से संबंधित कार्यशाला और प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 तक संचालित होगा। कार्यशाला में प्रश्न भेजने की ऑनलाइन प्रक्रिया, उत्तर देखने, प्रश्न की स्थिति जानने सहित अन्य डिजिटल सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन दो पालियों में 25-25 सदस्य और उनके निजी सहायकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सचिवालय की ओर से बताया गया कि नेशनल ई विधान परियोजना के अंतर्गत सभी सदस्यों के सभा कक्ष में उनके आसन के समक्ष डिजिटल टैबलेट स्थापित किए गए हैं। इन टैबलेट पर कार्य सूची, प्रश्नों से संबंधित जानकारी और अन्य सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी जिससे कागज के उपयोग की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। कार्यशाला के दौरान टैबलेट के उपयोग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहल बिहार विधान सभा को डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। नेशनल ई विधान एप्लिकेशन के लागू होने से विधान सभा को पेपरलेस और डिजिटल स्वरूप की ओर आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके लिए सदस्यों और उनके निजी सहायकों का प्रशिक्षण आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि बिहार विधान सभा नेशनल ई विधान परियोजना के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके।

## जिलाधिकारी ने गांधी मैदान का किया निरीक्षण
## 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा: जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए निर्धारित मानकों के अनुसार तेजी से सभी तैयारी चल रही है। वे आज गांधी मैदान का भ्रमण कर गणतंत्र दिवस समारोह, 2026 की तैयारियों का निरीक्षण एवं पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह एक फिक्स्ड टाईम-फिक्स्ड वेन्यू समारोह है। यह एक महत्वपूर्ण टीम वर्क है। अतः हर एक को अपनी भूमिका के बारे में भली-भांति अवगत रहना एवं उसका सम्यक निर्वहन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों की सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विभागीय पदाधिकारियों को अपने-अपने टीम को अनवरत क्रियाशील रखना होगा। सभी पदाधिकारियों को आपस में सार्थक समन्वय करते हुए तत्परता प्रदर्शित करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक तैयारी के दृष्टिकोण से सम्पूर्ण गांधी मैदान को चार सेक्टर में एवं आवश्यकतानुसार सब-सेक्टर में बांटा गया है। अपर जिला दंडाधिकारियों एवं अपर पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में सभी सेक्टर में कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों का नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक बहु-सदस्यीय उप समिति 24गुणे 7 क्रियाशील है।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर 'महाराणा प्रताप मेमोरियल ट्रस्ट' नीरपुर - रूपस, अथमलगोला के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों के द्वारा परमवीर महाराणा प्रताप की जीवनी सहित उनके शौर्य गाथाओं पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह में खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले दर्जनों पुरुष और महिलाओं खिलाड़ियों को अंगवस्त्र और ट्राफी प्रदान कर उनके उत्साह वर्धन किए गये। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, बाढ़ विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह, बख्तियारपुर विधायक अरुण साह, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजेश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर शंकर सिंह, नगरपरिषद अध्यक्ष संजय कुमार (गाय माता) पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष संजीव कुमार चुन्ना जी राजेश सिंह राजू, धनंजय सिंह, मृगेंद्र सिंह, मंटू संजीव कुमार, बबलू सर, रवि सिंह चौहान, अनिल सिंह, शंकर सिंह, विजय कुमार सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र, जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी जी, प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानू जी, रवि रंजन सिंह क्षत्रिय करनी सेना के अध्यक्ष मनजीत सिंह शाहिद उपस्थित रहे।

## बिहार सीनियर महिला कबड्डी का प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हैदराबाद में आगामी 27 से 30 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली 72वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार टीम के संभावित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर बेगूसराय के बिहट के संस्कार भवन में सोमवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अपूर्व सुकांत एवं सचिव विपुल कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों की सूची चयन समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी की गई है।

## विधानसभा चुनाव परिणाम की तरह सदस्यता अभियान को भी ऐतिहासिक बनाएं कार्यकर्ता : संजय झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जदयू के महासदस्यता अभियान 2025-28 की समीक्षा को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा की गरिमामयी उपस्थिति तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में पार्टी की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से सभी सांसद, विधानमंडल दल के सदस्य, पार्टी के पूर्व प्रत्याशी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष/कार्यकारी जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षगण शामिल हुए। सदस्यता अभियान की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव परिणाम ने विपक्ष के सारे नैरेटिव को पूरी तरह तोड़ दिया है। मीडिया में हमारे नेता को लेकर जिस प्रकार की धारणाएँ गढ़ी जा रही थीं, उन्हें जनता ने ही नेस्तनाबूद कर दिया। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि 20 वर्षों के शासन के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। सामान्यतः राजनीति में ऐसा उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार मौसम की परवाह किए बगैर हर समय जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं।

## पटना के युवाओं के लिए काके दा होटल बना पार्टी हब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सीपी दिल्ली फेम काके दा होटल का सगुना मोड़ स्थित पटना फ्रेंचाइजी काके दा होटल युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय पार्टी हब के रूप में अपनी खास पहचान बना रहा है। अपने लाजवाब स्वाद, बेहतरीन क्वालिटी और शानदार माहौल के कारण काके दा होटल न केवल पटना बल्कि राज्यभर के फूड लवर्स के बीच प्रसिद्ध होता जा रहा है। खासतौर पर यहां मिलने वाले पंजाबी और उत्तर भारतीय व्यंजन लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। काके दा होटल दिल्ली का पुराना और मशहूर रेस्टुरेंट चेन है। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए पटना के फ्रेंचाइज ओनर धनंजय कुमार ने कहा कि काके दा होटल युवाओं के लिए पार्टी, बर्थडे सेलिब्रेशन, किटी पार्टी, गेट-टुगेदर और फैमिली डिनर का पसंदीदा हब बन चुका है। वहीं होटल के मैनेजमेंट हेड अमित गौरव ने कहा कि आधुनिक इंटीरियर, म्यूजिकल माहौल और प्रोफेशनल सर्विस के साथ यहां का वातावरण हर वर्ग के लोगों को आकर्षित करता है।

## वार्षिकोत्सव से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : महापौर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी में बचपन प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने धमाल मचाया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश बंदना से हुई। तत्पश्चात पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू एवं उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कार्यकम का उदेघाटन दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने बच्चों से कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है और इससे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई के साथ खेलकूद पर ध्यान दें। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सत्यजीत सिन्हा ने स्कूल के कार्यकलापों की चर्चा की। उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि बच्चे अगर पढ़ाई के साथ खेल कूद में ध्यान देते हैं तो उनके अंदर लीडरशिप क्वालिटी विकसित होकर और बच्चे आगे चलकर सफल भी होते हैं।

## डीडीयू-पटना-जसीडीह-आसनसोल के रास्ते अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

**23 जनवरी से बनारस से किया जायेगा नियमित परिचालन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पटना-जसीडीह-आसनसोल के रास्ते बनारस और सियालदह के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 18.01.2026 को बनारस और सियालदह के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03141 संतरागाछी-बनारस अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया गया था। गाड़ी सं. 22588/22587 बनारस-सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन बनारस से 23 जनवरी, 2026 से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा सियालदह से 24 जनवरी, 2026 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को किया जायेगा। ये गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन हैं। इस अमृत भारत एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08, एल.एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। गाड़ी सं. 22588 बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस 23 जनवरी, 2026 से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को बनारस से 22.10 बजे प्रस्थान कर 23.10 बजे पं0 दीनदयाल उपाध्याय जं., अगले दिन 01.58 बजे पटना जं., 05.00 बजे जसीडीह, 05.19 बजे मधुपुर, 06.17 बजे आसनसोल तथा 06.43 बजे दुर्गापुर रुकते हुए 09.55 बजे सियालदह पहुंचेगी।

## गांधी विचार मंच का गठन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान में डॉ प्यारेलाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वसम्मति से गांधी विचार मंच का गठन किया गया। प्रोफेसर मनोज कुमार मंच को अध्यक्ष, प्रोफेसर परमानंद सिंह को उपाध्यक्ष तथा प्रमोद शर्मा को महा सचिव तथा डॉक्टर प्यारेलाल, राजीव कुमार, चंद्रभूषण, ललित कुमार सिंह, श्याम नंदन तथा डॉक्टर मनोज मीता सदस्य होंगे। 'बिहार में गांधी' पुस्तक के लोकार्पण के संबंध में निर्णय लिया गया कि राज्यपाल का समय लिया जाय। संभावित तिथि 21 फरवरी या राज्यपाल के द्वारा दिए गए तिथि पर बापू टावर में किया जाय। खादी की बिहार में स्थिति पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि प्रमोद शर्मा कॉन्सेप्ट पेपर बनाएंगे। डॉक्टर प्यारेलाल मेथोडॉलजी बनाएंगे। सैंपलिंग कर स्थिति का अध्ययन कर खादी और ग्रामोद्योग के पुनर्जागरण में बिहार सरकार के उद्योग विभाग तथा जीविका से जोड़े जाने के संबंध में विस्तृत योजना सरकार को दी जाएगी।

## श्री बालाजी सुंदर कांड समिति द्वारा कंकड़बाग में भव्य सुंदर कांड एवं पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के तत्वावधान में कंकड़बाग में कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' एवं ममता अग्रवाल द्वारा विधिवत सामूहिक सुंदर कांड एवं पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक राधे श्याम शर्मा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने पूरे मनोयोग से सुंदर कांड पाठ एवं भजनों का श्रवण किया। भजनों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु श्रीराम एवं श्री बालाजी की भक्ति में लीन दिखाई दिए। पूजन उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता अग्रवाल, निशा रानी, नेहा जगनानी, स्वीटी, सीमा सिंघल, दुर्गा गोयनका, श्वेता टीकमणि, श्वेता संथालिया, रेखा धानुका, अंजली, अलका, दुर्गा देवी, मंजूषा सिंह, श्वेता अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, निकिता बागड़िया, शिवानी सहित अनेक महिला एवं पुरुष भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रसाद ग्रहण किया। श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और भक्ति भाव को बढ़ावा देना है।

## आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील कुमार दूबे ने महिमा चौधरी को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने पटना में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीबुड अभिनेत्री महिमा चौधरी को फिल्म इण्डस्ट्री में उनके योगदन के लिए मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। फिल्म 'परदेस' से चर्चित अभिनेत्री महिमा चौधरी को सम्मानित करने के बाद डॉ. सुनील कुमार दूबे ने कार्यक्रम के आयोजक आलोक सिंह एवं श्रीनाथ जी को बधाई दी और बिजनेस इन बिहार के कार्यों को सराहा। डॉ. दूबे ने कहा कि महिमा जी की पहली फिल्म 'परदेस' सुपरहिट रही थी।

## बाल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के सौजन्य से अहसास कलाकृति द्वारा बाल संरक्षण पर आधारित कुमार मानव लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक 'रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा' पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर की गई। नाटक में दिखाया गया कि रेलवे स्टेशन पर एक बच्ची अपने मां से बिछड़ जाती है और एक संदिग्ध के चंगुल में फंसकर बाल तस्करी का शिकार होने वाली थी, लेकिन स्टेशन पर कार्य करने वाले सफाईकर्मी की वजह से बच जाती है। वह तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल कर उसे सहायता पहुंचाता है। नाटक में यह दर्शाया गया की कोई भी बालक या बालिका जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम है अगर वह अकेले किसी परेशानी में दिखे तो हर सभ्य नागरिक का कर्तव्य है की तत्काल उनकी सहायता करें जिससे कि वे गलत हाथों में जाने से बच जाएं। इसके लिए चाइल्ड हेल्प लाइन के 1098, टॉल फ्री नंबर 112 या रेलवे स्टेशन के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर या जी आर पी, आर पी एफ से संपर्क कर उन्हे जरूर सहायता करें। भाग लेने वाले कलाकार थे अर्चना कुमारी, विजय कुमार, भूणेश्वर कुमार, हिमांशु कुमार, देव कुमार, हेमा कुमारी। गायक थे कृष्ण तूफानी और नाल पर थे राजकिशोर पासवान वहीं बलराम कुमार एवं रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# मिनटों में सामान, लेकिन सड़क पर जान की जिम्मेदारी किसकी?

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं।सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुंचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करे?बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है।मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था।नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह बात तो स्पष्ट है कि आनलाइन बाजार के कारोबार से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन साथ ही संबंधित कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में कर्मियों की सुरक्षा और काम के दबाव का संकट भी पैदा हुआ है।कहा जा रहा है कि सरकार के आदेश के बाद आनलाइन कंपनियों ने अपने मंच से दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा हटा लिया है। मगर इस तरह की कोशिशें फिर से किसी दूसरे रूप में न हों, इसके लिए सरकार की ओर से एक निगरानी तंत्र बनाने की जरूरत है। सरकार को संबंधति आनलाइन मंचों के साथ मिलकर यह कोशिश करनी होगी कि श्रमशक्ति का यह हिस्सा सुरक्षित वातारण में विकास और सामाजिक गतिशीलता की सीढ़ी बने और उनके अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

**हम आपको बता दें कि बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिये गये इस साक्षात्कार में एआर रहमान ने कहा, फिल्म उद्योग में सत्ता संतुलन बदला है और संभव है कि इसके पीछे कोई साम्प्रदायिक पहलू भी हो, हालांकि यह बात उनके सामने सीधे तौर पर कभी नहीं आई। संगीत जगत के सबसे प्रभावशाली नामों में शुमार एआर रहमान इन दिनों चर्चा में हैं, लेकिन वजह उनकी कोई नई रचना नहीं, बल्कि वह बयान हैं जिनमें उन्होंने कथित रूप से अपने धर्म के कारण पिछले लगभग एक दशक से हिंदी फिल्म उद्योग में काम कम मिलने का संकेत दिया। जिस तरह से उनके इन बयानों को हिंदी सिनेमा जगत की कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित हस्तियां सिरे से खारिज कर रही हैं, वह साफ करता है कि प्रख्यात संगीतकार ने बॉलीवुड को धर्म के चश्मे से देखकर एक बुनियादी भूल की है। हिंदी सिनेमा एक ऐसा मंच रहा है जहां पहचान नहीं, बल्कि प्रतिभा निर्णायक रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस उद्योग ने रहमान को सिर आंखों पर बैठाया, उसी के स्वभाव को वह आज तक नहीं समझ पाए, यह हैरानी का विषय नहीं तो और क्या है?**

# एआर रहमान ने हिंदी सिनेमा जगत को धर्म के चश्मे से देखकर बड़ी गलती कर दी है

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिये गये इस साक्षात्कार में एआर रहमान ने कहा, फिल्म उद्योग में सत्ता संतुलन बदला है और संभव है कि इसके पीछे कोई साम्प्रदायिक पहलू भी हो, हालांकि यह बात उनके सामने सीधे तौर पर कभी नहीं आई। एआर रहमान के अनुसार उन्हें यह सब सीधे नहीं बताया जाता, बल्कि कानों कान खबर के रूप में पता चलता है। उनका कहना है कि वह काम की तलाश में नहीं रहते, बल्कि चाहते हैं कि उनके काम की सच्चाई खुद काम को उनकी ओर खींच लाए। उन्होंने इसे अपनी आस्था और कार्यशैली से जोड़ा और कहा कि वह जबरन अवसर खोजने में विश्वास नहीं रखते।

दिलचस्प बात यह है कि नब्बे के दशक में जब रहमान ने हिंदी फिल्म जगत में कदम रखा, तब उन्हें किसी भेदभाव का अनुभव नहीं हुआ। वह कहते हैं कि शायद उस समय ईश्वर ने ऐसी बातों से उन्हें दूर ही रखा। लेकिन हाल के वर्षों में परिस्थितियां बदली हैं। उनके अनुसार अब निर्णय की शक्ति कई बार ऐसे लोगों के हाथ में है जिनका रचनात्मकता से सीधा संबंध नहीं है। कभी कभी यह भी सुनने में आता है कि किसी परियोजना के लिए उन्हें चुना गया था, लेकिन बाद में संगीत कंपनी ने अन्य संगीतकारों को साथ लेकर काम कर लिया।

साक्षात्कार में रहमान ने यह भी कहा कि वे ऐसी फिल्मों से दूरी बनाने की कोशिश करते हैं जिनकी मंशा उन्हें ठीक नहीं लगती। इसी संदर्भ में उनसे हाल में आई एक ऐतिहासिक फिल्म में उनके काम को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि फिल्म विभाजन की भावना पर आधारित लग सकती है, लेकिन उनका मानना है कि इसका मूल उद्देश्य साहस और शौर्य को दिखाना था। उन्होंने यह भी कहा कि दर्शक इतने समझदार हैं कि वह



सच्चाई और चालाकी में फर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, फरवरी 2025 में प्रदर्शित हुई और ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर तीखी बहस के बावजूद व्यापारिक रूप से अत्यंत सफल रही। इसकी कुल कमाई लगभग सात सौ करोड़ रुपये बताई गई।

दूसरी ओर, रहमान की टिप्पणी ने कला जगत में तीखी प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं। वरिष्ठ गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने इस विचार से असहमति जताई है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी ऐसा माहौल महसूस नहीं किया। जावेद अख्तर ने कहा कि मुंबई में रहमान को अपार सम्मान मिलता है लेकिन कई छोटे निर्माता उनसे संपर्क करने में हिचकिचाते हैं। उनका मानना है कि रहमान की व्यस्त अंतरराष्ट्रीय जीवनशैली भी काम कम होने का एक कारण हो सकती है, न कि कोई साम्प्रदायिक तत्व।

वहीं लेखिका और स्तंभकार शोभा डे ने रहमान की टिप्पणी को खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों के अनुभव में उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग को प्रतिभा के आधार पर चलने वाला क्षेत्र पाया है, जहां धर्म आड़े नहीं आता। गायक शान ने भी इसी तरह की राय रखते हुए कहा कि काम मिलना या न मिलना व्यक्तिगत परिस्थितियों और पसंद नापसंद पर निर्भर करता है। ऐसी ही टिप्पणियां कई अन्य कलाकारों की भी रहीं।

देखा जाये तो एआर रहमान की यह आशंका कि हिंदी फिल्म उद्योग में उनके लिए अवसर कम होने के पीछे कोई साम्प्रदायिक कारण हो सकता है, न केवल कमजोर तर्क पर आधारित दिखती है बल्कि बॉलीवुड के लंबे इतिहास और वर्तमान सच्चाई से भी मेल नहीं खाती। हिंदी सिनेमा की बुनियाद ही विविधता, समावेश और प्रतिभा की स्वीकृति पर टिकी रही है। यहां धर्म नहीं, बल्कि दर्शकों से जुड़ने की क्षमता और काम की गुणवत्ता निर्णायक रही है।

अगर बॉलीवुड में सचमुच धर्म के आधार पर भेदभाव होता, तो यह कल्पना भी संभव नहीं होती कि पिछले



तीन दशकों से उद्योग के सबसे बड़े सितारे तीन मुसलमान कलाकार होते। शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान न केवल व्यावसायिक सफलता के शिखर पर हैं, बल्कि उन्हें देश के हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र से अपार प्रेम मिला है। उनके प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती रही है और उनकी फिल्मों ने सैंकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यह तथ्य अपने आप में इस धारणा को खारिज करने के लिए पर्याप्त है कि बॉलीवुड में धर्म किसी कलाकार की राह रोकता है।

हिंदी फिल्म उद्योग में संगीत, लेखन, अभिनय और निर्देशन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में अनगिनत उदाहरण हैं, जहां कलाकारों को उनकी पहचान या आस्था के कारण नहीं, बल्कि उनके हुनर के कारण स्वीकार किया गया। जावेद अख्तर, सलीम खान, मजरूह सुल्तानपुरी और नौशाद जैसे नाम इस बात की गवाही देते हैं कि यह उद्योग प्रतिभा को सिर आंखों पर बैठाता है। एआर रहमान निस्संदेह एक महान संगीतकार हैं और उनके योगदान पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। लेकिन बदलते दौर में काम की मात्रा कम या ज्यादा होना कई व्यावसायिक और रचनात्मक कारणों से जुड़ा हो सकता है। इसे सीधे साम्प्रदायिक नजरिये से देखना न तो उद्योग के साथ न्याय करता है और न ही स्वयं रहमान की उस वैश्विक छवि के साथ, जो संगीत को सीमाओं और पहचानों से परे मानती है।

जरूरत इस बात की है कि ऐसे कयासों की बजाय आत्मविश्लेषण और बदलती कार्यप्रणाली को समझा जाए। बॉलीवुड को संदेह के कटघरे में खड़ा करने की बजाय, रहमान जैसे कलाकारों को अपनी ही विरासत पर भरोसा रखना चाहिए। यह उद्योग आज भी उसी सिद्धांत पर चलता है जिस पर वह दशकों से चलता आया है यानि प्रतिभा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## सीनियर और युवा नेताओं के बीच संतुलन स्थापित करना नितिन नबीन के लिए होगी बड़ी चुनौती

(संतोष कुमार पाठक)

हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है।

भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख जारी हो गई है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाए गए डॉ के.लक्ष्मण ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। संगठन पर्व - 2024 के तहत जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पार्टी ने शुक्रवार को ही निर्वाचक मंडल सूची का प्रकाशन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 19 जनवरी से शुरू हो जाएगी। 19 जनवरी को ही दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। इसी दिन शाम को 4 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शाम 5 से 6 बजे तक नाम वापस लिया जा सकता है। अगर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए एक से अधिक नेता नामांकन भरेंगे तो 20 जनवरी को चुनाव करवाया जाएगा। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए बीजेपी में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि 20 जनवरी को सर्वसम्मति से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के चुने जाने का ऐलान कर दिया जाएगा। हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है। बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी जबकि नितिन नबीन का जन्म इसके 47 दिन बाद 23 मई 1980 को हुआ था। ऐसे में अब बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह साबित करने की भी है कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी सिर्फ प्रतीकात्मक बदलाव का पर्याय भर बन कर न रह जाए। वहीं नई बीजेपी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका दिया जाना बहुत जरूरी है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बिहार से आने वाले इन युवा नेता के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी टीम का गठन करना होगा। पार्टी संविधान के मुताबिक, पार्टी में सर्वोच्च फैसला लेने वाली इकाई पार्टी का संसदीय बोर्ड है। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति का नंबर आता है जो चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन करता है। फिलहाल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी नड्डा है लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाने के बाद नितिन नबीन ही पार्टी का फैसला लेने वाले इस सर्वोच्च इकाई के अध्यक्ष होंगे। वर्तमान में नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, बी एस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के.लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव और सत्यनारायण जटिया संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष संसदीय बोर्ड के सचिव के तौर पर इसमें शामिल हैं। पार्टी की राष्ट्रीय टीम में ऐसे कई अन्य नेता भी शामिल हैं जो अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं और इसलिए उन्हें हटाने से पहले कई समीकरणों का ध्यान भी रखना पड़ेगा। ऐसे में यह देखना बहुत दिलचस्प रहेगा कि नितिन नबीन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए अपनी नई टीम कैसे तैयार कर पाते हैं और कैसे तमाम उम्र के नेताओं यानी सीनियर एवं युवा के बीच संतुलन बना पाने में कामयाब हो पाते हैं। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। यह इनके निजी विचार हैं)

# लाठी की दम पर भैंस बांधता अमेरिका

**वर्तमान समय में समूचा संसार कलह के दावानल के मध्य जीवन की भीख मांग रहा है। कहीं सबल देशों द्वारा स्वार्थ की बुनियाद पर स्वयं का शीशमहल खडा करने की आकांक्षा तले अपेक्षाकृत निर्बल देशों पर खुला अत्याचार किया जा रहा है तो कहीं पर्दे के पीछे बैठी मीरजाफरों की फौज से अशान्ति फैलवाई जा रही है। कहीं कट्टरता को हथियार बनाकर सौहार्द को नस्तनाबूद करने की कोशिशें हो रहीं है तो कहीं कट्टरता को सरलता में बदलने के चल रहे प्रयासों को दबाया जा रहा है। कहीं राष्ट्रीय सीमाओं के विस्तार हेतु आतंक का सहारा लिया जा रहा है तो कहीं आतंक को समाप्त करने की आड में स्वार्थपरिता ठहाके लगा रही है। इन सबके पीछे डीप स्टेट, छद्मवेशधारी समूह और सम्पन्न देश का संयुक्त षडयंत्र ही उत्तरदायी है जो विश्व सम्राट बनकर समूची धरती को अपने कदमों तले रौंदने की कल्पना पाले बैठा है। बांगलादेश में कट्टरता के लिए हत्यायें हो रहीं है तो ईरान में सरलता की मांग करने वालों की लाशें बिछाई जा रहीं हैं।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

नेपाल, श्रीलंका जैसे देशों के हालात बद् से बद्तर होते जा रहे हैं जबकि पाकिस्तान उधार लेकर घी पीने, बीमारी की हालत में भी पहलवान को धमकी और आतंक की फैक्ट्री चलने जैसी आदतों को निरंतर विस्तार दे रहा है। चीन, अमेरिका जैसे विस्तारवादी राष्ट्र अपने हथियारों, पैसों और बल के घमंड में अन्य देशों को अस्थिर करने में लगे हैं ताकि उनकी चुनौतियां पैदा होने से पहले ही मर जायें। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थायें पूरी तरह से मृतप्राय हो चुकीं हैं। विलायती संस्कृति के नूतन वर्ष में अमेरिका एक बार फिर लाठी की दम पर भैंस बांधने वाले अपने 37 वर्ष पुराना इतिहास को दोहरा चुका है। ड्रग्स और हथियारों की अवैध तस्करी का आरोप लगाकर अमेरिकी सेना ने ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व के दौरान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को उनके ही बैडरूम से क्रूरतापूर्वक अगवा कर किया और न्यूयॉर्क ले गये। इसी तरह ड्रग तस्करी का आरोप लगाकर दिसम्बर 1989 में पनामा के मुखिया मैनुअल नोरिएगा को अमेरिका ने अगवा करवा लिया था। मादुरो की दयनीय हालत, प्रताडना का अमानवीय चेहरा और स्वयं की सामर्थ दिखाकर ग्रीनलैण्ड को गुलाम बनाना की दिशा में आगे बढते अमेरिका के सामने न्यायहित सीधी टक्कर लेने हेतु कोई भी राष्ट्र खडे होने का साहस नहीं कर पा रहा है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिट्रेन, स्वीडन, नार्वे और नीदरलैण्ड ने संयुक्त रूप से 187 सैनिक भेजकर ग्रीनलैण्ड की सुरक्षा की रस्म अदायगी जरूर कर दी है। संयुक्त राष्ट संघ जैसी संस्थायें तो छठवीं अगुली की तरह अप्रासांगिक हो चुकी है। शेर की तरह दहाडने वाले चीन, उत्तरी कोरिया और रूस जैसे राष्ट्र भी अब तक शब्दों से आगे की यात्रा पर नहीं निकले हैं। ग्रीनलैण्ड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दबाव के कारण एक लाइव टीवी साक्षात्कार के दौरान भावुक होकर रो पड़ीं। मातृभूमि की स्वतंत्रता की दुहाई पर ग्रीनलैण्ड की सत्ता आज समूचे संसार से सहायता की भीख मांग रही है। वहीं दूसरी ओर भितरघाती मीरजाफर के चरित्र को आदर्श मानने वाली वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो ने अपने नोबेल शांति पुरस्कार 2025 को एक तानाशाह ट्रंप के हाथों में सौंपकर पुरस्कार देने वाली संस्था के निर्णय को ही कटघरे में खडा कर दिया। परतंत्रता को स्वाधीनता के रूप में स्वीकारने वाली विपक्षी नेता ने बेडियों को ही गहना मान लिया है। मालूम हो कि यह



पुरस्कार मारिया कोरीना मचाडो को वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव के लिए किये गये अथक प्रयासों हेतु दिया गया था। इस पुरस्कार के लिए उचित व्यक्ति का चयन नॉर्वे की संसद द्वारा चुनी गई नॉर्वेजियन नोबेल समिति द्वारा किया जाता है जो अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार होता है। स्वार्थपरिता की चरमसीमा पर पहुंच चुकी मानसिकता के कारण आज तानाशाही से निजात दिलाने के नाम पर मिलने वाला पुरस्कार एक अन्य तानाशाह के कदमों में पहुंचकर दम तोड चुका है। उधार के सिंदूर से मांग भरने वाले ट्रंप का अहंकार भले ही इसे एक उपलब्धि मान संतुष्ट हो गया हो परन्तु वेनेजुएला को गुलाम बनाने में महती भूमिका निभाने वाले उस देश के विपक्ष ने अपने राष्ट्रीय इतिहास में एक काला पन्ना जोड लिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के इशारों पर नाचने वाले मुहम्मद यूनुस को भी सन् 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था जिसमें उनको गरीबों हेतु सूक्ष्म-ऋष्टा उपलब्ध करवा के आर्थिक और सामाजिक विकास लाने हेतु कीर्तिमानी व्यक्ति माना गया था। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो से प्रेरित होकर आने वाले समय में मुहम्मद यूनुस भी अपना नोबेल पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति को भेंट कर दें ताकि बांगलादेश को आदर्श राष्ट का दर्जा मिल सके। नोबेल समिति के अनुसार पुरस्कार का हस्तांतरण नहीं किया जा सकता। ऐसे में ट्रंप को विजेता का दर्जा नहीं बल्कि केवल मारिया कोरीना मचाडो वाला मेडल रखने का सुख ही मिल पायेगा। सफेदपोश अपराधी बनकर अमेरिका ने संसार में आतंक की नई परम्परा को एक बार फिर व्यवहार में लाना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने दुनिया के सभी देशों में अपने घुसपैठिये, स्लीपर सेल और भितरघातियों की फौज तैयार कर रखी है जो अपने-अपने राष्टों को अस्थिर करने में जुटी है। अनेक देशों की वंशवादी पार्टियां, परिवारवादी संस्थायें और जन्मजात नेतृत्व सम्हालने वाले लोगों की भीड भी स्वार्थ, सुख और सम्पन्नता की मृगमारीचिका के पीछे मीरजाफर बनाकर दौड रहीं हैं। अमेरिका जैसे देश अत्याधुनिक हथियारों, परमाणु शस्त्रों और नवीन तकनीक के साथ-साथ जैविक असलहे, साइबर वैपन, इलैक्ट्रानिक बुलेट जैसे अनगिनत घातक उपकरण मानव, मानवता और मूल्यों की हत्या करने की घातक तैयारी में जुटे हैं। लाशों पर राज्य करने की मंशा से जुटे राष्टों को समय रहते रोकना होगा। इस हेतु भितरघातियों की पहचान करना बेहद जरूरी हो गया है अन्यथा वेनेजुएला की घटना और ग्रीनलैण्ड के हालात का विस्तार समूचे संसार में होते देर नहीं लगेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# आग लगने से 14 घर जलकर राख

## बीस लाख की सम्पत्ति सहित नगदी जलकर स्वाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका/ कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर एक कबलसिया गांव में सोमवार को आग लगने से 14 परिवार का 15 से 20 घर जलकर राख हो गया। आग की लपट इतनी भयावह थी लोगों में अफरा तफरी मच गया।

ग्रामीणों ने बताया कि 2 घंटे तक आग पर काबू नहीं पाया गया ।ग्रामीण एवं प्रतिनिधि के अथक प्रयास से दमकल एवं चापाकल से आग पर काबू पाया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय झा ने भी दमकल के पानी से आग बुझाने की कोशिश अपने से करते रहे और आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार भीषण आग में बेटी की शादी के लिए रखे नगदी रुपया और जेवर आग में जलकर राख हो गया। 14 परिवारों का घर का सारा सामान लगभग 20 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया। आग



लगी में मुनेश्वर मंडल,बजरंगी मंडल, कोचनी देवी पति मुन्ना मंडल, पप्पु मंडल पिता मुनेश्वर मंडल, विरमा कुमारी पिता मुखमंडल, श्यामा देवी पति विन्देश्वरी मंडल, मनीष मंडल, वन्दना कुमारी, सोज मंडल, खुशी कुमारी, प्रकाश मंडल, सारी देवी पति बासुदेव, जूली देवी महेन्द्र मुरी, रंजना देवी पति स्व० उमेश, प्रियांशु कुमारी पति चन्दन कुमार, खुशबू कुमारी पति कुंदन कुमार आदि का घर जलकर राख हो गया। आगलगी के पीड़ित परिवार को अंचल प्रशासन ने पॉलिथीन एवं आवश्यक सामग्री मुहैया कराया।

# रेल के क्षेत्र में काफी विस्तार हुआ और आगे भी विस्तार की गुंजाइश : सासंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** ट्रेन संख्या 05671 अमृत भारत ट्रेन का विधिवत उद्घाटन कटिहार स्टेशन मे रात्रि मे हुआ।कामख्या जंक्शन से रोहतक जंक्शन तक जाने वाली यह ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद तारिक अनवर, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने रविवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर रात्रि साढ़े दस बजे हरी झंडी दिखाई।



इस अवसर पर सांसद तारिक अनवर ने अपने संबोधन मे कहा कि मैं हमेशा कहता आया हूं कि रेलवे हमारी जीवन रेखा है। सांसद श्री अनवर ने कहा कि जब से देश आजाद हुआ है रेल के क्षेत्र मे काफी विस्तार हुआ है और आगे भी इसमें काफी गुंजाइश है इसके विस्तार की। देश मे आज भी जो माल ढुलाई होता है 70 फीसदी रेल द्वारा होता है। रेल का सार्वजनिक क्षेत्र मे बहुत बड़ा योगदान है रोजगार मुहैया कराने मे। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रेल रोजगार मुहैया करता है। हमारे देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है रेल। इसमें रोजगार के काफी अवसर है। कटिहार से नई ट्रेनों की शुरूआत होने से क्षेत्र के समग्र विकास मे मील का पत्थर साबित होगी। सांसद श्री अनवर ने अपने संबोधन मे तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी के योगदान की सराहना की। सांसद श्री अनवर ने भारत सरकार के साथ साथ रेलवे को धन्यवाद देते हुए उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास जताई कि कटिहार में रेलवे का विकास जारी रहेगा। इस ट्रेन के शुभारंभ से कटिहार के निम्न वर्ग, व्यापारियों, मजदूरों एवं सामान्य वर्ग के यात्रियों को कटिहार से रोहतक के सफर मे आसानी होगी। जिससे यात्रियों को कम पैसे मे आरामदायक सफर का अनुभव होगा।

# अमौर में उर्वरक कालाबाजारी पर कृषि विभाग का शिकंजा, 67 बोरी खाद जब्त, आरोपी पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** प्रखंड अंतर्गत आमगाछी पंचायत के गरहरा गांव में कृषि विभाग ने उर्वरक कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध भंडारण का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में बिना अनुज्ञप्ति रखे गए कुल 67 बोरी उर्वरक जब्त किए गए हैं, वहीं आरोपी विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार अपराह्न करीब 3:35 बजे प्रखंड कृषि समन्वयक सह उर्वरक निरीक्षक रंजन कुमार ने आमगाछी पंचायत के गरहरा गांव में अनाधिकृत उर्वरक विक्रेता विलावल आजम के गोदाम पर छापेमारी की। जांच के दौरान गोदाम से यूरिया (एनएफएल) 47 बोरी, डीएपी/एनपीएस 01 बोरी, एनपीके (12:12:12) 01 बोरी तथा कुबरा (बीएससी) 18 बोरी (25 किलोग्राम पैक) उर्वरक बरामद किए गए। छापेमारी के दौरान जब विक्रेता से उर्वरक से संबंधित रसीद एवं वैध



कागजात मांगे गए, तो वह कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बिना अनुज्ञप्ति उर्वरक का भंडारण एवं बिक्री करने के आरोप में सभी उर्वरकों की विधिवत जप्ती सूची बनाकर जब्त कर लिया गया। जब्त उर्वरकों को स्थानीय अनुज्ञप्तिधारी खुदरा उर्वरक विक्रेता मेसर्स दिलकश पोशो सेंटर के प्रोपराइटर मो. नाजिम के जिम्मेनामा पर सौंपने की कार्रवाई की गई।

इस संबंध में कृषि समन्वयक सह उर्वरक निरीक्षक रंजन कुमार ने बताया कि विलावल आजम द्वारा उर्वरक की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किए जाने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर छापेमारी कर अवैध उर्वरक जब्त किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध दिनांक 16 जनवरी 2026 को अमौर थाना कांड संख्या 14/26 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कृषि विभाग द्वारा उर्वरक कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान से न सिर्फ अवैध उर्वरक विक्रेताओं में बल्कि अनुज्ञप्तिधारी विक्रेताओं के बीच भी हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# रूपौली अंचल कार्यालय में लाखों के गबन का खुलासा, तत्कालीन नाजिर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली/ पूर्णिया।** रूपौली अंचल कार्यालय में सरकारी धन के बड़े गबन का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। अंचल कार्यालय में पदस्थापित तत्कालीन अंचल नाजिर सह निम्नवर्गीय लिपिक शिशिर कुमार को लाखों रुपये की सरकारी राशि के गबन के आरोप में रूपौली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

यह कार्रवाई अंचलाधिकारी रूपौली शिवानी सुरभि द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में की गई, जिसके आधार पर थाना कांड संख्या 04/2026 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप है कि शिशिर कुमार ने अंचलाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर अवैध रूप से 24,27,840 रुपये की निकासी



की। जांच में सामने आया है कि यह निकासी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रूपौली शाखा में संचालित सरकारी खाते से चेक बुक के विभिन्न चेक प्रपत्र क्रमांक के माध्यम से की गई। बिना वैध अनुमति और प्रक्रिया के इस तरह की निकासी को गंभीर वित्तीय अनियमितता माना जा रहा है। अंचलाधिकारी द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और अभियुक्त शिशिर कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय रंजन ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है और पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। घटना के खुलासे के बाद अंचल कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी इस गबन से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान यदि अन्य संलिप्तता सामने आती है तो कार्रवाई और भी व्यापक हो सकती है।

# प्रधानमंत्री ने असम से दो अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार असम एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। यह ऐतिहासिक अवसर इस क्षेत्र से पहली बार नॉन-एसी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं की शुरूआत को दशार्ता है।



इस संबंध में एनएफ रेलवे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि ये दो नई शुरू की गई दो ट्रेनों में डिब्रूगढ़-गोमती नगर लखनऊ अमृत भारत एक्सप्रेस तथा कामाख्या-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। इन ट्रेनों को असम के कलियाबर से वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंतविश्व शर्मा, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल तथा केंद्रीय विदेश एवं वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, रेल महाप्रबंधक चैतन्य श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कामाख्या में असम सरकार के कैबिनेट मंत्री चंद्र मोहन पटवारी एवं लोकसभा सांसद बिजुली कलिता मेधी तथा डिब्रूगढ़ में असम सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रशांत फुकन, राज्यसभा सांसद रामेश्वर तेली सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। ये नई अमृत भारत ट्रेन सेवाएं असम को उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के प्रमुख गंतव्यों से जोड़ते हुए लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ करेंगी। इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लाखों यात्रियों जिसमें विद्यार्थी, व्यापारी, कार्यरत पेशेवर एवं परिवार शामिल हैं, जिसे प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को यात्री सुविधा, सुरक्षा एवं किफायती यात्रा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इनमें आधुनिक कोच, बेहतर राइडिंग गुणवत्ता तथा यात्री-अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे आम नागरिक के लिए लंबी दूरी की यात्रा और अधिक सुलभ हो सकेगी।

वही डिब्रूगढ़-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस, ऊपरी असम से उत्तर भारत के प्रमुख शैक्षणिक, चिकित्सीय एवं वाणिज्यिक केंद्रों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगी, जबकि कामाख्या-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस गुवाहाटी से हरियाणा एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं प्रशासनिक केंद्रों से संपर्क को मजबूत करेगी। मार्ग में ये ट्रेनें अनेक महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहरेंगी, जिससे जिन क्षेत्रों से ये गुजरेंगी, वहां व्यापक सामाजिक-आर्थिक लाभ सुनिश्चित होंगे।

इन दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ, भारतीय रेलवे के दूरियों को पाटने, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के सतत प्रयासों को प्रतिबिंबित करता है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे क्षेत्र के आर्थिक विकास एवं सामाजिक प्रगति के समर्थन हेतु रेल अवसंरचना और यात्री सेवाओं के निरंतर विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। ये दोनों नई शुरू हुई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन भाया कटिहार से होकर है। जिसे सीमांचल कि यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। कटिहार स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर रात्रि लगभग 10:30 बजे के कामाख्या-रोहतक उद्घाटन स्पेशल अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आने पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों और रेल प्रशासनं द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इसे कटिहार से रवाना किया गया। कटिहार स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद, विधायक के साथ डीआरएम किरेंद्र नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस, डीसीएम संगीता मीणा सहित कई अन्य रेल अधिकारीगण मौजूद थे। वही सोमवार को ट्रेन नंबर 05949 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर उद्घाटन स्पेशल ट्रेन दोपहर 14.00 बजे कटिहार पहुंची। नए वर्ष के शुरू होते ही भाया कटिहार स्टेशन होते हुए अलग अलग दिशा में तीन नए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से यात्रियों में काफी हर्ष व्याप्त है।

## फोकानिया व मौलवी की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** अनुमंडल मुख्यालय के पांच विद्यालय में सोमवार से फोकानिया एवं मौलवी की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुई। क्षेत्र के चार परीक्षा केन्द्रों पर फोकानिया की परीक्षा आयोजित की जा रही है। जबकि बीपीएसपी परीक्षा केन्द्र पर मौलवी की परीक्षा संचालित हो रही है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था की गई है। इस वर्ष +2 उच्च विद्यालय पटनी नारायणपुर को पहली बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद सिन्हा ने फीता काटकर किया।

# थाना परिसर में 238 लीटर विदेशी शराब का विनष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद /कटिहार।** थाना परिसर में सोमवार को एक कांड में जब्त की गई दो सौ लीटर से अधिक विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया।

इस दौरान अंचलाधिकारी स्नेहा कुमारी, थानाध्यक्ष कुंदन कुमार, अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम एवं मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल बारी उपस्थित रहे।अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कांड संख्या 282/25 में जब्त 238.65 लीटर विदेशी शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि अंचलाधिकारी स्नेहा कुमारी की उपस्थिति में नियमानुसार शराब को नष्ट किया गया।



# केनगर में भूदान भूमि को लेकर पारिवारिक विवाद, अंचलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** प्रखंड क्षेत्र के गनेशपुर पंचायत अंतर्गत गनेशपुर गांव में भूदान की दो एकड़ भूमि को लेकर एक ही परिवार के बीच गंभीर विवाद सामने आया है। गांव निवासी स्वर्गीय विलट दास के 55 वर्षीय पुत्र परशुराम दास ने आरोप लगाया है कि उनके पिता वर्ष 1980 से मौजा गनेशपुर, खाता संख्या 1760, खेसरा संख्या 5416, रकबा दो एकड़ भूमि को जोत-आबाद कर परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे थे।

परशुराम दास के अनुसार, उक्त भूमि बिहार भूदान यज्ञ समिति द्वारा उनके पिता स्वर्गीय विलट दास के नाम परवाना निर्गत कर दी गई थी। पिता की मृत्यु के बाद तीनों भाई—परशुराम दास, विक्रम दास और सुनील दास—मिलकर इस भूमि पर खेती कर जीवन यापन करते रहे। वर्तमान में भूमि के म्यूटेशन की प्रक्रिया भी चल रही है। इसी बीच परशुराम दास ने आरोप लगाया कि उनके एक भाई विक्रम दास ने अन्य दो भाइयों के अधिकार को नजरअंदाज करते हुए पूरी दो एकड़ भूमि गांव के ही एक व्यक्ति को बेच दी और वर्तमान में उस भूमि पर जबरन जोत-आबाद कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन यही भूमि है और इस तरह की बिक्री से उनका जीवन संकट में पड़ गया है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने अंचलाधिकारी से उक्त भूमि पर चल रहे जोत कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, ताकि न्यायिक जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं दूसरी ओर, राजू कुमार झा ने दूरभाष पर आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनका इस परिवार से कोई विवाद नहीं है और न ही उन्होंने किसी प्रकार की जमीन की खरीद-बिक्री की है। फिलहाल मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंच चुका है और अंचल कार्यालय की भूमिका पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# संदेहास्पद हालात में मजदूर की मौत, सड़क दुर्घटना के पीछे हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानीपुर पंचायत के सेहालो वार्ड संख्या 15 निवासी मोहम्मद रब्बान (पिता- शकूर) की रविवार की संध्या पूर्णिया जीएमसीएच में संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। रब्बान का शव अस्पताल में मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद रब्बान रविवार को घर से यह कहकर निकले थे कि वह मांस लेकर लौटेंगे, लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन चिंतित हो उठे। मृतक की पत्नी साबुता प्रवीण ने बताया कि करीब दो घंटे बाद जब उन्होंने पति के मोबाइल पर कॉल किया, तो फोन किसी अजनबी ने उठाया और बताया कि उनके पति की



सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है तथा शव पूर्णिया जीएमसीएच में रखा गया है। इसके बाद परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी साबुता प्रवीण ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पति की मौत सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या प्रतीत होती है और इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। मोहम्मद रब्बान दूसरे राज्य में रंग-रोगन का कार्य कर मजदूरी के जरिए अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह करीब एक सप्ताह पूर्व ही घर लौटे थे। रब्बान अपने पीछे तीन मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य शाहबुज्जमा उर्फ लड्डू, मुखिया प्रतिनिधि अनवर आलम, खुर्शीद आलम, इस्तेखार आलम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता और उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# सरस्वती पूजा को लेकर बनमनखी थाना में शांति समिति की बैठक

## डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, लाइसेंस व रूट चार्ट के अनुसार होगा प्रतिमा विसर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी थाना परिसर में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रमोद कुमार ने की।

बैठक में एसडीपीओ शैलेश प्रीतम, बीडीओ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, नगर परिषद बनमनखी के सिटी मैनेजर वैभव कुमार, थानाध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व चेयरमैन विजय साह, दिलीप झा, अजय सिंह, संतोष चौरसिया, राजकुमार पासवान, गुड्डू चौधरी, रीता चौधरी सहित समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न पूजा समितियों एवं क्लबों के लाइसेंसधारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूजा समितियों द्वारा



शहरी व ग्रामीण इलाकों के चौक-चौराहों, शिक्षण संस्थानों एवं क्लबों में आयोजित होने वाली सरस्वती पूजा की विस्तृत जानकारी प्रशासन को दी गई। पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रतिमा विसर्जन को लेकर गहन चर्चा की गई। एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने पूजा समिति सदस्यों से सुरक्षा की दृष्टि से स्वयंसेवकों की संख्या, संभावित समस्याओं एवं अन्य आवश्यक जानकारियां लीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा प्रतिमा विसर्जन निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही किया जाएगा। असामाजिक तत्वों एवं मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रतिमा विसर्जन में बच्चों को शामिल नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। एसडीएम प्रमोद कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पूजा पंडाल में अश्लील गीतों का प्रसारण नहीं होगा तथा डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। भव्य पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा प्रतिमा विसर्जन शाम ढलने से पहले ही सुनिश्चित किया जाएगा। बीडीओ अशोक कुमार ने विद्युत तारों की सुदृढ़ व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क पर किसी भी परिस्थिति में चंदा संग्रह नहीं किया जाए। सड़क पर चंदा वसूली करना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं अग्निशमन अधिकारी ने पूजा स्थल से अलग स्थान पर हवन कराने की सलाह दी, ताकि अग्निकुंड से उठने वाली चिंगारी से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। बैठक के अंत में एसडीएम ने उपस्थित सभी लोगों से पूजा आयोजकों को गैर-जिम्मेदाराना गतिविधियों से दूर रहने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का समर्थन किया।

# सात निश्चय-03 के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान को मिली गति, डीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार सरकार के सात निश्चय-03 के अंतर्गत सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रशासन द्वारा निरंतर पहल की जा रही है। इस निश्चय का मूल उद्देश्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को कम कर सरकारी कार्यप्रणाली को सरल, सुलभ और संवेदनशील बनाना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को विशेष कार्य दिवस निर्धारित किया गया है, जिसमें आम नागरिक सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन



के समक्ष रख सकें। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार द्वारा तय कार्यक्रम के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों की विभिन्न व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, वहीं शेष आवेदनों का गहन अवलोकन कर नियमसंगत एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष व समयबद्ध निपटारा किया जाए। प्रशासन की इस पहल से आम लोगों में यह भरोसा मजबूत हो रहा है कि सरकार उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर है और 'ईज ऑफ लिविंग' केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारा जा रहा संकल्प है।

# कार खरीदने पर टीसीएस को पा सकते हैं वापस?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप 10 लाख रुपये से ज्यादा की कार खरीद रहे हैं, तो कार डीलर आपसे गाड़ी की कीमत के अलावा 1त्न टीसीएसवसूलता है। यह कोई अतिरिक्त खर्च नहीं है, बल्कि सरकार के पास जमा आपकी अमानत है, जिसे आप वापस मांग सकते हैं। बस आपको सही तरीका और नियम पता होने चाहिए।

एक अतिरिक्त रकम, जिसे विक्रेता, बिक्री के समय खरीदार से टैक्स के तौर पर लेता है। यह बिक्री की रकम की एक प्रतिशत के बराबर होती है और इसे सरकारी खाते में जमा किया जाता है। इनकम टैक्स एक्ट, 1961 का सेक्शन 206ष्ट उन सामानों की जानकारी देता है, जिनकी बिक्री पर खरीदारों से टैक्स लेना जरूरी है।

# एक दिन में पैसा डबल, बीसीसीएल के आईपीओ ने निवेशकों की भर दी झोली

**मुंबई, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी है भारत कोकिंग कोल लिमिटेड। इसका मुख्यालय झारखंड के धनबाद में है। इसके शेयर आज यानी सोमवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गए। इसके आईपीओ में जिन्हें शेयर मिला था, उनका पैसा एक ही दिन में डबल हो गया।

**शेयर बाजार में शानदार लिस्टिंग–** बीसीसीएल के शेयर




आज शेयर बाजारों में शानदार शुरुआत के साथ लिस्ट हुए। एनएसई र ये शेयर 45 रुपये पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस 23 रुपये से 95.6त्न ज्यादा था। वहीं, बीएसई पर ये 45.21 रुपये पर लिस्ट हुए, जो 96.6त्न की बढ़ोतरी दिखाता है। कंपनी का 1,071 करोड़ रुपये का आईपीओ पिछले साल ही आया था। यह आईपीओ पूरी तरह से कोल इंडिया लिमिटेड की तरफ से ऑफर फॉर सेल था और इसे निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला।

**147 गुना ओवरसब्सक्राइब–** बीसीसीएल आ काईपीओ कुल मिलाकर 147 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। इसमें संस्थागत निवेशकों, गैर–संस्थागत निवेशकों और खुदरा निवेशकों, सभी श्रेणियों में इसकी भारी मांग देखी गई थी। लिस्टिंग से पहले, भारत कोकिंग कोल का मूल्यांकन 10,711 करोड़ रुपये था।

**क्या करती है कंपनी–** भारत कोकिंग कोल भारत में कोकिंग कोल का सबसे बड़ा उत्पादक है। यह देश के घरेलू कोकिंग कोल उत्पादन का लगभग 60त्न हिस्सा अकेले ही खनन करता है। साल 1972 में स्थापित यह कंपनी झारखंड और पश्चिम बंगाल में 34 कोलयले की खदानें ऑपरेट करती है। इन खदानों में अंडरग्राउंड और ओपनकास्ट, दोनों तरह के ऑपरेशन शामिल हैं। इसके मुख्य ग्राहक स्टील और पावर कंपनियां हैं।

# चीनी अर्थव्यवस्था की विकास दर पांच फीसदी, गत वर्ष हुए मजबूत निर्यात का मिला फायदा

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था ने 2025 में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मजबूत निर्यात ने कमजोर घरेलू मांग की भरपाई की और आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया। हालांकि, साल के आखिरी तिमाही में विकास दर घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई, जो कोविड–19 महामारी के बाद यानी 2022 के अंत से सबसे धीमी तिमाही वृद्धि है। चीनी सरकार ने यह जानकारी सोमवार को दी।

**पिछली तिमाही में 4.8 प्रतिशत की हुई थी सालना वृद्धि–** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने इससे पिछली तिमाही में 4.8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की थी।

# ईयू व्यापार समझौते से कपड़ा फार्मा-केमिकल निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते से वस्त्र, फार्मा, केमिकल, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के लिए बातचीत के निष्कर्ष की घोषणा 27 जनवरी को होने की संभावना है। उद्योग का अनुमान है कि मुक्त व्यापार समझौते के कारण टैरिफ चरणबद्ध तरीके से समाप्त होने से अगले तीन वर्षों में यूरोपीय संघ को निर्यात दोगुना हो जाएगा।

निर्यातकों ने कहा, मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमें एक स्थिर और पूर्वानुमानित ढांचा प्रदान करेगा। इससे भारतीय कंपनियां लंबे समय के निवेश की योजना बना सकेंगी। यूरोपीय मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत हो सकेंगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद बाजार तक पहुंच सुरक्षित कर सकेंगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ए

## 27 जनवरी को अहम घोषणा



शक्तिवेल ने कहा, यह एफटीए किसी एक बाजार पर हमारी निर्भरता को कम करने के मामले में गेम चेंजर साबित होगा। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ बहुत अधिक होने के कारण घरेलू निर्यातकों को एक प्रमुख बाजार में उच्च लागत और कम प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो भारतीय निर्यातकों को निर्यात बाजार में विविधता लाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## घरेलू चमड़ा उद्योग उठाए लाभ.

कानपुर स्थित ग्रोमोर इंटरनेशनल के एमडी यादवेंद्र सिंह सचान ने कहा, घरेलू चमड़ा निर्यातकों को इस अवसर का लाभ उठाकर निर्यात में तेज वृद्धि करनी चाहिए। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा, अमेरिकी टैरिफ में भारी वृद्धि से निर्यात के विभिन्न क्षेत्रों पर असर पड़ रहा है। यह निर्यात बाजारों और व्यापार रणनीतियों के विविधीकरण की जरूरत को दिखाता है।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच ब्राजील और नाइजीरिया भारतीय दवा कंपनियों के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नाइजीरिया सबसे तेजी से बढ़ते गंतव्यों में से एक बनकर उभरा है। इसने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में निर्यात में 17.9 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज की और कुल निर्यात वृद्धि में 14 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल–नवंबर के दौरान ब्राजील में भी निर्यात में लगभग 10 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। एक अधिकारी ने कहा, ये बाजार स्वास्थ्य सेवा तक बढ़ती पहुंच, सार्वजनिक खरीद के विस्तार और भारतीय जेनेरिक दवाओं पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाते हैं, जो उच्च विकास मांग वाले क्षेत्रों में पसंदीदा आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। देश के दवा निर्यात में अप्रैल–नवंबर के दौरान 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 20.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

## बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक ईयू

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। यह भारत के माल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत और सेवाओं के व्यापार में महत्वपूर्ण हिस्सा रखता है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, यूरोपीय संघ के साथ टैरिफ और गैर–टैरिफ बाधाओं को कम करने से अन्य जगहों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में टैरिफ दबावों के विपरीत प्रभावों को आंशिक रूप से कम किया जा सकेगा। इससे भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति मजबूत होगी। इस समझौते से लाभान्वित होने वाले प्रमुख सेवा क्षेत्रों में आईटी, कानूनी सेवाएं, परामर्श, लेखांकन और प्रबंधन शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय माल व्यापार 2024–25 में लगभग 136.5 अरब डॉलर था।

## सभी व्यापारिक समझौतों की होगी जननी

भारत 27 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह और 16वें भारत–यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में एक ऐसे समझौते की नींव रखी जा रही है जो इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौतों में से एक बन सकता है। यदि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की यात्रा के दौरान यह समझौता संपन्न हो जाता है, तो लंबे समय से लंबित भारत–यूरोपीय संघ एफटीए न केवल दोनों साझेदारों के लिए बल्कि वैश्विक व्यापार प्रणाली के लिए भी एक रणनीतिक, आर्थिक और भू–राजनीतिक मोड़ साबित होगा। यह अब तक के सभी समझौतों की जननी होगी।

# अरबपतियों के सियासी वर्चस्व के बीच भारत बना मिसाल

- **रिपोर्ट में दावा-** आरक्षण से ताकत का लोकतांत्रिक बंटवारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर राजनीति में बढ़ते अरबपतियों के प्रभाव पर चिंता जताते हुए अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूह ऑक्सफैम ने भारत की आरक्षण प्रणाली को लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली और ठोस उदाहरण बताया है। यह टिप्पणी विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन जारी की गई ऑक्सफैम की नई असमानता रिपोर्ट में की गई। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट 'रेसिस्टिंग द रूल ऑफ द रिचः प्रोटेक्टिंग फ्रीडम फॉर बिल्यनेर पावर में कहा गया है कि दुनिया भर में अरबपति आम नागरिकों की तुलना में 4,000 गुना अधिक राजनीतिक पदों पर काबिज होने की संभावना रखते हैं, जिससे लोकतंत्र पर असमान प्रभाव पड़ रहा है।

## भारत की आरक्षण व्यवस्था की सराहना

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य वंचित वर्गों के लिए राजनीतिक आरक्षण व्यवस्था ने उन समुदायों को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है, जिन्हें लंबे समय तक सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिये पर रखा गया।

ऑक्सफैम के अनुसार भारत में राजनीतिक आरक्षण ने आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक रूप से बहिष्कृत वर्गों को विधायी प्रतिनिधित्व दिलाने और पुनर्वितरण नीतियों को आगे बढ़ाने का मंच दिया है। भारत में जनसंख्या के अनुपात में एस–एसटी के लिए आरक्षण के साथ–साथ हाल ही में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा भी की गई है। इसके अलावा शिक्षा और सरकारी नौकरियों में भी कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था मौजूद है।

## सीआईआई का व्यापार विश्वास सूचकांक लगातार तीसरी तिमाही में बढ़कर 66.5 पर

# पांच तिमाहियों में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में व्यवसायों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। घरेलू स्तर पर मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। ऐसे में सरकार से आम बजट 2026-27 में सुधारों को जारी रखने की उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सर्वे में कहा, अक्तूबर से दिसंबर में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स लगातार तीसरी तिमाही बढ़कर 66.5 हो गया है। यह बीते पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। 72 प्रतिशत कंपनियों को जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी खपत के कारण दिसंबर तिमाही में और वृद्धि की उम्मीद है।

उद्योग संगठन ने सर्वेक्षण में कहा, घरेलू मांग प्रमुख चालक बनी हुई है। इसमें दो-तिहाई कंपनियों ने सितंबर तिमाही में अधिक मांग दर्ज की है। सीआईआई-व्यापार विश्वास सूचकांक (बीसीआई) विभिन्न क्षेत्रों के सूक्ष्म, लघु, मध्यम और बड़े उद्यमों सहित सभी उद्योग क्षेत्रों को कवर करने वाली कंपनियों के नमूना सर्वेक्षण पर आधारित है। सर्वेक्षण में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के उद्योग समूहों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं को भी शामिल किया गया है। यह सर्वेक्षण दिसंबर, 2025 के पहले से तीसरे सप्ताह के दौरान किया गया था। इसमें विभिन्न आकारों की 175 से अधिक कंपनियों को शामिल किया गया था।



- **सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था–** उद्योग संगठन ने कहा, साहसिक सुधार पहलों से प्रेरित होकर भारत ने खुद को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। देशों के बीच तनाव, व्यापारिक हथियारों के इस्तेमाल और धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। व्यापारिक विश्वास में लगातार वृद्धि उद्योग की बाहरी चुनौतियों से निपटने की क्षमता को दर्शाती है, जो मजबूत घरेलू मांग और एक सुदृढ़ सुधार एजेंडा पर आधारित है।
- **बजट में पूंजीगत खर्च को बनाए रखने का सुझाव–** 2026–27 के केंद्रीय बजट के लिए सीआईआई ने पूंजीगत खर्च को बनाए रखने का सुझाव दिया है। इसके तहत 150 लाख करोड़ रुपये की पुनर्जीवित राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) 2.0 शुरू की जा सकती है। उद्योग संगठन ने कहा, ध्यान ऐसी परियोजनाओं पर होना चाहिए जो तुरंत शुरू की जा सकें और राजस्व उत्पन्न कर सकें। साथ ही बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी लाने और निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए विवाद समाधान तंत्र को सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए।

# आईआईएम से पढ़ने के बाद सीईओ ऑफिस में जॉब

## फिर अचानक टर्न, अब 1 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज की भागदौड़ भरी शहरी जिंदगी में खराब खान-पान, डायबिटीज और बीपी जैसी बीमारियां एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। व्यस्तता के कारण लोग अक्सर पौष्टिक भोजन के बजाय फास्ट फूड खाते हैं। इसी समस्या का समाधान खोजने के लिए तेलंगाना की कीर्ति प्रिया ने कोह फूड्स की नींव रखी। बिट्स पिलानी से बी.फार्मा और आईआईएम कलकत्ता से एमबीए जैसी प्रतिष्ठित डिग्रियों के बावजूद कीर्ति ने कॉर्पोरेट जगत की सुरक्षित नौकरी छोड़कर उद्यमिता का कठिन रास्ता चुना। उन्होंने अपनी मां के भेजे गए घरेलू डिहाइड्रेटेड वेजी पाउडर्स को एक व्यावसायिक रूप दिया। इसका मकसद शहरी लोगों को बिना किसी मेहनत के 100त्न प्राकृतिक पोषण उपलब?ध करना था। 2022 में शुरू हुआ



यह स्टार्टअप न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों की पसंद बन रहा है, बल्कि इसने ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण का भी एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। आज यह ब्रांड भारतीय बाजार के साथ अमेरिका में भी अपनी पहचान बना चुका है। इसका कारोबार 1 करोड़ रुपये का है। आइए, यहां कीर्ति प्रिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**छोटे से गांव से शुरू हुआ सफर–** कीर्ति प्रिया का सफर तेलंगाना के एक छोटे से गांव से शुरू हुआ। शिक्षा को महत्व देने वाले परिवार की इस बेटी ने बिट्स पिलानी और आईआईएम कलकत्ता से पढ़ाई के बाद शानदार कॉर्पोरेट करियर शुरू किया। उन्होंने अपनी नौकरी की शुरुआत जनलक्ष्मी स्मॉल फाइनेंस बैंक में की। वह सीईओ ऑफिस में काम कर रही थी। बाद में लोकल नाम के एक स्टार्टअप को जॉइन किया। व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण जब कीर्ति अक्सर खाना छोड़ देती थीं, तब उनकी मां उन्हें घर के बने सब्जियों के पाउडर भेजती थीं। इन?हें वह करी या जूस में मिलाकर झटपट पोषण पा लेती थीं। यहीं से उन्हें आइडिया आया कि क्यों न इस पारंपरिक नुस्खे को उन लाखों लोगों तक पहुंचाया जाए जो समय की कमी के कारण सही पोषण नहीं ले पाते। इसी सोच के साथ 2018 में इस ब्रांड की वैचारिक शुरुआत हुई।

## बड़ा है आगे का टारगेट

आज कीर्ति के उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024 में 20 लाख रुपये के राजस्व के बाद कंपनी अब 1 करोड़ रुपये पर पहुंच चुकी है। कीर्ति का विजन केवल भारत तक सीमित नहीं है। उनकी कंपनी के प्रोडक?ट्स अब अमेरिका में भी पहुंच चुके हैं। उनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर एक ऐसा क्लीन लेबल ब्रांड बनना है, जिस पर पश्चिमी देशों के लोग भी भरोसा कर सकें। कीर्ति की यह कहानी साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों और उत्पाद में दम हो तो एक छोटा सा विचार भी करोड़ों का बिजनेस बन सकता है।

## स्विटजरलैंड में आर्थिक नीतियों पर मंथन

# महाराष्ट्र से गुजरात तक की हस्तियां पहुंचीं

**दावोस, एजेंसी।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक सोमवार से दावोस में शुरू हो रही है। इस पांच दिवसीय आयोजन में दुनिया भर के नेता, उद्योगपति, शिक्षाविद, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ बैठक में शामिल होंगे।

**अजीत डोभाल, चार केंद्रीय मंत्री समेत छह मुख्यमंत्री होंगे शामिल–** भारत का प्रतिनिधित्व इस बैठक में बेहद मजबूत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू शामिल होंगे। इसके अलावा छह मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए. रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन बैठक में भाग लेंगे।



इसके अलावा गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी और उत्तर प्रदेश का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दावोस में शामिल होंगे। भारतीय प्रतिनिधि समूह कई चर्चाओं में हिस्सा लेंगे, जिसमें यह भी चर्चा होगी कि भारत क्या दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। द्विपक्षीय बैठकें भी इस दौरान आयोजित होंगी।

**प्रमुख कंपनियों के सीईओ भी होंगे शामिल–** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी अलायंस फॉर ग्लोबल गुड : जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में बैठक में मौजूद रहेंगी। इस बैठक में भारत की प्रमुख कंपनियों के सीईओ भी शामिल हैं, जिनमें मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज), एन. चंद्रशेखरन (टाटा समूह), संजीव बजाज (बजाज समूह), हरि एस भरतिया (जुबिलेंट भरतिया ग्रुप) और सुदर्शन वेणु (टीवीएस मोटर) शामिल हैं।

**इंडिया पवेलियन का संदेश–** भारत की भागीदारी को प्रमुखता देने के लिए पवेलियन और विभिन्न स्टॉल्स में मुख्य संदेश है– भारत के साथ पार्टनरशिप करें और भविष्य को सब्सक्राइब करें। कई बड़ी आईटी कंपनियों ने अपने पवेलियन और एआई लाउंज तैयार किए हैं, जिसमें विप्रो, टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा शामिल हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना समेत कई राज्य सरकारों के पवेलियन भी बनाए गए हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था कड़ी–** दावोस में पांच हजार से अधिक सशस्त्र जवान तैनात हैं।

# मुकेश अंबानी के ये दो बिजनेस दौड़ने लगे, मुनाफा हुआ शुरू

## ब्लिंकिट और स्विगी भी नहीं कर पाईं ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी के दो बिजनेस ने मुनाफा कमाना शुरू कर दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया कि उनके दो बड़े कंज्यूमर बिजनेस क्विक कॉमर्स और एफएमसीजी ने अब मुनाफा कमाना शुरू कर चुके हैं। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार कंपनी की बड़ी खरीद क्षमता और ज्यादा मुनाफा देने वाली चीजों पर ध्यान देने की वजह से यह संभव हुआ है। क्विक कॉमर्स के दो सबसे बड़े खिलाड़ी ब्लिंकिट और स्विगी अभी भी कुल मिलाकर मुनाफा नहीं कमा रहे हैं।




कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स ने शुक्रवार शाम को तीसरी तिमाही के नतीजों के बारे में बताते हुए कहा कि उनका क्विक कॉमर्स बिजनेस अब लगभग हर ऑर्डर पर मुनाफा दे रहा है। इसका मतलब है कि हर ऑर्डर पर होने वाले खर्च से ज्यादा कमाई हो रही है। क्विक कॉमर्स बिजनेस को अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया था। वहीं तीन साल पहले शुरू हुआ एफएमसीजी बिजनेस भी अब ब्याज, टैक्स, डेप्रिसिएशन और अमोर्टाइजेशन से पहले की कमाई के मामले में मुनाफा कमाने लगा है। हालांकि, उन्होंने इस बिजनेस के बारे में कोई खास वित्तीय आंकड़े नहीं बताए।

# दस लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे अध्यक्ष पद के दावेदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** आगामी निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा जनसंख्या के आधार पर निर्धारित कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में अध्यक्ष, महापौर एवं वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार तय सीमा के भीतर ही चुनावी खर्च कर सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार जिस नगर परिषद की जनसंख्या एक लाख से अधिक है, वहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 10 लाख रुपये तथा वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार 2 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। कोडरमा जिले में झुमरीतिलैया नगर परिषद एकमात्र नगर निकाय है, जहां की जनसंख्या एक लाख से अधिक (करीब 1.26 लाख) है ।ऐसे में यहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवार 10 लाख रुपये तक चुनावी खर्च कर सकेंगे। वहीं, एक लाख से कम जनसंख्या वाले नगर परिषद क्षेत्रों में अध्यक्ष पद के

## निकाय चुनाव में खर्च की सीमा हुई निर्धारित

उम्मीदवारों के लिए 6 लाख रुपये तथा वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए 1.50 लाख रुपये खर्च की सीमा तय की गई है ।इसी तरह 12 हजार से अधिक और 40 हजार से कम जनसंख्या वाले नगर पंचायत क्षेत्रों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 5 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार 1 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। कोडरमा नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग 35,800 तथा डोमचांच नगर पंचायत की जनसंख्या करीब 22,900 है ।वहीं नगर निगम क्षेत्रों के लिए भी खर्च की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। आयोग के अनुसार 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगर निगम में महापौर पद के उम्मीदवार 25 लाख रुपये तथा वार्ड पार्षद 3 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे।

वहीं, 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम में महापौर पद के लिए 15 लाख रुपये और वार्ड पार्षद के लिए 3 लाख रुपये खर्च की सीमा तय की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत उम्मीदवार जिस दिन नामांकन प्रपत्र खरीदेंगे, उसी दिन से उनके चुनावी खर्च का ब्यौरा रखना अनिवार्य होगा। नामांकन प्रपत्र खरीदने से लेकर चुनाव परिणाम घोषित होने तक किए गए सभी खर्च का विवरण विधिवत व्यय पुस्तिका में दर्ज करना होगा।

इसके अलावा परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर व्यय पुस्तिका को संबंधित कोषांग में जमा करना भी अनिवार्य किया गया है।

ऐसा नहीं करने पर इसे गंभीर चूक माना जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि गलत या अधूरी जानकारी देने की स्थिति में संबंधित उम्मीदवार को जीत के बाद भी अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

# ब्लेड मारकर थैले से चोरी

**मुजफ्फरपुर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंकज मार्केट रोड स्थित पीएनबी शाखा से रुपये निकालकर बाहर निकले एक कर्मी को दिनदहाड़े शातिर बदमाशों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने थैले पर ब्लेड मारकर उसमें रखे 1.40 लाख रुपये उड़ा लिए और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद करीब एक घंटे तक पीड़ित को चोरी की जानकारी तक नहीं हो सकी। जब थैला खोलकर देखा गया, तब रुपये गायब मिले। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल बैंक पहुंचकर मामले की जानकारी दी और फिर पुलिस को सूचना दी गई।

पीड़ित उदय कुमार सिंह ने बताया कि वह अपनी सैलरी के रुपये निकालने के लिए पंकज मार्केट स्थित पीएनबी शाखा पहुंचे थे। बैंक से 1.40 लाख रुपये निकालने के बाद वह कुछ जरूरी कागजात की फोटो कॉपी कराने के लिए बैंक से थोड़ी दूरी पर मुख्य सड़क की ओर गए। फोटो कॉपी कराने के बाद जब थैला देखा गया तो कागजात सुरक्षित थे, लेकिन एक साइड से ब्लेड मारकर रुपये निकाल लिए गए थे।

# कथित दुष्कर्मी को चौराहे पर बांधकर लोगों ने पीटा

## आदिवासी महिला से दुष्कर्म के प्रयास का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव के डूंगरीडीह टोला में एक आदिवासी महिला के साथ कथित रूप से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरिहरपुर गांव निवासी राजमिस्त्री तैयब अंसारी ने आदिवासी समुदाय की तीन बच्चों की मां को मजदूरी का बकाया पैसा देने के बहाने अपने पास बुलाया। महिला जब उसके पास पहुंची तो उसने कथित रूप से उसके साथ जबरदस्ती शुरू कर दी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़ लिया।

ग्रामीणों की भीड़ से बचने के प्रयास में आरोपी गिर पड़ा, लेकिन लोगों ने दोबारा उसे दबोच लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी और गांव के चौराहे के पास उसे बांधकर रखा। मामले की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दी गई ।सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागुरी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। नारायणपुर थाना की पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से आरोपी को सुरक्षित छुड़ाकर थाने ले आई। पुलिस की तत्परता से किसी बड़ी अप्रिय घटना को टाल दिया गया।

गुरुवार सुबह से ही इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के दर्जनों लोग गांव में एकत्र हो गए। ग्रामीण स्तर पर पंचायती कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, जो देर शाम तक चला, लेकिन किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सका। दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अड़े रहे, जिससे समझौता नहीं हो सका।

पीड़िता ने नारायणपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से नयाडीह गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# 61 दिनों बाद अपहृत कन्हैया सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सक्रिय बच्चा चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ओरमांझी थाना क्षेत्र से 61 दिनों से लापता 12 वर्षीय कन्हैया कुमार को रांची पुलिस ने कोडरमा से सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चे की सुरक्षित वापसी से परिजनों ने राहत महसूस की है, लेकिन यह घटना शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ाती है।

जानकारी के अनुसार, कन्हैया कुमार 22 नवंबर 2025 की शाम अपनी मां की फुचका दुकान से यह कहकर निकला था कि वह थोड़ी देर में लौट आएगा। उसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास के इलाकों में खोजबीन की और रिश्तेदारों व परिचितों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा और जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कन्हैया को कोडरमा में छिपाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोडरमा पुलिस के सहयोग से त्वरित छापामारी की और बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

इस कार्रवाई को पुलिस की सजगता और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। इससे पहले भी अंश और अंगिका जैसे मामलों में पुलिस बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचा चुकी है।

गौरतलब है कि हाल ही में रांची पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ये आरोपी बच्चों को बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में बेचने का संगठित धंधा चला रहे थे। कन्हैया की बरामदगी को इसी कार्रवाई की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

इसी बीच एक और गंभीर मामला सामने आया है। हटिया थाना क्षेत्र का 16 वर्षीय अंकित मंडल 18 जनवरी से लापता है। वह डॉन बॉस्को स्कूल, हेसाग का मैट्रिक छात्र है। अंकित 18 जनवरी 2026 को अपराह्न 4:30 बजे अपने पिता की स्कूटी लेकर घर से निकला था। अंतिम बार वह अपने मित्र उत्कर्ष खलखो से मिला था, इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने एयरपोर्ट थाना में इसकी सूचना दी है और सोमवार को रांची एसएसपी कार्यालय में भी आवेदन सौंपा गया।

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे बच्चों पर विशेष नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# लापता उद्योगपति का कोई सुराग नहीं

## अनहोनी की आशंका से सिहर रहे परिजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से रहस्यमय ढंग से लापता हुए युवा उद्योगपति कैरव गांधी का पांच दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस हाईप्रोफाइल अपहरण कांड ने न केवल जमशेदपुर बल्कि पूरे झारखंड में सनसनी फैला दी है। पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी कैरव गांधी का पता नहीं चल सका है, जिससे परिजनों के साथ-साथ आम लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।

कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किसटोप्पा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कुल छह विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। इन टीमों में चार डीएसपी, कई थाना प्रभारी और सरायकेला-खरसावां जिले के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। सभी टीमों को अलग-अलग दिशाओं में जांच और छापेमारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### छह जांच टीमों का किया गया गठन

पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिजनों को अज्ञात नंबरों से लगातार कॉल आ रहे हैं, जिनमें मोटी फिरौती की मांग की जा रही है। इन कॉल्स के विदेशों से आने की भी जानकारी सामने आई है, जिनमें इंडोनेशिया का नंबर शामिल बताया जा रहा है। फिरौती की रकम नहीं देने पर कैरव गांधी की हत्या की धमकी भी दी जा रही है, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है। पुलिस तकनीकी और मानवीय दोनों पहलुओं पर समानांतर जांच कर रही है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग, सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा डेटा और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। झारखंड के साथ-साथ बिहार और अन्य राज्यों में भी लगातार दबिश दी जा रही है।

इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। भाजपा ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कानून-व्यवस्था को पूरी तरह विफल करार दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कैरव गांधी के अपहरण के बाद से भाजपा कार्यकर्ता जिला प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

गौरतलब है कि कैरव गांधी, जमशेदपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति और एम्पायर ऑटो के संचालक देवांग चंद्र गांधी के पुत्र हैं। घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल पाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि पुलिस ने जल्द सफलता मिलने का दावा किया है, लेकिन परिजन और आमजन अब भी किसी ठोस जानकारी और सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# नदी में शव फेंकते दो धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बिहार के बेतिया अंतर्गत नरकटियागंज के शिकारपुर थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। हड़बोड़ा नदी के तट पर एक महिला का शव फेंकने की कोशिश करते हुए रिक्शा चालक समेत दो व्यक्तियों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने बिना देरी किए शिकारपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दोनों आरोपियों से पूछताछ की, तो जो खुलासा हुआ उसने सभी को स्तब्ध कर दिया।

पकड़े गए व्यक्तियों चमुआ गांव निवासी सूरदास और पोखरा चौक निवासी रामचंद ने आरोप लगाया कि महिला की मौत रेल परिसर में हुई थी और रेल पुलिस ने उन्हें शव नदी में फेंकने के लिए कहा। दोनों ने दावा किया कि यह निर्देश रेल पुलिस के प्रेम कुमार नामक कर्मी ने दिया था। आरोपियों के अनुसार मृत महिला मोतिहारी जिले के चइलहा गांव की तेतरी देवी थी, जो स्टेशन परिसर के आसपास रहती थी। घटना की सूचना फैलते ही नरकटियागंज रेल पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया।

शिकारपुर थाना प्रभारी ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर एसआई जयभगवान कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल भेजा गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रेल परिसर में महिला की मौत के बाद शव को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा था। रेल थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए रेल डीएसपी को निर्देश दिए गए हैं ।हालांकि रेल पुलिस की ओर से यह भी कहा गया कि मृतका एक भिखारी महिला थी और उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। हालांकि रेल पुलिस का यह करतूत कई सवाल खड़ा करता है। रेल परिसर में महिला की मौत कैसे हुई? शव को चुपचाप नदी में फेंकने की जरूरत क्यों पड़ी? और अगर आरोप सही हैं, तो कानून की रखवाली करने वाले ही कानून तोड़ते पाए गए तो जिम्मेदारी किसकी?

# एक ही परिवार के तीन लोग निकले एचआईवी पीड़ित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से कथित तौर पर संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के कारण एक ही परिवार के तीन सदस्य पति, पत्नी और उनका बड़ा बच्चा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं।

इस घटना ने जिले के एकमात्र सरकारी ब्लड बैंक की सुरक्षा जांच पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार, जनवरी 2023 में उक्त महिला की पहली डिलीवरी (सी-सेक्शन) चाईबासा सदर अस्पताल में हुई थी।

प्रसव के दौरान महिला को रक्त की आवश्यकता पड़ी, जो सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से उपलब्ध कराया गया था। परिवार का आरोप है कि उसी दौरान महिला को संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया।

संक्रमण का पता तब चला जब महिला जून 2025 में दूसरी बार गर्भवती हुई। रूटीन मेडिकल चेकअप के दौरान महिला की रिपोर्ट एचआईवी पॉजिटिव आई।

इसके तुरंत बाद जब पति की जांच कराई गई, तो वह भी संक्रमित पाया गया। 2 जनवरी 2026 को महिला ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। इस बीच जब उनका बड़ा बच्चा बीमार पड़ा और उसकी जांच कराई गई, तो वह भी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया।

यह पहला मौका नहीं है जब चाईबासा का यह ब्लड बैंक विवादों में है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में भी इसी ब्लड बैंक से रक्त लेने वाले पांच थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। एक के बाद एक सामने आ रहे इन मामलों ने अस्पताल प्रबंधन की भारी लापरवाही की ओर इशारा किया है

इस संवेदनशील मामले पर पश्चिमी सिंहभूम की सिविल सर्जन डॉ. भारती गोरती मिंज ने कहा कि परिवार के संक्रमित होने के पीछे सदर अस्पताल का ब्लड बैंक ही जिम्मेदार है, यह कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को मंगलवार को अस्पताल बुलाया गया है।

# कब्रिस्तान के रास्ते पर मिट्टी गिराने से भड़का विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुआ।** जमुआ के छतमका गांव में कब्रिस्तान जाने वाले रास्ते पर मिट्टी डालने के सवाल पर दो समुदाय के लोग आपस में उलझ गए। मामला बातचीत से बढ़कर लाठी डंडा और पथराव तक जा पहुंचा। इस दौरान पत्थरबाजी के क्रम में पत्थर लगने से एक पक्ष से तीन लोग जख्मी हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही जमुआ पुलिस छतमका पहुंची। बाद में एसडीएम अनिमेष रंजन, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, बीडीओ अमल कुमार, इंस्पेक्टर प्रदीप दास सहित जमुआ, घोड़थंबा, हीरोडीह आदि थाना की पुलिस पहुंची। एसडीएम रंजन की अगुवाई में दोनों पक्षों से बात कर मामला को सलटा लिया गया ।

जानकारी के अनुसार केंदुआ गांव के लोगों का कब्रिस्तान बगल के गांव छतमका में पूर्व के कई वर्षों से है। फिलवक्त छतमका गांव में भूमि संरक्षण विभाग लाभुक समिति का गठन कर तालाब का निर्माण करा रहा है।

केंदुआ गांव के लोगों का कहना है कि तालाब निर्माण के दौरान कब्रिस्तान जाने वाली सड़क पर मिट्टी डाली जा रही थी। इस बात की शिकायत लेकर सुबह में गांव के कतिपय लोग छतमका पहुंचे। यहां ग्रामीणों के साथ बातचीत के दौरान तल्खी बढ़ने लगी। दोनों पक्षों के बीच आपस में लाठी डंडे निकले और पथराव होने लगा।

इस घटना में रामलखन यादव और बालेश्वर यादव के माथा व हाथ में चोट आई। संतोष यादव भी जख्मी हुआ है। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ में किया गया। दोपहर में एसडीएम के नेतृत्व में दोनों गांव के लोगों के बीच हुई बैठक में निर्णय हुआ कि पूर्व से जो रास्ता कब्रिस्तान का था वही बरकरार रहेगा।

एसडीएम ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच शांति समिति की बैठक कर मामला सलटा लिया गया है। विधि व्यवस्था खराब करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर इन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी विभूति देव, मुखिया रंजीत मंडल सहित कई मौजूद थे।

इधर एक पक्ष से जख्मी रामलखन यादव ने थाना में आवेदन देकर केंदुआ के गुलाल सरवर, अनवर अंसारी, मनोहर खान, मुहम्मद मियां आदि पर हरवे हथियार से लैस होकर आने और रास्ते पर मिट्टी डालने का बहाना बनाकर हमला कर देने का आरोप लगाया है। घर की महिलाएं बचाने आईं तो उनके साथ बदसलूकी की गई।

# कफ सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कफ सिरप निर्माता कंपनी ट्रिडस रेमेडीज पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में प्रतिबंध लगने के बाद अब कंपनी के गेट पर ताला लटका मिला है। बताया जा रहा है कि जिन बच्चों के कफ सिरप पर तेलंगाना में प्रतिबंध लगाया गया है, उसका निर्माण हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित इसी कंपनी में किया जाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार कंपनी के गेट पर कई दिनों से ताला लटका हुआ है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि दवा कंपनी पर बहुत जल्द कार्रवाई की जा सकती है। मालूम हो कि केंद्रीय ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा अक्तूबर माह में ट्रिडस रेमेडीज में निर्मित सिरप का सैंपल लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट कुछ दिन पहले आई है। जांच रिपोर्ट में

### कंपनी में लटका मिला ताला

अल्मोंट-किड सिरप में एथिलीन ग्लाइकोल जैसे घातक रसायन की मौजूदगी पाई गई है। इसके बाद केंद्रीय औषधि नियंत्रक ने इस दवा की बिक्री, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह सिरप बच्चों में एलर्जी के लक्षण जैसे नाक बहना, छींक आना, खुजली, सूजन, जलन और आंखों से पानी आने की स्थिति में दिया जाता था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एथिलीन ग्लाइकोल अत्यंत विषैला रसायन है, जिसका सेवन बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा कर सकता है। इससे पहले तमिलनाडु में निर्मित एक सिरप में इसी रसायन की मिलावट पाए जाने पर मध्य प्रदेश में कई बच्चों की मौत का मामला सामने आ चुका है।

बताया गया है कि ट्रिडस रेमेडीज द्वारा निर्मित दवा के एक विशेष बैच एएल-24002 की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाई गईं। जांच में दवा में एथिलीन ग्लाइकोल की मात्रा 1.4876 प्रतिशत पाई गई, जिसे विशेषज्ञों ने बेहद खतरनाक बताया है।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार इस दवा की सप्लाई बिहार में केवल किशनगंज जिले में की गई थी, वह भी बहुत कम मात्रा में। हालांकि केंद्रीय औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा सैंपल में खामी पाए जाने के बाद सभी राज्यों को इस दवा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, जिसके आलोक में यह प्रतिबंध लगाया गया है। बताया जा रहा है कि कंपनी द्वारा संबंधित बैच की दवाओं को वापस मंगाया जा रहा है।

# अटूट इच्छाशक्ति से अवध सिंह ने तीन एकड़ बंजर जमीन को बनाया जीविकोपार्जन का जरिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड की पथरीली धरती पर पसीने की बूंदें जब गिरती हैं, तो रेगिस्तान में भी फूल खिल सकते हैं। सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड स्थित डोमटोली पंचायत का बरवाडीह गांव आज एक ऐसी ही प्रेरक कहानी का गवाह बन रहा है।

यहां के एक साधारण किसान अवध सिंह ने अपनी अटूट इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से वह कर दिखाया है, जो किसी चमत्कार से कम नहीं लगता।

जिस 3 एकड़ जमीन को पथरीली और बंजर मानकर लोगों ने छोड़ दिया था, आज वही जमीन न सिर्फ अवध के परिवार का पेट पाल रही है, बल्कि पूरे जिले के लिए आत्मनिर्भरता का एक जीवंत दस्तावेज बन गई है।

## पसीने से सींची कामयाबी की फसल

करीब आठ साल पहले जब अवध सिंह ने अपनी इस पथरीली जमीन पर खेती करने का निर्णय लिया था, तो कई लोगों को यह फैसला घाटे का सौदा लगा था। जमीन की सतह पर बिछे पत्थर और सिंचाई के नाम पर सूखी मिट्टी किसी भी किसान का हौसला तोड़ने के लिए काफी थी।

लेकिन अवध के मन में कुछ अलग करने की जिद थी। उन्होंने खेती को केवल जीविकोपार्जन का जरिया नहीं, बल्कि अपना जुनून बना लिया।

शुरूआत में मिट्टी को खेती के लायक बनाने में काफी समय लगा, लेकिन पारंपरिक सूझबूझ और वैज्ञानिक तालमेल ने धीरे-धीरे बंजर धरती की रंगत बदल दी।

आज अवध सिंह की यह जमीन हर मौसम में अलग-अलग रंगों की सब्जियों से लहलहाती रहती है। वे मौसम के चक्र को बखूबी समझते हैं और उसी के अनुसार अपनी फसलों का चुनाव करते हैं।

उनके खेतों में कभी लाल टमाटर की चमक दिखती है, तो कभी बैंगनी बैंगन और हरी-भरी भिंडी। आलू, करेला और अन्य मौसमी सब्जियां उनके मुनाफे का मुख्य जरिया हैं।

जहां सिमडेगा के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, वहीं अवध ने अपनी ही माटी में संभावनाएं तलाश कर यह साबित कर दिया कि स्वरोजगार से बड़ा कोई सुख नहीं है।

## सरकारी मदद शून्य , फिर भी लाखों की आय

अवध सिंह की यह सफलता जितनी सुनहरी दिखती है, इसके पीछे का संघर्ष उतना ही स्याह है। हैरानी की बात यह है कि पिछले आठ वर्षों से लगातार कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के बावजूद उन्हें अब तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका है।

अवध बताते हैं कि खेती में उन्हें कीटों या जंगली जानवरों से उतना डर नहीं लगता, जितना पानी की कमी से लगता है। सिंचाई के पुख्ता इंतजाम न होना उनकी सबसे बड़ी बाधा है।

आज भी वे अपने निजी संसाधनों और प्रकृति की दया पर निर्भर हैं। सरकारी फाइलों में किसानों के लिए कुएं, बोरिंग और तालाब की कई योजनाएं दर्ज हैं, लेकिन अवध के खेतों तक इनमें से एक भी सुविधा नहीं पहुंच पाई।

व्यवस्था की बेरुखी के बाद भी अवध के हौसले पस्त नहीं हुए। उन्होंने बिना किसी सब्सिडी या सरकारी प्रोत्साहन के बीते वर्ष 2025 में करीब 1.5 लाख रुपये की शुद्ध आमदनी की है।

हाल ही में उन्होंने टमाटर की सफल पैदावार के बाद उसे बाजार में बेचा है और वर्तमान में उनके खेतों में बैंगन की फसल तैयार हो रही है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार भी बाजार में उन्हें अच्छे दाम मिलेंगे।

अवध का सपना है कि यदि सरकार या प्रशासन की ओर से उन्हें सिंचाई की सुविधा मिल जाए, तो वे मटर, फूलगोभी, मिर्च और कद्दू जैसी फसलों को बड़े पैमाने पर उगा सकते हैं।

अवध सिंह का मानना है कि उनके गांव और पंचायत में मिट्टी की गुणवत्ता बहुत अच्छी है, बस कमी है तो केवल बुनियादी ढांचे की। वे कहते हैं कि यदि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा और उन्नत कृषि यंत्रों का सहयोग मिले, तो डोमटोली पंचायत को जिले का सबसे बड़ा सब्जी उत्पादन केंद्र बनाया जा सकता है।

इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि पलायन पर भी पूरी तरह से रोक लग सकेगी। बरवाडीह के इस किसान की कहानी यह संदेश देती है कि अगर नीयत साफ हो और इरादे नेक, तो सुविधाओं का अभाव भी आपकी तरक्की का रास्ता नहीं रोक सकता।

# खाई में गिरी कार, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिरनी।** भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खेदवारा गांव में समधिन के श्राद्धक्रम में गरुड़ पुराण सुनकर एक व्यक्ति रविवार रात करीब नौ बजे अपनी कार से चिताखारो स्थित घर लौट रहा था।

इसी दौरान चिताखारो-खेदवारा नदी पुल के समीप कार (जेएच 10सी 9569) अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार चालक सह मालिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार के खाई में गिरते ही जोरदार आवाज हुई।

ठंड के कारण ग्रामीण अपने-अपने घरों में थे, लेकिन आवाज सुनकर लोग बाहर निकले तो देखा कि कार खाई में पड़ी है और उसमें सवार लोग चिल्ला रहे हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ओपी प्रभारी अमन सिंह, मुखिया कंचन देवी के ससुर ईश्वर मंडल और पंसस सुनीता देवी के पति राजू मंडल को दी।

सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उनके सहयोग से खाई में गिरी कार से चालक समेत अन्य लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया।

पहचान होने पर मृतक की पहचान चिताखारो निवासी 58 वर्षीय सुकर मंडल के रूप में हुई। घायलों में वेराहीटांड़ निवासी 40 वर्षीय मनोज मरांडी और उनका एक रिश्तेदार शामिल है। स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और सभी को निजी अस्पताल ले गए।

निजी अस्पताल में चिकित्सक ने सुकर मंडल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद स्वजन शव को घर ले गए, जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

ओपी प्रभारी ने रात में ही शव को अपने कब्जे में ले लिया और सोमवार को विधिसम्मत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में काश्वी गौतम का चयन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ की प्रतिभाशाली ऑलराउंडर काश्वी गौतम का आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन किया गया है। भारतीय टीम इस दौरे पर 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। काश्वी गौतम ने भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते हुए एक अनोखी उपलब्धि हासिल की है। वह बीसीसीआई से संबद्ध महिला अंडर-19 राज्य मैच में एक ही पारी में 10 विकेट लेने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर बनीं। उनके क्रिकेट सफर



में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां शामिल हैं। वर्ष 2020 में वह महिला आईपीएल विजेता टीम ट्रेलब्लेज़र्स का हिस्सा रहीं। इसके बाद 2021 में अंडर-19 चैलेंजर्स ट्रॉफी (इंडिया डी) में चयन हुआ, जहां टीम उपविजेता रही। उसी वर्ष उनका चयन सीनियर महिला चैलेंजर्स ट्रॉफी (इंडिया सी) के लिए भी हुआ, जो उनके सीनियर क्रिकेट में सफल प्रवेश का संकेत था। काश्वी का प्रदर्शन लगातार निखरता गया। 2022 में जोनल कैंप और 2023 में प्रतिष्ठित एनसीए हाई परफॉर्मेंस कैंप में उनका चयन हुआ। वर्ष 2023 में हांगकांग में आयोजित इमर्जिंग एशिया कप में वह विजेता इंडिया ए टीम का हिस्सा रहीं और बाद में इंग्लैंड ए के खिलाफ इंडिया ए टीम का प्रतिनिधित्व भी किया। घरेलू क्रिकेट में भी उनका दबदबा कायम रहा। नॉर्थ ज़ोन टी20 ट्रॉफी में उन्होंने हैट्रिक और पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींचा।
विमेंस प्रीमियर लीग 2023 में काश्वी गुजरात जायंट्स से जुड़कर टूर्नामेंट की सबसे महंगी खिलाड़ियों में शामिल रहीं। 2025 में वह गुजरात जायंट्स के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं।

## क्या जूलियन वेबर को गुर सिखाने वाले बरखार्ड बनेंगे भारतीय जेवलिन टीम के नए कोच?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बरखार्ड जेवलिन थ्रो में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शीर्ष स्तर के जर्मन थ्रोअरों को विश्व स्तरीय सफलता दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह तकनीक को निखारने और मानसिक तैयारी में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं। नीरज चोपड़ा की ओलंपिक में दोहरी सफलता के बाद जेवलिन थ्रोअरों (भाला फेंक) की फैक्ट्री बन चुके भारत में प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक और जर्मनी के दिग्गज कोच सेवाएं ली जा रही हैं। यू हॉन और नीरज की सफलता में अहम



भूमिका निभाने वाले क्लास बार्टोनिएट्ज के बाद भारतीय एथलेटिक महासंघ (एएफआई) अब बीते वर्ष 91.51 मीटर भाला फेंकने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर के कोच बरखार्ड लुक्स पर दांव लगाने जा रहा है। बरखार्ड और एएफआई के बीच कुछ दौर की बातचीत हो चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो रियो ओलंपिक चैंपियन थामस रोहलर और बरनार्ड सीफर्ट जैसे जेवलिन थ्रोअरों को प्रशिक्षित कर चुके बरखार्ड जल्द भारतीय जेवलिन थ्रोअरों को प्रशिक्षित करते नजर आएंगे।
जर्मनी को दिलाई हैं विश्वस्तरीय सफलताएं
बरखार्ड जेवलिन थ्रो में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शीर्ष स्तर के जर्मन थ्रोअरों को विश्व स्तरीय सफलता दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह तकनीक को निखारने और मानसिक तैयारी में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं।

# मेसी इवेंट से पहले हुए मैच में रेफरी की भूमिका पर सवाल

● आईएफए ने अनुशासन समिति के सामने पेश होने को कहा



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी के इवेंट से पहले खेले गए एक फुटबॉल मैच को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। 13 दिसंबर को साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में हुए इस मैच में रेफरी का काम करने वाले चार रेफरी अब जांच के दायरे में आ गए हैं। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने इन चारों रेफरी को अपनी आंतरिक अनुशासन कमिटी के सामने पेश होने के लिए बुलाया है। इन रेफरी पर आरोप है कि उन्होंने इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन या कलकत्ता रेफरी एसोसिएशन से पूर्व अनुमति लिए बिना इस हाई-प्रोफाइल मैच में अंपायरिंग की। सूत्रों के मुताबिक, नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया गया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन की अनुशासन कमिटी की बैठक 20 जनवरी को होने वाली है, जहां रेफरी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। यह मामला उस बड़े विवाद से जुड़ा है जो लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान सामने आया था। मेसी के आगमन से पहले ही स्टेडियम खचाखच भर गया था और हजारों प्रशंसक अपने पसंदीदा फुटबॉलर की एक झलक पाने के लिए बेसब्र थे। हालांकि, मेसी के स्टेडियम में पहुंचते ही स्थिति बेकाबू हो गई। भीड़ फोटो लेने के लिए आगे बढ़ी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई। मेसी केवल 22 मिनट तक मैदान पर मौजूद रहे और इसके बाद स्टेडियम छोड़कर चले गए। उनके जाने के बाद हालात और बिगड़ गए। दर्शकों ने गुस्से में स्टेडियम के अंदर तोड़-फोड़ की। कुर्सियां और बोतलें मैदान में फेंकी गईं, गेट तोड़ दिए गए, और कई लोग पिच पर घुस गए। स्टेडियम की गैलरी और रेस्ट रूम में भी नुकसान की खबरें सामने आईं। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने जांच कमेटी का गठन किया। इवेंट के आयोजक सतद्रु दत्ता को गिरफ्तार कर लिया गया और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा, अरूप ने राज्य के खेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जबकि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार समेत कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मेसी के इवेंट से पहले खेले गए मोहन बागान और डायमंड हार्बर लेजेंड्स के बीच मैच में अंपायरिंग करने वाले ये चार रेफरी अब नियमों के उल्लंघन के आरोपों का सामना कर रहे हैं। आने वाले दिनों में इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन की जांच यह तय करेगी कि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

## कोको गॉफ ने कामिला राखीमोवा को हराकर
# दूसरे दौर में जगह बनाई

**ऑस्ट्रेलियन ओपनः**



**मेलबर्न, एजेंसी।** अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में 1 घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में गॉफ ने उज्बेकिस्तान की कामिला राखीमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ कोको गॉफ ने अपने करियर का 75वां ग्रैंड स्लैम मैच जीता और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट्स में पहले राउंड का उनका रिकॉर्ड 23 जीत और 4 हार का हो गया। मैच के दौरान उनकी सर्विस पूरी तरह धारदार नहीं दिखी और उन्होंने सात डबल फॉल्ट किए, लेकिन उनकी रिटर्न गेम, कोर्ट कवरेज, और कंसिस्टेंसी ने उन्हें निर्णायक बढ़त दिलाई। पहले सेट में राखीमोवा ने संघर्ष करते हुए 2-5 पर सर्व करते समय तीन सेट पॉइंट बचाए और मुकाबले को खींचने की कोशिश की। इसके बावजूद गॉफ ने धैर्य नहीं खोया और एक बेहतरीन सर्व के जरिए पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में उज्बेक खिलाड़ी ने लॉब और ड्रॉप शॉट्स का सहारा लेकर मैच में वापसी की कोशिश की, जिससे उन्हें दर्शकों का भी समर्थन मिला। हालांकि, गॉफ की निरंतरता और ताकतवर बेसलाइन खेल के सामने राखीमोवा ज्यादा देर टिक नहीं सकीं।

दूसरे सेट में गॉफ ने 5-1 की मजबूत बढ़त बना ली। एक गेम में डबल फॉल्ट और कुछ गलतियों के कारण राखीमोवा को वापसी का हल्का सा मौका मिला, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने तुरंत ब्रेक हासिल करते हुए मैच का छठा ब्रेक अपने नाम किया और सीधे सेटों में जीत दर्ज कर ली। यह जीत गॉफ के ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के इरादों को साफ तौर पर दर्शाती है।

मैच के बाद गॉफ ने कहा कि वह पहले राउंड में खुद पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहतीं और उनका एकमात्र लक्ष्य टूर्नामेंट जीतना है। उन्होंने यह भी माना कि एक मजबूत रिटर्नर होने का फायदा यह है कि लगभग हर सर्विस गेम में ब्रेक का मौका बनता है।

**ऑस्ट्रेलियन ओपनः**

## डेनियल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई

**मेलबर्न, एजेंसी।** पूर्व विश्व नंबर एक डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में अपने अभियान की दमदार शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है। मेलबर्न के मार्गरेट कोर्ट एरिना में 2 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में मेदवेदेव ने नीदरलैंड्स के जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6(2) से हराया। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरे मेदवेदेव ने इस जीत के साथ 2026 सीजन में 6-0 का परफेक्ट रिकॉर्ड बना लिया है। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने मैच में मिले 13 ब्रेक पॉइंट्स में से सात को भुनाया, जो उनकी आक्रामक रिटर्न गेम और मानसिक मजबूती को दर्शाता है।



हालांकि मुकाबला पूरी तरह एकतरफा नहीं रहा। पहले सेट में उन्होंने दो बार ब्रेक की बढ़त गंवाई और तीसरे सेट में दो मौकों पर मैच सर्व करते हुए जीत हासिल नहीं कर सके, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने धैर्य बनाए रखा और टाई-ब्रेक में पूरी तरह हावी रहे। विश्व रैंकिंग में 73वें स्थान पर काबिज डी जोंग के खिलाफ यह मेदवेदेव की पहली भिड़ंत थी। धीमी परिस्थितियों में दोनों खिलाड़ियों की सर्विस कई बार टूटी, लेकिन बड़े मैचों का अनुभव रखने वाले मेदवेदेव ने अहम पलों में बेहतर फैसले लिए। निर्णायक टाई-ब्रेक में उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए डी जोंग को कोई खास मौका नहीं दिया। पिछला सीजन मेदवेदेव के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा था, जहां वह सिर्फ एक ग्रैंड स्लैम जीत सके थे। हालांकि, साल के अंत में अल्माटी में एटीपी 250 खिताब जीतकर उन्होंने आत्मविश्वास दोबारा हासिल किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन में इस जीत ने साफ कर दिया है कि वह एक बार फिर खिताब की दौड़ में गंभीर दावेदार हैं।

● पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए

# ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

● **महली बियर्डमैन और जैक एडवर्ड्स को मौका**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ 29 जनवरी से 1 फरवरी के बीच लाहौर में खेली जाने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मिशेल मार्श की कप्तानी में घोषित टीम में बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन कर रहे महली बियर्डमैन और जैक एडवर्ड्स को भी मौका दिया गया है। यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए खास मौका है जो विश्व कप टीम में जगह बनाने की होड़ में हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभव और युवा प्रतिभा के संतुलन को प्राथमिकता दी है।

विश्व कप संभावित टीम के 10 खिलाड़ी इस दौरे का हिस्सा होंगे, जबकि कुछ सीनियर खिलाड़ी चोट से उबरने के बाद सीधे श्रीलंका में टीम से जुड़ेंगे। इनमें नाथन एलिस, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस शामिल हैं। पैट कमिंस को एशेज के दौरान एक टेस्ट खेलने के बाद आराम दिया गया था, जबकि टिम डेविड बिग बैश के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते ज्यादा मैच नहीं खेल सके। जोश हेजलवुड नवंबर के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं और रिहैब के दौरान अकिलीज की समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज नहीं



खेल पाए थे। इन सभी खिलाड़ियों को पूरी तरह फिट रखने के उद्देश्य से उन्हें पाकिस्तान सीरीज से दूर रखा गया है।

### पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम

मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, जैक एडवर्ड्स, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिच ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

**अफ्रीका कप फाइनल में हंगामा**

# सेनेगल टीम पेनल्टी विवाद पर मैदान छोड़कर गई

### 14 मिनट खेल रुका रहा, लौटने के बाद मोरक्को को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीका कप ऑफ नेशंस 2025 का फाइनल मैच फुटबॉल से ज्यादा विवाद और हंगामे के कारण चर्चा में रहा। मोरक्को और सेनेगल के बीच रविवार को मोरक्को के प्रिंस मौले अब्देल्लाह स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला गया। इसमें एक विवादित पेनल्टी के बाद सेनेगल की पूरी टीम गुस्से में मैदान छोड़कर बाहर चली गई। मैच के अंतिम समय में रेफरी के मोरक्को को पेनल्टी दिए जाने से सेनेगल के खिलाड़ी भड़क गए और खेल रोक दिया गया। करीब 14 मिनट तक मैदान पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और मैच रुका रहा। बाद में कप्तान सादियो माने के समझाने पर सेनेगल की टीम दोबारा मैदान पर लौटी।



### विवाद के कारण 14 मिनट तक खेल रुका रहा

सेनेगल ने एक्स्ट्रा टाइम में गोल किया सेनेगल की टीम को मैदान पर लौटने के बाद खेल शुरू हुआ। पेनल्टी पर मोरक्को के खिलाड़ी ब्राहिम डियाज गोल नहीं कर सके और सेनेगल के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। इसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया, जहां सेनेगल के लिए पाप गुए ने 94वें मिनट में निर्णायक गोल दागकर मुकाबला 1-0 से जीत लिया। पाप गुए (26 नंबर हरी जर्सी में) ने 94वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

## शुभमन गिल की टीम ने क्यों गंवा दी वनडे सीरीज; गावस्कर ने बताया कारण

**इंदौर।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज को 1-2 से गंवा दिया। इस वनडे सीरीज में भारत को दूसरे और तीसरे मैच में हार मिली थी और टीम इंडिया की सीरीज हार के पीछे कौन सी बड़ी वजह से इसके बारे में टीम पूर्व ओपनर बैटर सुनील गावस्कर ने बताया। सुनील गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज हारने की एक बड़ी वजह खराब फील्डिंग थी हालांकि उन्होंने किसी भी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया। गावस्कर ने आगे कहा कि भारत ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को आसानी से सिंगल लेने दिए और फील्ड में प्रोटेक्टिव इंटेंट की कमी दिखी जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल थे। भारतीय क्रिकेट मुश्किल दौर से गुजर रहा है। टीम इंडिया पहली बार अपने घर में न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज हार गई। भारत ने पहला मैच जीता था, लेकिन न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए अगले दो मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। खास बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस सीरीज में एक अनुभवहीन टीम उतारी थी। साइमन डूल के साथ बातचीत के दौरान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय फील्डर रिएक्शन देने में धीमे थे और उन्होंने आसानी से सिंगल रन दिए, जिससे न्यूजीलैंड को स्कोरबोर्ड आगे बढ़ाने में मदद मिली।



# विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब विदर्भ ने पहली बार जीता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल मुकाबला रविवार यानी 18 जनवरी, 2026 को विदर्भ और सौराष्ट्र के बीच भिड़ंत हुआ. इस मुकाबले को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड में खेला गया. जिसको विदर्भ ने 38 रनों से अपने नाम किया. वहीं, विदर्भ ने पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता. बता दें कि सौराष्ट्र 2 बार विजय हजारे ट्रॉफी की चैंपियन रह चुकी है. साल 2008 में विजय हजारे ट्रॉफी का पहला सीजन सौराष्ट्र ने ही जीता था. हालांकि, 2025-26 के खिताबी मुकाबले में विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में अथर्व टाइडे, तो गेंदबाजी में यश ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया. आइए जानते हैं खिताबी मुकाबले का कैसा रहा हाल?

खिताबी मुकाबले में सौराष्ट्र ने जीता था टॉस
सौराष्ट्र के कप्तान हार्विक देसाई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. ऐसे में विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना पाई. विदर्भ के सलामी बल्लेबाज अथर्व टाइडे ने शतक लगाते हुए 128 रन की बेहतरीन पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 118 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और 3 छक्के लगाए. वहीं, यश रठौड़ ने अर्धशतक जड़ा और 54 रन बनाए. जिसमें 2 चौके और इतने ही छक्के शामिल थे. इसके अलावा तीसरी सबसे बड़ी पारी अमन मोखड़े ने 33 रनों की खेली. सौराष्ट्र के लिए अंकुर पंवार ने 4 विकेट चटकाए, तो चेतन सकारिया और चिराग जनी ने भी 2-2 विकेट अपने नाम किया.

## फाइनल में 2 बार की चैंपियन सौराष्ट्र को हरा

**सौराष्ट्र फाइनल में 279 रनों पर सिमटी-** विदर्भ द्वारा दिए गए 318 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सौराष्ट्र की टीम 48.5 ओवर में भी सिमट गई. सौराष्ट्र के लिए प्रेरक मांकड़ ने सबसे ज्यादा 88 रन बनाए. मांकड़ ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए थे. प्रेरक मांकड़ के अलावा चिराग जनी ने भी अर्धशतक लगाया. उन्होंने 63 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 64 रनों की पारी खेली. वहीं, विदर्भ के लिए सबसे सफल गेंदबाज यश ठाकुर रहे. यश ठाकुर ने 9.5 ओवर में 50 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए, तो नाचिकेट भूटे ने भी 3 विकेट चटकाने में सफल हुए. जबकि दर्शन नालकंडे को 2 विकेट मिले. वहीं, कप्तान हर्ष दुबे ने भी 1 विकेट झटके.

## संक्षिप्त समाचार

### कई वर्षों के बाद लाभ में आईं बिजली वितरण कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों से कई वर्षों से घाटे में चल रहीं देश की बिजली वितरण कंपनियां आखिरकार लाभ में आ गई हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सभी बिजली वितरण कंपनियों को 2,701 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। बिजली मंत्रालय ने बताया कि राज्य विद्युत बोर्डों के विभाजन और कॉरपोरेटाइजेशन के बाद पिछले कई वर्षों से बिजली वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। वित्त वर्ष 2013-14 में सभी बिजली वितरण कंपनियों का कुल घाटा 67,962 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 25,553 करोड़ रुपये पर आ गया था। कंपनियों के लाभ पर क्या बोले बिजली मंत्री कंपनियों के लाभ पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय है और मंत्रालय द्वारा उठाए गए कई कदमों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपनी वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि विश्व की वृद्धि में भी योगदान दे रहा है। इसमें ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों को लेकर प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था का समर्थन कर सके और विकसित भारत की यात्रा में अपनी भूमिका निभा सके। मंत्रालय ने कहा कि सुधारों का परिणाम न केवल कंपनियों के लाभ से स्पष्ट है, बल्कि अन्य प्रदर्शन संकेतकों में भी इसका असर दिख रहा है। पिछले वर्षों में कंपनियों की एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल (एटीएंडसी) हानियां भी कम हुई हैं। मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2013-14 में एटीएंडसी हानियां 22.62 प्रतिशत थीं, जो 2024-25 में 15.04 प्रतिशत हो गई हैं।

### सीबीआई ने वर्षों से वांछित दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने वित्तीय धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में दस साल से अधिक समय से फरार दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तमन्ना चकमा उर्फ टैमी को 17 मई 2024 को 22 अन्य आरोपितों के साथ 14 साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया था। इस मामले में एजेंसी ने मुआवजे के बिल के गबन की शिकायत के आधार पर असम के सिलचर स्थित एनपीसीसी लिमिटेड के तत्कालीन जोनल मैनेजर यूपी मिश्रा और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### 7 साल की बच्ची से दिलवाया लालच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने कश्मीरी गेट इलाके से अगवा की गई तीन साल की बच्ची को सुरक्षित छुड़ाकर एक बड़े चाइल्ड ट्रैफिकिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। बच्ची को भीख मांगने वाले एक परिवार ने अगवा किया था, जिनकी योजना उसे नेपाल तस्करी करने की थी। पुलिस ने इस मामले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके चंगुल से बच्ची के अलावा भीख मांगने में शामिल दो अन्य नाबालिगों को भी मुक्त कराया घटना 12 जनवरी की है, जब स्ल्बद्दद्भह्न1ह्ल सिनेमा रोड पर दुकान चलाने वाले मुजफ्फर अली की तीन साल की बेटी अचानक गायब हो गई। डीसीपी (उत्तर) राजा बांठिया के मुताबिक, मामला दर्ज होते ही 100 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक 7 साल की बच्ची ने खेल रही बच्ची को बहला-फुसलाकर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचाया, जहां से परिवार उसे लेकर गायब हो गया। पुलिस ने करीब 12 किलोमीटर तक सीसीटीवी और ई-रिक्शा के रूट का पीछा किया।, जो वेलकम इलाके में जाकर खत्म हुआ। आखिरकार शनिवार को यमुना बाजार के हनुमान मंदिर के पास से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 52 साल की नजीमा, उसके 52 साल के पति अनीस और 26 साल के दामाद शमशाद आलम के रूप में हुई है। ये सभी मूल रूप से बिहार के किशनगंज के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने उसी रात अपना किराए का कमरा बदल लिया था। वे बच्ची को नेपाल ले जाने की फिराक में थे।

## यूपीआई से पेमेंट लेकर कैसे परेशानी में फंस रहे दिल्ली के दुकानदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार यूपीआई से भुगतान को प्रमोट कर रही है, लेकिन दिल्ली के व्यापारी ऑनलाइन भुगतान लेकर फंस रहे हैं। साइबर फ्रॉड में शामिल लोग बाजारों में खरीदारी करके दुकानदारों को यूपीआई से भुगतान कर देते हैं, इसके बाद पुलिस व्यापारियों के बैंक खाते सीज कर देती है। दिल्ली के सदर बाजार और कूचा महाजनी के कई दुकानदार इस परेशानी को झेल चुके हैं। हालांकि अब गृह मंत्रालय ने खाते में रकम सीज करने और रकम जारी करने के संबंध में एसओपी जारी कर दी है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि इसमें अभी संशोधन की जरूरत है।

### 'कारोबार प्रभावित हो गया था'

फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि बीते दिनों सदर बाजार में धूपबत्ती के थोक कारोबारी और एक अन्य जनरल मर्चेंट दुकानदार के खाते पुलिस ने सीज कर दिए। इनके खातों में किसी ग्राहक ने यूपीआई से भुगतान किया, पुलिस के मुताबिक उन ग्राहकों ने साइबर फ्रॉड किया है। राकेश यादव ने बताया कि इन दोनों व्यापारियों के खातों में ग्राहकों ने मामूली रकम का ट्रांजेक्शन किया था, लेकिन खाते सीज हो जाने के कारण करोड़ों की रकम ब्लॉक हो गई। इसके कारण उनका लेनदेन और कारोबार प्रभावित हो गया। भागदौड़ और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने के बाद उनके खाते बहाल किए गए।

कूचा महाजनी की ऑल बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल ने बताया कि बीते छह माह में तकरीबन 10 से ज्यादा थोक सर्राफा कारोबारियों के खाते पुलिस ने सीज किए।




पुलिस का दावा था कि जिन ग्राहकों से व्यापारियों ने ऑनलाइन पैसा लिया वे साइबर फ्रॉड शामिल रहे हैं। पुलिस से जानकारी की तो पता चला कि पुलिस ने पूरी चेन में करीब 7 खाते सीज किए हैं। इसके बाद कोर्ट के आदेशों का हवाला देकर बड़ी मुश्किल से खाते बहाल कराए गए और दुकानदार अपने खातों से लेनदेन कर पाए। तकरीबन दो महीने की अवधि में दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

### एसओपी सही, लेकिन व्यापारियों को राहत नहीं

गृह मंत्रालय की ओर से साइबर धोखाधड़ी मामलों में जारी एसओपी को व्यापारियों ने आंशिक रूप से सही बताया है, लेकिन इसे राहत के लिहाज से नाकाफी माना है। सदर बाजार के व्यापारी राकेश यादव का कहना है कि एसओपी में अधिकांश प्रावधान पहले ही अदालतों के आदेशों में शामिल हैं। 90 दिनों तक खाता फ्रीज रखना व्यावहारिक नहीं है, इससे कारोबार ठप हो जाता है। अवधि 15 दिन की होनी चाहिए।

## और बिगड़ने वाला है मौसम, कंपाने वाली ठंड में बारिश के आसार, बर्फबारी भी होगी

### ● तापमान में किस तरह का आएगा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के उत्तरी हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बरकरार है, जिसके चलते कश्मीर में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आई और पंजाब के अमृतसर में पारा 1.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके मुताबिक, 21 जनवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक यह बारिश/बर्फबारी काफी जगहों पर फैल जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जनवरी को कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल के ऊंचे इलाकों में कहीं-कहीं भारी बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तराखंड में 21 और 22 को हल्की बारिश/बर्फबारी होगी, जो 23-24 को ज्यादा जगहों पर हो सकती है। 22 से 24 जनवरी के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। 22-23 को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में और 23-24 को उत्तराखंड में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

न्यूनतम तापमान में अगले 4 दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत में कोई खास बदलाव नहीं होगा, उसके बाद 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। महाराष्ट्र, गुजरात, पूर्वी भारत और मध्य भारत में भी धीरे-धीरे 2-4 डिग्री तक तापमान बढ़ेगा। देश के बाकी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा। 19-21 जनवरी तक उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार, दिल्ली आदि में सुबह-रात को घना कोहरा रहेगा।



हिमाचल में 19-21 और ओडिशा में 19 जनवरी को कुछ जगहों पर ठंडी हवाओं की स्थिति बन सकती है।

हिमाचल प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों में छिटपुट स्थानों पर हल्का हिमपात हुआ। शिमला मौसम कार्यालय ने बताया कि लाहौल और स्पीति जिले के कोक्सर और हंसा गांवों में हल्का हिमपात हुआ, जबकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। हमीरपुर, ऊना और मंडी में भी शीतलहर की स्थिति बनी रही, जहां तापमान क्रमशः 2.1, 2.7 और 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की कि हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में 20 जनवरी तक हल्का हिमपात जारी रहेगा, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

पंजाब में ठंड और कोहरे का प्रकोप

पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा स्थान रहा, वहां न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राज्य के कुछ हिस्सों और पड़ोसी हरियाणा में कड़ाके की ठंड महसूस की गई। होशियारपुर में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की साझा राजधानी चंडीगढ़ में भी रात का तापमान सामान्य से दो डिग्री कम यानी 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पटियाला और फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 5.8 डिग्री सेल्सियस और बठिंडा में 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## 4 साल में तैयार होगी 3 नई मेट्रो लाइन, दिल्ली के किन इलाकों को होने जा रहा फायदा

### ● सीएम ने कहा- भविष्य की जरूरतों के अनुरूप व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार ने राजधानी में मेट्रो नेटवर्क को और आगे बढ़ाने के लिए अहम निर्णय लिया है। दिल्ली में मेट्रो फेज-4 के तीन नए कॉरिडोर पर जल्द ही काम शुरू होगा। इसके लिए सरकार ने अपने हिस्से का 3,386.18 करोड़ का फंड जारी कर दिया है। मेट्रो फेज-4 के इन तीन नए कॉरिडोर की लंबाई 47.225 किलोमीटर होगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 14,630.80 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें से 3,386.18 करोड़ रुपये की धनराशि दिल्ली सरकार वहन करेगी। सीएम रेखा गुप्ता का कहना है कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों को बेहतर मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और मजबूत होगी। मेट्रो का बढ़ता नेटवर्क प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फेज का निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। दिल्ली सरकार ने बताया कि इन कॉरिडोर के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। कुछ पर काम शुरू हो चुका है। इन सभी कॉरिडोर के चार वर्ष में बनकर तैयार होने की संभावना है। तीनों



मेट्रो कॉरिडोरों के निर्माण से दिल्ली के उत्तर, मध्य और दक्षिणी हिस्सों के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर क्षेत्रों को बेहतर मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, यात्रियों के समय की बचत होगी और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मेट्रो फेज-4 के ये तीनों कॉरिडोर दिल्ली को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और मजबूत सार्वजनिक परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराएंगे। इन परियोजनाओं से यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक यात्रा सुविधा तो मिलेगी ही, निजी वाहनों पर लोगों की निर्भरता कम होगी और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक बनने वाले कॉरिडोर पर 8,399.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें 1,987.86 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार वहन करेगी। तीसरा कॉरिडोर रिठाला से कुंडली तक प्रस्तावित है। इसपर कुल 6,230.99 करोड़ रुपये लागत आएगी। इस परियोजना में 1,398.32 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार देगी। दिल्ली और हरियाणा मिलकर 5,685.22 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। 8.385 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। मेट्रो लाजपत नगर, एंड्रूज गंज, जीके-1, चिराग दिल्ली, पुष्प भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पुष्प विहार इलाकों से होकर गुजरेगी।

## जज ने डॉक्टर पत्नी और सास-ससुर के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में कार्यरत एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपनी डॉक्टर पत्नी और सास-ससुर के



खिलाफ ग्रेटर नोएडा में एफआईआर दर्ज कराई है। मजिस्ट्रेट ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में पत्नी और सास-ससुर पर धन उगाही की मंशा से विवाह करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा सेक्टर-151 जेपी ग्रीन अमन निवासी राहुल आनंद वर्तमान में सुल्तानपुर जिले में न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सुषमा रानी पेशे से डॉक्टर हैं, जो वर्तमान में बरेली में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में नौकरी कर रही हैं। सुषमा जेपी ग्रीन गोल्फ सिटी-1 सेक्टर-4 की रहने वाली हैं।

## स्पेन में भीषण रेल हादसा, दो ट्रेनों की जोरदार टक्कर

**कोर्डोबा, एजेंसी।**
स्पेन में भीषण रेल हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई और 75 घायल हैं। कोर्डोबा के पास एडमुज गांव के नजदीक यह दुर्घटना हुई। मलागा से मैड्रिड जा रही निजी कंपनी इर्यो की हाई-स्पीड ट्रेन का पिछला हिस्सा अचानक पटरी से उतर गया। इसके बाद यह दूसरी दिशा से आ रही ट्रेन से टकरा गई। हादसा रविवार शाम 7:45 बजे हुआ, जिसमें पहली ट्रेन में लगभग 300 और दूसरी में 200 यात्री सवार थे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंटे ने मौतों की संख्या 21 बताई। उन्होंने कहा कि सभी जीवित बचे लोगों को निकाल लिया गया है, हालांकि कुछ और शव बाकी हो सकते हैं। आंदालूसिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष जुआनमा मोरेनो ने बताया कि 75 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें 15 की हालत गंभीर है। बचावकर्मी पूरी रात मलबे से शव निकालने में जुटे रहे। यह हादसा बेहद असामान्य बताया जा रहा है क्योंकि यह सपाट और हाल ही में



मई में नवीनीकृत ट्रैक पर हुआ। पटरी से उतरने वाली ट्रेन चार साल से कम पुरानी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेनफे ट्रेन के पहले दो डिब्बे पटरी से उतरकर 4 मीटर नीचे ढलान पर जा गिरे, जिससे उसके आगे के हिस्से को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। एक यात्री और पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज ने बताया कि क्षण भर में ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। यात्रियों ने इमरजेंसी हैमर से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की। घटनास्थल दूरदराज होने के कारण पहुंचना मुश्किल था, फिर भी स्थानीय लोग कंबल और पानी लेकर मदद के लिए पहुंचे। स्पेनिश सेना, रेड क्रॉस और अन्य एजेंसियों ने बचाव अभियान में हिस्सा लिया। स्पेन में यूरोप का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसमें 3100 किलोमीटर से अधिक ट्रैक हैं। यह काफी सुरक्षित माना जाता है। 2024 में रेनफे की हाई-स्पीड ट्रेनों में 2.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, राजा फेलिप वीआई और रानी लेटिजिया ने शोक व्यक्त किया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी संवेदना जताई। जांच में एक महीने तक लग सकता है।

## बालेन शाह से गगन थापा तक दौड़ में

### आम चुनाव में पूर्व पीएम ओली के लिए चुनौती बनेंगे युवा नेता

**काठमांडो , एजेंसी।**
नेपाल में कड़ाके की ठंड के बावजूद चुनाव प्रचार ने सियासी गर्मी बढ़ा रखी है। तीन राजनीतिक दलों ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनावों के लिए अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने हाल ही में अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को आधिकारिक तौर पर अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

वहीं नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस और नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अपने-अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों को 50 वर्ष से कम आयु का घोषित किया है। बीते



सप्ताह 49 वर्षीय गगन थापा नेपाली कांग्रेस (एनसी) के अध्यक्ष चुने गए। उनके चुनाव के तुरंत बाद पार्टी के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा ने एलान किया कि थापा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता चरण प्रसाई ने कहा, 'नेपाली कांग्रेस के सक्रिय नेता गगन थापा, जो जेन जी के युवाओं की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं, का अध्यक्ष पद पर चुनाव होने से वर्तमान चुनावी परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है।' हालांकि, नेपाली कांग्रेस के एक अन्य गुट, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा कर रहे हैं, ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें थापा के नेतृत्व वाले गुट को आधिकारिक तौर पर वास्तविक राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में मान्यता दी गई है।इंजीनियर और गायक से राजनेता बने 35 वर्षीय बालेंद्र शाह 2022 में भारी बहुमत से काठमांडो महानगरपालिका के महापौर चुने गए थे।

## वेनेजुएला से मचाडो की सुरक्षित निकासी

**ओस्लो, एजेंसी।**
वेनेजुएला की विपक्षी नेता और 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो का अपने देश से सुरक्षित निकास का ड्रामाई वीडियो सामने आया है, जिसमें दिखता है कि कैसे एक अमेरिकी टीम की मदद से उन्होंने खतरों से भरा सफर तय किया और नॉर्वे पहुंचीं।

मारिया मचाडो दिसंबर में वेनेजुएला से निकलकर नॉर्वे की राजधानी ओस्लो गई थीं, जहां उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना था। यह पुरस्कार उन्हें लोकतंत्र और मानव अधिकारों के लिए उनके संघर्ष के लिए दिया गया था। वीडियो में दिखता है कि मचाडो कारिबियन सागर के किनारे एक छोटी नाव पर थीं, जहां उन्होंने अमेरिकी विशेष बल के अनुभवी सदस्य ब्रायन स्टर्न और उनकी टीम से मुलाकात की। इसके बाद वह दूसरी नाव में बैठती हैं और कैमरे से कहती हैं 'मैं मारिया कोरिना मचाडो हूं। मैं जीवित हूं, सुरक्षित हूं और ग्रे बुल टीम की मदद के लिए बेहद आभारी हूं।' ग्रे बुल रेस्क्यू नाम की यह अमेरिकी टीम कई घंटों की कठिन नौकायन के बाद मचाडो को



बचाकर सुरक्षित निकालने में सफल रही। इस राह में उन्होंने अंधेरे और खतरनाक समुद्री हवाओं का सामना भी किया। मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला में चुनावों में भाग लेने से रोका गया था और उन्हें अपने देश में डर का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वे लगभग एक साल तक गुप्त रूप से छिपी रहीं। इस बचाव अभियान के कुछ हफ्तों बाद अमेरिकी बलों ने रात के ऑपरेशन में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया।

## भारतीय मूल का कपल गिरफ्तार

## मामा के और पॉप... में कोड नेम से चल रहा था सेक्स रैकेट

**वर्जीनिया, एजेंसी।**
अमेरिका के वर्जीनिया में संघीय और स्थानीय अधिकारियों ने एक बड़े आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मोटल पर छापा मारने के दौरान भारतीय मूल के पति-पत्नी कोशा शर्मा और तरुण शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इन पर मोटल रेड कार्पेट इन में सेक्स और मादक पदार्थों की तस्करी का रैकेट चलाने का आरोप है।

इस आपराधिक गिरोह के सदस्य तरुण शर्मा को मामा के और कोशा शर्मा को पॉप के नाम से जाना जाता था। पुलिस के अनुसार, कोशा वेश्याओं और ड्रग्स की तलाश करने वाले लोगों को तीसरी मंजिल पर रखती थी और पुलिस के आने पर उन्हें सतर्क कर देता थी। वह अक्सर अधिकारियों को कमरों में प्रवेश करने से



रोक देती थी। उत्तरी वर्जीनिया के संघीय वकीलों के अनुसार, 52 वर्षीय कोशा शर्मा और 55 वर्षीय तरुण शर्मा पर आरोप है कि वे अपने रेड कार्पेट इन होटल की तीसरी मंजिल का इस्तेमाल मादक पदार्थों की बिक्री और वेश्यावृत्ति के लिए करते थे, जबकि निचली मंजिलों पर मेहमान रखते थे।

गोपनीय जांच के बाद संघीय और स्थानीय एजेंटों ने आपराधिक गतिविधियों के केंद्र में स्थित एक मोटल पर छापा मारा। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, मई 2023 से, कोशा शर्मा उर्फ मा या मामा के, और तरुण शर्मा उर्फ पॉप या पा, और कोशा एलएलसी, जो रेड कार्पेट इन के नाम से मोटल को पट्टे पर लेकर संचालित किया था। आपराधिक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाहित कोशा और तरुण शर्मा ने मोटल से वेश्यावृत्ति और नशीली दवाओं का रैकेट चलाने की अनुमति दी और अवैध गतिविधियों से होने वाले मुनाफे में हिस्सा लिया। इस छापेमार कार्रवाई के दौरान तीन अन्य लोगों, मार्गो पियर्स, जोशुआ रेडिक और रशार्ड स्मिथ को भी गिरफ्तार किया गया। हो सकती है 10 साल की सजा

पुलिस के अनुसार, पांचों आरोपियों पर फेंटानिल समेत प्रतिबंधित पदार्थों के वितरण की साजिश रचने का आरोप है। दोषी पाए जाने पर उन्हें कम से कम 10 साल की जेल की सजा भुगतनी होगी।

# केआइएसएस भुवनेश्वर की तर्ज पर बोकारो में राष्ट्रीय स्तर के विद्यालय की होगी स्थापना

## उपायुक्त, बीएसएल डायरेक्टर इंचार्ज एवं कलिंगा स्कूल आप सोशल स्टडिज के फाउंडर मेंबर पुनित प्रधान के साथ विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केआइएसएस (कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) भुवनेश्वर की तर्ज पर बोकारो में राष्ट्रीय स्तर के विद्यालय की स्थापना की जाएगी। यह विद्यालय बोकारो स्टील सिटी (बीएसएल) क्षेत्र में प्रस्तावित है। यह पहल उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर की जा रही है।

**उपायुक्त – डीआइ आदि के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक**

इस संबंध में सोमवार को बोकारो निवास सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज प्रिय रंजन, केआइएसएस - केआइआइटी के सलाहकार/निदेशक पुनित प्रधान, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विद्यालय की स्थापना, भूमि उपलब्धता, आधारभूत संरचना एवं संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

**25 – 30 एकड़ भूमि चिन्हित करेगा बीएसएलः डीआइ**

बैठक में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज (डीआइ) प्रिय रंजन ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन विद्यालय स्थापना के लिए पूर्ण सहयोग करेगा। उन्होंने सहमति जताई कि बीएसएल बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में 25 से 30 एकड़ भूमि चिन्हित करने का कार्य करेगा। ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**केआइएसएस भुवनेश्वर की अध्ययन यात्रा होगी**

विद्यालय की रूपरेखा, शैक्षणिक मॉडल एवं संचालन व्यवस्था को समझने के उद्देश्य से फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिला प्रशासन एवं बीएसएल की संयुक्त टीम केआइएसएस भुवनेश्वर की अध्ययन यात्रा करेगी। इस अध्ययन यात्रा के माध्यम से वहां के सफल मॉडल को बोकारो में लागू करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी योजना8**

यह प्रस्तावित राष्ट्रीय स्तर का विद्यालय न केवल बोकारो बल्कि पूरे झारखंड के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विशेषकर वंचित एवं आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, खेल एवं समग्र विकास के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

**शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त आधार बनेगा यह परिसर**

प्रस्तावित विद्यालय की सुदृढ़ एवं आधुनिक भवनात्मक संरचना बोकारो एवं झारखंड के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करेगी। विशेष रूप से वंचित एवं आदिवासी वर्ग के छात्रों के लिए यह परिसर शिक्षा, आवास और सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार बनेगा।

# उपायुक्त ने मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय एवं गुरुजी रात्रि पाठशाला का किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिसर स्थित मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय एवं आदिवासी जनजीवन के अध्ययन पर केंद्रित 247 गुरुजी रात्रि पाठशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केआइएसएस-केआइआइटी के सलाहकार/निदेशक पुनित प्रधान भी उपस्थित थे।

**गुरुजी रात्रि पाठशाला के संचालन को लेकर हुई चर्चा**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने गुरुजी रात्रि पाठशाला के वर्तमान संचालन एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के अध्ययन वातावरण को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर बल दिया।

**छात्रावास निर्माण को लेकर दी जानकारी**

मौके पर उपायुक्त ने परिसर में उपलब्ध खाली स्थान पर जी-फाइव छात्रावास के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव एवं आगे की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रावास निर्माण से विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा मिलने के साथ-साथ अध्ययन में भी सहूलियत होगी।

**पुस्तकालय संचालन की स्थिति की समीक्षा**

उपायुक्त ने पुस्तकालय के संचालन से संबंधित जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा से प्राप्त की। इस दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों, पुस्तकों की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुस्तकालय में फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक अधिष्ठापन कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही, पुस्तकालय एवं रात्रि पाठशाला के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक ङ्ग शिक्षिकाएं और पुस्तकालय के कर्मी उपस्थित थे।

# 'जल सेवा आकलन' को लेकर पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सेवा आकलन के तहत जलापूर्ति की नियमितता, गुणवत्ता, संचालन एवं रखरखाव, जल संरक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं पर ग्रामीणों के साथ व्यापक चर्चा हेतु बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम-पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य समुदाय द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं को सफल एवं टिकाऊ बनाना रहा।

**अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय रही सहभागिता**

चास के माराफारी (पुनर्वास) एवं नरकेरा पंचायत में ग्राम सभा ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, चास प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम, कनीय अभियंता, यूनिसेफ सहयोगी, आडीएफ टीम के डिस्ट्रिक्ट लीड एवं उनके सहयोगी, प्रखंड वास कोऑर्डिनेटर सहित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जलसहिया, वार्ड मेंबर, आंगनबाड़ी सेविका, सोशल वर्कर, पम्प ऑपरेटर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। माराफारी पंचायत में आयोजित ग्राम सभा के दौरान उप-विकास आयुक्त द्वारा एमवीएस योजना के सफल संचालन एवं रखरखाव तथा नियमित रूप से समय पर जल शुल्क जमा करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, बेरमो प्रखंड के कुरपनिया एवं गोविंदपुर-ए पंचायत, नवाडीह प्रखंड की चिरुडीह पंचायत, गोमिया प्रखंड के कोड़ोवाटांड पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित क्षेत्र के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता, प्रखंड वास कोऑर्डिनेटर, मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया, पम्प ऑपरेटर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**जल संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता पर दिया गया संदेश**

सभी ग्राम सभाओं में जल की बचत, नियमित जल शुल्क भुगतान, योजनाओं के रखरखाव एवं समुदाय की सक्रिय भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से जल जीवन मिशन को सफल बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के विरोध में आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मामरकुदर मोड़ को स्थानीय लोगों ने जाम कर दिया। मामरकुदार मोड़ स्थित तुरी टोला में रहने वाले सहिस समुदाय के लोगों को घर में घुसकर मारपीट करने के कारण सड़क जाम किया गया। जानकारी के मुताबिक कल तियाडा में ग्रामीण मेला लगा था। इस दौरान सहिस समाज के लड़कों और भूमिहार समाज के लड़कों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद पहले मारपीट हुई। उसके बाद कल तुरी समाज के लोगों ने बैजनाथ शर्मा नाम के एक युवक की पिटाई कर दी। जिस आक्रोश के बाद आज सभी लोग तुरी टोला पहुंचकर लोगों के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना के बाद सहिस समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया और सड़क को जाम कर दिया। हालांकि पुलिस मामले को सुलझाने में जुटी हुई है।



### कृषकों को पांच दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु किया गया रवाना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन - दलहव योजना के अंतर्गत 50 कृषकों को अंतरराज्यीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत भोपाल में स्थित केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, एवं भारतीय मृदा अनुसन्धान संस्थान में पांच दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु भेज गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि इस तरह के भ्रमण के मुख्य उद्देश्य नई कृषि पद्धतियों, सिंचाई तकनीकों, और मिट्टी प्रबंधन के बारे में सीखना, उन्नत कृषि उपकरणों और मशीनों (जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर) का उपयोग समझना, दुधारू पशुओं (गाय, भैंस) की बेहतर नस्लों और उनके प्रबंधन की जानकारी लेना, किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई रणनीतियाँ सीखना, दूसरे राज्यों के किसानों से बातचीत कर उनके अनुभवों से सीखना है। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत सभी किसान मौजूद रहे।



### गुरुद्वारा परिसर में जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाजसेवी कुंभनाथ सिंह ने जोड़ा फाटक स्थित गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा में मत्था टेका। गुरुद्वारा कमेटी ने कुम्भनाथ सिंह को अंगवस्त्र ओढाकर स्वागत किया गया। सभी के द्वारा गुरुद्वारा सभागार में गुरुकृपा की गुणगान किया गया। जोड़ा फाटक गुरुद्वारा के कमेटी प्रधान व सदस्यों ने कुम्भनाथ सिंह को गुरुद्वारे का इतिहास बता कर समस्त गुरुद्वारा का भ्रमण कराया। कुम्भनाथ सिंह ने कहा मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं। वहीं गुरुद्वारा परिसर में कुम्भनाथ सिंह ने जरूरतमंदों को कंबल बांटा एवं गुरुद्वारा कमेटी के साथ हमेशा सुख-दुख में खड़े रहने की बात कही। सबने मिलकर नारा लगाया जो 'बोले सो निहाल सत श्री अकाल'। कुंभनाथ सिंह का गुरुद्वारा प्रधान रविंद्र सिंह राजपाल, हरजीत सिंह राजपाल सचिव, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा संयुक्त सचिव, भूपेंद्र सिंह खनूजा उपाध्यक्ष, हरविंदर सिंह चावला, राजेंद्र सिंह चावला, सतपाल सिंह, हरभजन सिंह, महेंद्र सिंह, परमजीत सिंह राजपाल (राजा) परमजीत कौर पम्मी , सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह सुरेंद्र, सैंकी सिंह ने गुरुद्वारा में स्वागत- सम्मान किया।




### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती पूजा को लेकर धनसार थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया, बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने किया। सबसे पहले शांति समिति के सम्मानित सदस्यों से अपने विचार और सुझाव लिया गया, थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जबरन चंदा वसूली बर्दास्त नहीं किया जाएगा, सड़कों पर नहीं बने पूजा पंडाल, पूजा समितियां को हर हाल में दो दिनों के अंदर करना होगा मूर्ति विसर्जन, डीजे नहीं बजेगा, सभी पूजा कमेटी को कहा कि शांतिपूर्वक सरस्वती पूजा मनाएं, बैठक में मुख्य रूप से, मदन महतो, कुल्लू चौधरी, राणा चट्टराज, मोंटी सिंह, रणजीत सिंह, इमरान खान, छोटे सिंहा ,तारीख अंसारी, रवि भगत,प्रमोद सिंह, अनिल कुशवाहा, आदि लोग शामिल थे।

### डीएवी में पर्वतारोही एवं साइक्लिस्ट समीरा खान के प्रेरणादायक सत्र का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर-4 में अपने अभियान "मिशन माउंट एवरेस्ट- ग्रामीण बालिका सशक्तिकरण" के तहत भारत की प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं साइक्लिस्ट समीरा खान ने विद्यालय में अपनी उपस्थिति प्रदान कर विद्यालय की छात्राओं को उद्बोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि लड़कियों को लेकर समाज में अनेक भ्रांतियाँ और रूढ़ियाँ हैं जिन्हें तोड़ने के लिए लड़कियों को स्वयं आगे आना होगा और उनके साहस तथा सतत प्रयास से ही यह परिवर्तन संभव है ।लड़कियों को सदा धर्म, रीति- रिवाज, आचार संहिता,जाति, मयार्दा आदी के नाम पर अपना मनपसंद कार्य करने और मार्ग चुनने पर पाबंदी लगा दी जाती है जबकि समाज लड़कों पर यह प्रतिबंध नहीं लगता।

# वाहन जांच में वसूला गया एक लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूपुंकी टोल प्लाजा राष्ट्रीय राज्यमार्ग संख्या- 23 पर चास थाना क्षेत्र पर मोटर वाहन निरीक्षक पदाधिकारी कमल किशोर द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 05 वाहनों से 01 लाख 27 हजार रुपए का जूर्माना लिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश एवं जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज के आदेशानुसार मोटर वाहन निरीक्षक पदाधिकारी कमल किशोर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 05 वाहन से 01 लाख 27 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। मोटर वाहन निरीक्षक पदाधिकारी कमल किशोर के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 34 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 05 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही चास प्रखंड के जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड, सेक्टर- 12 मोड़, बिरसा चौक सहित अन्य चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया।

## पीएसयु में कार्यरत नन एक्स कर्मचारियों की पे रीविजन कमेटी गठित हो : बीएकेएस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने डीपीई सचिव को पत्र लिखकर डीपीई द्वारा पूर्व मे दिए गए नन एक्स कर्मचारियों के लिए पे रीविजन कमेटी गठित करने के लिखित आश्वासन को पूरा किए जाने की मांग की है । डीपीई विभाग द्वारा बीएकेएस यूनियन को पत्र के माध्यम से आश्वासन दिया गया था कि अगले पे रीविजन कमेटी के गठन के दौरान नन एक्स कर्मचारियों के वेतन समझौते को भी ध्यान में रखा जायेगा । पीएसयू में कार्यरत लाखो कर्मचारियो के वेज रीविजन के लिए न तो डीपीई द्वारा स्पष्ट गाईडलाईन जारी किया जाता है तथा न ही पीएसयू प्रबंधन द्वारा समान लाभ दिया जाता है । यूनियन प्रतिनिधियों और पीएसयू प्रबंधन की वेज रीविजन बारगेनिंग प्रक्रिया एक तो खामीं भरा है तथा दूसरी तरफ उससे हमेशा कर्मचारियों को घाटा उठाना पड़ा है ।

# राष्ट्रीय स्कूली गतका प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल के वेदांत को कांस्य



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के ओपन थियेटर में 6 से 11 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय स्कूली गतका प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल, बोकारो के छात्र वेदांत भारद्वाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वेदांत ने फरी सोटी व्यक्तिगत स्पर्धा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के नॉकआउट राउंड में वेदांत ने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 63-59 अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने तेलंगाना के खिलाड़ी को 57-42 अंकों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में वेदांत का सामना जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी से हुआ, जहां उन्हें 82-65 अंकों से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में वेदांत ने मेजबान पंजाब के खिलाड़ी को 42-35 अंकों से पराजित कर पदक पक्का किया। विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. जोशी वर्गीस ने वेदांत को सम्मानित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची तथा स्कूलों के निरंतर प्रयास से बोकारो के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, शैक्षिक निदेशक जॉर्ज जोसेफ, शारीरिक शिक्षा शिक्षक राजेश्वर सिंह, राजीव कुमार, मीनाक्षी कुमारी, वंदना कुमारी, पूनम कुमारी, मोहसिन, सौरभ कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक राज सिन्हा ने किया वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा द्वारा पत्रकारों के सम्मान में बरमसिया, भूदा स्थित मेघा डेयरी परिसर में भव्य वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद के साथ-साथ बोकारो से पधारे पत्रकारों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सभी पत्रकारों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। विधायक राज सिन्हा ने स्वयं उपस्थित होकर सभी पत्रकारों की अगवानी की एवं उनका आत्मीय स्वागत किया। विधायक श्री सिन्हा द्वारा नववर्ष के अवसर पर पत्रकारों को डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके समर्थकों एवं कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित पत्रकारों ने इस स्नेहिल सम्मान एवं आत्मीय आयोजन के लिए विधायक राज सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक राज सिन्हा का वक्तव्य धनबाद विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक राज सिन्हा ने वनभोज सह पत्रकार सम्मान समारोह के अवसर पर कहा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज, शासन और जनता के बीच सेतु बनकर पत्रकार साथी सत्य, निष्पक्षता और जनहित की आवाज को मजबूती से उठाते हैं। धनबाद ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में मीडिया का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सभी पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। आप सभी का मार्गदर्शन और सहयोग हमें जनसेवा के कार्यों को और बेहतर ढंग से करने की प्रेरणा देता है। श्री सिन्हा ने आगे कहा, नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह वनभोज कार्यक्रम केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि आपसी संवाद, सहयोग और सौहार्द को मजबूत करने का प्रयास है। भविष्य में भी पत्रकार साथियों के सम्मान और सहयोग के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। इस अवसर पे धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा सहित जिले के सभी पत्रकार भाई उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में झांकियां रहेंगी आकर्षण का केन्द्र



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। उपरोक्त विषय को लेकर उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने आज डीआरडीए के सभागार में सभी विभागीय पदाधिकारी के साथ विशेष बैठक की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की जा रही झांकी में विभाग से संबंधित राज्य सरकार के उत्कृष्ट संदेश और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचनी चाहिए। दर्शकों पर इसका प्रभाव पड़ना चाहिए। उन्होंने विभाग से संबंधित बैनर, स्लोगन सहित अन्य जानकारी को स्पष्ट एवं आकर्षक रूप से दर्शाने का निर्देश दिया। वहीं कुछ विभागों को लाइव झांकी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाइव झांकी से सरकार का संदेश स्पष्ट रूप से लोगों तक सरलता से पहुंचता है। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, जनसंपर्क, आपूर्ति, परिवहन, गव्य विकास, पीएचईडी, उत्कृष्ट संदेश प्रदान करने वाली तथा आकर्षक झांकी निकालने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

# बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी 2026 को ब्लास्ट फर्नेस विभाग की मुख्य सड़क पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य व्यवहार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया. इस मानव श्रृंखला का प्रमुख उद्देश्य इस्पात कर्मियों एवं ठेका श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व, सतर्कता एवं सामूहिक प्रतिबद्धता की भावना एवं 'सुरक्षा सर्वप्रथम' को और अधिक सशक्त करना था. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) श्री बी. के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री शौविक रॉय, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (ब्लास्ट फर्नेस) श्री धनंजय कुमार सहित महाप्रबंधक श्री मानस सरकार, श्री श्याम सुंदर, श्री महेंद्र कुमार, श्री के. कुमार, श्री किरण मिंज एवं श्री विनय कुमार समेत विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित रहे. मानव श्रृंखला में शामिल प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों एवं नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क एवं कार्यस्थल पर जिम्मेदार, सतर्क एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संदेश दिया. सभी की सहभागिता ने संयंत्र में सुरक्षित, स्वस्थ एवं दुर्घटना-मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति सामूहिक संकल्प को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित किया. उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र अपनी मूल भावना 'सुरक्षा सर्वप्रथम' को निरंतर सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा संस्कृति का सक्रिय सहभागी बनाने के लिए सतत प्रयासरत है. ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संयंत्र 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य की दिशा में अपने प्रयासों को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK